लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -71, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 37.0° अधिकतम तापमान, 20.0° न्यूनतम तापमान — आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। सूर्योदय 05:53, सूर्यास्त 18:29

लखनऊ, रविवार, 7 अप्रैल 2024

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज... 15

उन्नाव : गगन शक्ति-2024 अभ्यास के दौरान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

- कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वापंथी हावी
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठवंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस तो दशकों पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से रोड-शो करके मतदाताओं को लुभाते मोदी दिखे।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट करने की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता पाने के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष जीत का दावा नहीं कर रहा। बल्कि विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। जिन सीटों को कांग्रेस अपना गढ़ मानती थी, वहां भी उम्मीदवार उतारने की हिम्मत नहीं हो रही।

गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।

सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष...

बंगाल में एनआईए टीम पर हमला

वर्ष 2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी जांच एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। जांच एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं की भीड़ ने सुबह 6.20 बजे एनआईए अधिकारियों के वाहन पर हमला कर जमकर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की इस घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के कड़े प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।

- हमले में एक अधिकारी घायल, तोड़फोड़ में एनआईए टीम का एक वाहन क्षतिग्रस्त

जाना और मेइती पर आतंक फैलाने की साजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेब मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया। जांच के दौरान एनआईए ने कई अन्य आरोपियों की भूमिका को उजागर किया था, जिनमें नरूबिला गांव का मनोब्रत जाना और निनारुया अनलबेरिया का बलाई चरण मेइती शामिल है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को कोलकाता में एनआईए की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

बालुरघाट। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

लखनऊ। नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर के अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

बच्चा तस्करी गैंग का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे।

ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी के दौरान, सीबीआई ने 5.5 लाख रुपये नकद और अन्य दस्तावेज जब्त किए। सीबीआई ने गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिशु तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ-साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी भारत भर में शिशुओं की खरीद और बिक्री में शामिल है।

एक नजर

यौन उत्पीड़न में शिक्षक के निलंबन को मंजूरी

नई दिल्ली। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पिछले महीने 22 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। निलंबन आदेश में सक्सेना ने कहा कि उन्होंने सहायक प्रोफेसर को निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न की घटना मेडिकल कॉलेज में हुई थी, इसलिए मेडिकल कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति की सिफारिश के अनुसार आरोपी का केवल स्थानांतरण, छात्रों को भयभीत करने वाले माहौल को कम नहीं करेगा।

उप्र, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार में कई स्थान पर शनिवार को छापे मारे। एनआईए ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली। एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी।

ईडी ने सिसोदिया पर मुकदमे में देरी कराने का आरोप लगाया

- ईडी ने जमानत याचिका का भी किया विरोध
- सिसोदिया को 18 अप्रैल तक जेल से राहत नहीं

नई दिल्ली, अमृत विचार : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यहां एक अदालत के समक्ष आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपी दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में अभियोजन में देरी करा रहे हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए एजेंसी ने यह भी दावा किया कि सिसोदिया नीति का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार थे और उन्हें तथा आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य सदस्यों को 100 करोड़ रुपये की अग्रिम रिश्वत मिली थी।

आप नेता ने राहत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया और मुकदमा शुरू होने में देरी का हवाला दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि "देरी" अभियोजन पक्ष के कारण नहीं, बल्कि आरोपी के कारण हुई है। न्यायाधीश ने इस बीच सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। उन्हें उनकी हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया था।

आतिशी ने ईडी से भाजपा पर कार्रवाई की मांग की

नई दिल्ली। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को ईडी से कथित धनशोधन के लिए भाजपा के नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। आप नेता ने संवाददाता सम्मेलन में निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया। मंत्री ने कहा, महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा, ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है।

मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश में एसटीएफ

पेपर लीक मामला

- डा. शरद से 25 लाख के बदले हुई थी आरओ/ एआरओ प्रश्नपत्र की डील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था।

एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था। आरोपियों ने बताया था कि शरद से प्रश्नपत्र के बदले 25 लाख रुपये की डील हुई थी। शरद अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। वह कहां है? क्या कर रहा है? इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसटीएफ ने शरद की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शरद को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

श्राइन बोर्ड वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थापित करेगा स्वास्थ्य एटीएम

जम्मू, अमृत विचारः श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रा मार्ग पर नौ 'स्वास्थ्य एटीएम' स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एटीएम 10 मिनट के भीतर 50 से अधिक मापदंडों की तुरंत जांच कर सकते हैं, जिनमें रक्तचाप (बीपी), शर्करा, शरीर का तापमान, ऑक्सीजन स्तर, बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स), शरीर में वसा सूचकांक, निर्जलीकरण और नब्ज की गति शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि श्राइन बोर्ड ने स्वास्थ्य एटीएम और कटरा में एक टेलीमेडिसिन स्टूडियो के लिए हेवलेट पैकार्ड एंटरप्राइज के साथ समझौता किया है।

नदी में चार बच्चों सहित पांच डूबे, तीन की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : टिकैतनगर थाना क्षेत्र के चिर्रा गांव के पास सरयू नदी में शनिवार को नहाते समय चार बच्चे व एक युवक डूब गया। डूबने वालों में दो सगे भाई भी थे। युवक चारों बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूदा था और डूब गया। पुलिस ने नदी से तीन शव बरामद कर लिए हैं। वहीं दो लापता बच्चों की तलाश में गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार, चिर्रा गांव निवासी मोहम्मद शकील के दो पुत्र अहमद रजा (15) और अनफासुल रजा उर्फ हमजा (12) के साथ परिवार के महमूद आलम का पुत्र शाफ अहमद (12) और उसका मौसेरा भाई अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के एथर गांव निवासी अयान (10) पुत्र अफसान शनिवार दोपहर गांव से कुछ दूर स्थित सरयू नदी में नहाने गए हुए थे। इस दौरान सभी बच्चे गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। नदी से कुछ दूर नूर आलम (26) पुत्र अब्दुल हेई गेहूं की मड़ाई कर रहा था। डूबते बच्चों की चीख सुनकर नूर आलम बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूद गया और वह भी नदी की धारा में समा गया। आस पास मौजूद लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची और एनडीआरएफ की टीम और गोताखोरों को रेस्क्यू में लगाया। करीब एक घंटे बाद शाफ अहमद और उसके मौसेरे भाई अयान का शव नदी से बरामद कर लिया गया।

तिहाड़ में पूछताछ की याचिका के विरोध में कोर्ट पहुंचीं कविता

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता ने शनिवार को अदालत में सीबीआई की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी।

राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की सीबीआई को शुक्रवार को अनुमति दे दी थी। कविता को ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

वृद्धावस्था पेंशन — वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या व बरेली में वृद्धावस्था लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक

लंबी हुई कतार, एक वर्ष में बढ़ गए नौ लाख पेंशनर्स

राजीव शुक्ला, लखनऊ

46,55,818 लाभार्थी थे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से जून तक

55,68,590 हो गई जनवरी से मार्च 2024 के अंतिम तिमाही में संख्या

> विभाग का प्रयास होता है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्रों को लाभ दिया गया है।
>
> – **कुमार प्रशांत**, निदेशक, समाज कल्याण

अमृत विचारः समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन लेने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक बढ़ गई है। विभाग की ओर से योजना के तहत वृद्धों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। इसकी धनराशि हर तिमाही लाभार्थी के बैंक खाते में जाती है। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष से अधिक आय नहीं होनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून तक तिमाही में पेंशन किस्त भेजने के समय प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी। यह जुलाई से सितंबर तक दूसरी तिमाही में बढ़कर 46,66,083 पहुंच गई। अक्टूबर से दिसंबर तक पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 52,79,288 हो गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से मार्च में भुगतान किया गया तो पात्रों की संख्या 55,68,590 हो गई। पेंशन का लाभ लेने वालों की बुजुर्गों की संख्या प्रतिमाह औसतन 76,064 बढ़ी है।

पेंशन लाभार्थियों की वृद्धि का आंकड़ा

जिला	जून 2023	मार्च 2024
आगरा	50,649	63,477
अलीगढ़	51,604	60,792
अंबेडरकरनगर	113,198	129793
आजमगढ़	142459	172464
अयोध्या	77343	91030
बहराइच	92849	119916
बलिया	104278	125049
बरेली	67358	78469
बस्ती	94042	109073
बाराबंकी	91011	110880

जिला	जून 2023	मार्च 2024
गोरखपुर	128423	157073
हरदोई	102526	125678
जौनपुर	156827	177855
कानपुर देहात	66479	74613
कानपुर नगर	60803	78234
रामपुर	39336	46666
शाहजहांपुर	74,775	89390
उन्नाव	103034	120206
लखनऊ	55759	65931
वाराणसी	83603	102801

एक नजर

चुनावी पाठशाला में किया मतदाताओं को जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चुनाव पाठशालाओं का आयोजन किया जाएगा। चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने बताया कि ऐशबाग, राजेंद्र नगर, यहियागंज, राजाबाजार, तिलक नगर, लेबर कालोनी, मालवीय नगर, चंद्रभानु गुप्त मोती नगर, अंबेडकर नगर, राजाजीपुरम और कुंवर ज्योति प्रसाद क्षेत्र में चुनावी पाठशाला आयोजित की जाएंगी। 13, 20, 27 अप्रैल के अलावा 4 और 11 मई को पाठशाला उक्त क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों में होंगी।

परियोजना स्थलों पर लगाएं सांकेतिक बोर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की निर्माणाधीन परियोजनाओं प्रेरणा स्थल (बसंत कुंज योजना), गौतम बुद्ध पार्क, फ्रेग्नेश पार्क, लजीज गली, फूड कोर्ट व म्यूजियम हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित समय में परियोजना का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

एक सप्ताह में पूरी होगी अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया

प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का परिणाम घोषित करने के लिए निर्वाचन आयोग से मांगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और 9 में मिलेगा प्रवेश

अमृत विचार : पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी हो जाएगी। विद्यालय का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम अभी घोषित नहीं किए गए हैं। विद्यालय समिति ने परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी है।

पिछले वर्ष मुख्यमंत्री योगी की इस महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानमंत्री मोदी ने शुरुआत की थी। 16 मंडलों में यह विद्यालय शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में बिल्डिंग का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बरेली मंडल के बच्चे लखनऊ में और मुरादाबाद मंडल के बच्चे बुलंदशहर के अटल आवासीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। भवन निर्माण का काम पूरा होने के बाद बच्चों को शिफ्ट कर दिया जाएगा। बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि कक्षा 6 से उत्तीर्ण होकर कक्षा 7 में पहुंचे बच्चों की पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नए सत्र में कक्षा 6 और कक्षा 9 में छात्रों को प्रवेश देने के लिए परीक्षा परिणाम का इंतजार है।

यूनिफॉर्म की बिड प्रक्रिया भी पूरी

बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि बच्चों की यूनिफॉर्म, जूते और कॉपी-किताबों समेत सभी आवश्यक सामान के लिए बिड प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसके लिए भी अनुमति ली गई है। अनुमति मिलते ही इसके भी टेंडर खुल जाएंगे और सामान छात्रों में वितरित किया जाएगा। जिन स्थानों पर शिक्षकों की कमी थी, उसके लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इन्हें जल्द नियुक्त किया जाएगा।

प्रत्येक विद्यालय में 280 छात्रों का चयन

अटल आवासीय विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के साथ ही कोरोना काल में अपने माता-पिता को गंवाने वाले बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 और 9 में 140-140 बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। कुल सीटों के स्थानों में 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग, 21 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का भी प्रावधान है।

आठ वर्षों से फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ ने प्रयागराज के मऊआईमा के पास किया गिरफ्तार

अमृत विचार : एसटीएफ ने शनिवार को 50 हजार के इनामी अपराधी संतोष सिंह को प्रयागराज के मऊआईमा से गिरफ्तार कर लिया है। संतोष सिंह उन 12 अभियुक्तों में से एक है, जो 2016 में न्यायालय में पेशी के दौरान फरार हुए थे। एसटीएफ के पुलिस उपाधीक्षक विमल सिंह के नेतृत्व में अभियुक्त संतोष सिंह की लंबे समय से तलाश की जा रही थी।

अभियुक्त संतोष सिंह की तलाशी के दौरान ही एसटीएफ को विगत दिनों सूचना मिली कि संतोष विभिन्न आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। इस दौरान एसटीएफ द्वारा सूचनाएं भी संकलित की जा रही थीं। संतोष पर 50 हजार का इनाम भी रखा गया था। शनिवार को एसटीएफ टीम को जानकारी मिली कि संतोष सिंह मऊआईमा पहुंच रहा है। इस जानकारी पर टीम ने उसे वहीं गिरफ्तार कर लिया। मौके पर संतोष के पास 315 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस, एक फोन भी बरामद किया गया है।

इटावा के पूर्व सांसद प्रेमदास, वीर सिंह साधना मिश्रा समेत कई भाजपा में शामिल

कांग्रेस, सपा व बसपा के कई पूर्व सांसदों व पूर्व विधायकों को ब्रजेश पाठक ने दिलाई सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

पार्टी मुख्यालय पर विभिन्न दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

▸▸ भाजपा में शामिल होने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई निकायों के अध्यक्ष

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, सपा व बसपा को झटका देते हुए कई पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई एनजीओ संचालक भी भाजपाई हो गये।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कराई। इसमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रेमदास कठेरिया (इटावा), पूर्व मंत्री सपा नेता डॉ. केसी पाण्डेय (गोरखपुर), पूर्व मंत्री सपा नेत्री साधना मिश्रा (बरेली) अनूपशहर, बुलन्दशहर से पूर्व विधायक गजेन्द्र सिंह, बसपा से पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय (फतेहपुर), सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर), बसपा के पूर्व विधायक वासुदेव सिंह बाबा (बुलन्दशहर) और पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव (आजमगढ़) शामिल रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइये। प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लेकर जाइये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए दिया है। प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है।

भाजपा में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव व लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेन्द्र प्रताप सिंह गौतम (फतेहपुर), सपा के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शम्भु दयाल दोहरे (इटावा), सपा लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव आदित्य शुक्ल (गोरखपुर), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी डॉ. सीएस धनगर (मथुरा), जनअधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आईपी कुशवाहा (बांदा), राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा फाउन्डेशन रजत सिंह (मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव सेवा आश्रम राजकुमार सिंह (मऊ), राष्ट्रीय अध्यक्ष जनहित किसान पार्टी श्याम सुन्दर दास चौरसिया (महराजगंज), प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पासी महासभा राजू सरोज (कानपुर), नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार (फर्रूखाबाद), नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष विद्यादेवी (हरदोई), नगर पंचायत अध्यक्ष अपूर्वा सिंह(आजमगढ़), सपा नगर पंचायत अध्यक्ष मूलचन्द्र सोनकर (बांदा), ब्लाक प्रमुख यशवंत शर्मा (आजमगढ़), बसपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित (हमीरपुर), सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधुचन्द्रा (बदायूं) सपा से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा मौर्या (बदायूं) ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, सदस्य राज्यसभा मिथलेश कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

स्थापना दिवस पर भाजपा ने लिया वैभवशाली राष्ट्र निर्माण का संकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रदेश में 1.63 लाख बूथों समेत भाजपा के कार्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल समेत 1.63 लाख बूथों पर मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण, अन्त्योदय लक्ष्य के साथ वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वज फहराकर बधाई देते हुए नींव तैयार करने वाले महान विभूतियों को नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन करने के बाद अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। शनिवार को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यालयों तथा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया। मिठाई बांटकर बधाई दी और अन्त्योदय पथ पर चलने का संकल्प लिया। मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर घर-घर कार्यकर्ता पहुंचे और प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख तथा स्थानीय नागरिकों के बीच पार्टी के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई।

प्रियंका गांधी सहारनपुर में जल्द करेंगी रोड शो

अमृत विचार, लखनऊ: प्रत्याशियों के पक्ष में भाजपा की ताबड़तोड़ जनसभाओं के बाद अब कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में उतरेंगी। प्रियंका के सहारनपुर में रोड शो की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही, प्रचार में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व अन्य स्टार प्रचारक उतरेंगे।

इंडिया गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 14 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज सीट के प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है। पहले व दूसरे चरण की सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की ओर से रोड शो व जन सभाओं की मांग शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशियों की मांग के अनुरूप चुनाव प्रचार कार्यक्रम पर मंथन शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, स्टार प्रचारकों के जनसभाएं करने को लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

3,910 शस्त्र लाइसेंस किए निरस्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई में 3,910 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। इन्हें जमा करा लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से पांच अप्रैल तक पुलिस विभाग के जरिये अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये हैं। निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 18,83,558 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस जारी की गई, 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग की ओर से 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066 .5 किग्रा विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किये गये।

प्रदेश में प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक कुल 113 .26 करोड़ रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार और नकदी जब्त की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अब तक 71,16,499 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश देते अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा। अमृत विचार

मतदाताओं को समय से पहुंचाई जाए सूचना पर्ची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

▸▸ सूचना पर्ची पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को ही दी जाए

अमृत विचार : पहले चरण के चुनाव के लिए मतदाताओं को समय से मतदाता सूचना पर्ची उपलब्ध कराई जाए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निर्देश दिए। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सभी सीटों पर पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची समय से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ घर-घर जाकर शत प्रतिशत मतदाता सूचना पर्ची पहुंचाने का कार्य करें। बीएलओ द्वारा मतदाता सूचना पर्ची पहुंचाने के कार्य की समीक्षा कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाए। मतदाता सूचना पर्ची पंजीकृत मतदाता को या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को रजिस्टर पर हस्ताक्षर कराने के बाद दी जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में वोटर गाइड भी दी जाए।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदाता सूचना पर्ची व वोटर गाइड के वितरण के संबंध में समय से आख्या प्रस्तुत करेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट वितरित मतदाता पर्चियों व वोटर गाइड की सभी बूथों पर सैम्पल चेकिंग करेंगे व कोई गलती पाये जाने पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सूचित करेंगे। सभी बीएलओ वितरण संबंधी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीन कुमार लक्षकार, निधि श्रीवास्तव, कुमार विनीत आदि उपस्थित रहे।

युवा पूरी ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव में करें मतदान : संजय

मतदान प्रतिशत बढ़ाकर राजनाथ को पांच लाख के अंतर से जिताएं

बूथ युवा सम्मेलन के दौरान पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत की युवा शक्ति का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। युवाओं को पूरी ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान करना है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार प्रत्येक बूथ पर 370 वोट अधिक डलवाते हुए राजनाथ सिंह को पांख लाख के अंतर से जितवायें।

उक्त बात बूथ युवा सम्मेलन में में भाजपा के प्रदेश महामंत्री और अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने कही। उन्होंने नमो एप के माध्यम से माइक्रोडोनेशन करने और करवाने के लिए भी युवाओं को प्रेरित किया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में युवाओं का अहम योगदान है। युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ हैं। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि लगातार युवाओं के सशक्तिकरण के लिए भी केंद्र और प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि युवाओं के लिए किया जा रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि सभी नव मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

इस दौरान मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, युवा मोर्चा प्रभारी प्रदेश मंत्री शिवेंद्र विक्रम शाही, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, युवा मोर्चा महामंत्री अभिषेक गुप्ता, अमित त्रिपाठी, उपाध्यक्ष संजय शुक्ला, सोशल मीडिया संयोजक सचिन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

घर-घर जाकर बांटे जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी ने स्थापना दिवस पर घर-घर जाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक बांटे। पार्टी का ध्वज फहराने के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया।

मंत्री, विधायकों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बूथ स्तर पर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठकें की गईं। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य मे बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कैंट मंडल 3 की बूथ संख्या 29 पर, मंत्री जेपीएस राठौर ने मध्य मंडल 3 की बूथ संख्या 75 पर, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने उत्तर मंडल 5 की बूथ संख्या 316 पर, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ बूथ संख्या 311 पर, नीरज सिंह ने पूर्व मंडल 1 की बूथ संख्या 344 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने मध्य विधानसभा में बूथ संख्या 238 और 5 पर और बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय ने मध्य मंडल में रफी अहमद किदवई वार्ड की बूथ संख्या 338 पर और उत्तर मंडल 3 में डालीगंज निराला नगर वार्ड की बूथ संख्या 160 पर बूथ कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की और अगामी लोकसभा चुनाव में लखनऊ से पार्टी प्रत्याशी राजनाथ सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

लड़ाकू विमान की लैंडिंग पर अखिलेश यादव ने कसा तंज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आगरा एक्सप्रेस वे पर लड़ाकू विमान सुखोई की लैंडिंग पर सपा के अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में निर्मित एक्सप्रेस-वे में उन्नाव के पास हवाई पट्टी बनायी गयी थी, जिस पर आज भी लड़ाकू विमान मिग, सुखोई अभ्यास कर रहे हैं।

उन्होंने शनिवार को जारी बयान में कहा कि, यह एक्सप्रेस-वे देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण सिर्फ 22 महीने में हुआ था। सपा प्रमुख ने बताया कि सपा सरकार ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भी सुल्तानपुर के पास लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी का निर्माण डिजाइन किया था। पूरे देश में एक्सप्रेस-वेज पर जो सेना के लड़ाकू विमानों के लिए दो हवाई पट्टियां बनी हैं, वह भी सपा सरकार की उपलब्धि है। भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती है।

परेशानी बताने ट्रैक्टर से सपा कार्यालय पहुंचा किसान

अमृत विचार, लखनऊ : सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार ने हमेशा किसानों के हित में बड़े फैसले लिये हैं। सपा अपने घोषणा-पत्र में किसानों के मुद्दों को प्राथमिकता देगी। यह बात उन्होंने शनिवार को गाजीपुर के किसान प्रदीप यादव से पार्टी कार्यालय में कही, प्रदीप यादव मंसूरपुर सैदपुर गाजीपुर से ट्रैक्टर से चल कर लखनऊ आये थे। उन्होंने सपा प्रमुख को बताया कि भाजपा सरकार में किसानों को फसलों की कीमत नहीं मिलती है। खेती-किसानी घाटे का सौदा हो गया है।

प्रदेश में साझेदार तलाश रहा कोरिया का बड़ा मीडिया समूह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ इन्वेस्ट यूपी ने की कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी

▸▸ नए बिजनेस वेंचर्स तलाशने को कोरियाई इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन बनाएगा कोरिया-इंडिया इकोनॉमिक फोरम

अमृत विचार : द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने और प्रदेश में निवेश की राह तलाशने के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त और इन्वेस्ट यूपी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में प्रौद्योगिकी, मीडिया, रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा तथा संधारणीय विकास परियोजनाओं सहित अन्य संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में अपने परिचालन का विस्तार करने और राज्य की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए यहां की बाजार क्षमता और कुशल जनशक्ति का लाभ उठाने में रुचि जताई। कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उप्र में बिजनेस वेंचर्स के नए अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से भारत और कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के मध्य भारत-कोरिया इकोनामिक फोरम की स्थापना करने की इच्छा व्यक्त की।

बता दें कि कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के पास 400 कोरियाई कंपनियों का नेटवर्क उपलब्ध है। हेराल्ड मीडिया ग्रुप, 1953 में स्थापित एक प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई समूह है जो मीडिया, शिक्षा और जीवन शैली जैसे क्षेत्रों में अग्रणी रहा है। कोरियाई प्रतिनिधिमंडल में हेराल्ड मीडिया ग्रुप से रणनीति और व्यापार विभाग के निदेशक होंग किल-योंग, देवू ग्लोबल बिजनेस ग्रुप के वरिष्ठ उपाध्यक्ष यंग-मिन आरवाईयू और कोरिया हेराल्ड के पत्रकार डॉ. संजय कुमार शामिल थे।

कोरिया के हेराल्ड मीडिया ग्रुप और देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल के साथ औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश।

कोरियाई कंपनियों को किया आमंत्रित : शासन के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने हेराल्ड मीडिया समूह के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल और निवेशक-अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला और कोरियाई कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी और निवेश के लिए आमंत्रित किया।

इसी तरह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष निवेश और व्यापार सहयोग की सुविधा के लिए राज्य सरकार के समर्थन को दोहराया।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

27वां रोजा

शिया
सहरी : 4:17 बजे
इफ्तार : 6:38 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:24 बजे
इफ्तार : 6:29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- उर्दू अकादमी में राजेश्वरी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से जय शंकर मिश्र और रश्मि शील की पुस्तकों का विमोचन- 2:30 बजे।
- आयोध्या रोड, नीलगिरी चौराहा स्थित रवींद्र भवन में अखिल भारतीय शाकद्वीपीय ब्राहमण महा सभा के तत्वावधान होली मिलन एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन- 12:30 बजे।
- होटल रेगनैट, निरालानगर में मिस और मिसेज यूपी क्वीन ऑफ एक्सीलेंस सीजन-2 के ग्रैंड फिनाले- 4:00 बजे।
- सावित्री प्लाजा, भूतनाथ मॉर्केट में सत्य सनातन नारी शक्ति लोक होली मिलन कार्यक्रम- 4:00 बजे।
- इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच टी-20 मुकाबला- शाम 7:30 बजे।

एक नजर

पैदल पुल ध्वस्त होने पर 11 से प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर पूर्वी छोर पर स्थित पैदल उपरिगामी पुल को ध्वस्त किए जाने के चलते ट्रेनों को पुनर्निर्धारण और मार्ग परिवर्तन किया गया है। ऐसे में लखनऊ से 13 अप्रैल को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 15108 लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस लखनऊ से 140 मिनट देरी से दोपहर 1:10 बजे के बजाय अब दोपहर 3:30 बजे चलाई जाएगी। यशवंतपुर से 11 अप्रैल को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 15024 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस मानक नगर- ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के रास्ते और गोरखपुर से और 13 अप्रैल को रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 11080 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-मानक नगर के रास्ते चलाई जाएगी।

पीजीआई में एसी में लगी आग से मचा हड़कंप

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई में शनिवार को एसी में आग लग गई। स्वास्थ्य कर्मियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। अग्निशमन विभाग की तरफ से बताया गया है कि पुरानी बिल्डिंग स्थित न्यूरो सर्जरी विभाग के वेटिंग एरिया में लगी स्प्लिट एसी में आग लगी थी। स्वास्थ्य कर्मियों ने आग को बुझा दिया।

हाइवे से हटेगा गौरी व बंथरा साप्ताहिक बाजार

हाइवे पर आए दिन जाम लगने के कारण प्रशासन ने लिया निर्णय, सर्विस रोड के गड्ढे तत्काल भराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निर्माणाधीन लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे के कारण कानपुर-लखनऊ हाइवे पर जाम की समस्या बनी हुई है। इससे निजात दिलाने के लिए गौरी और बंथरा बाजार की साप्ताहिक बाजार दूसरी जगह स्थानांतरित की जाएगी। पार्किंग के लिए स्थान चिह्नित कर नगर निगम बोर्ड भी लगवाएगा।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे पर निर्माण कार्य के चलते कानपुर-लखनऊ हाइवे पर रास्ता काफी सकरा हो गया है। इससे आए दिन जाम लगने से यात्रियों को परेशानी होती है। 12 किलोमीटर एलीवेटेड रोड बनने के कारण जुनाबगंज और एयरपोर्ट के बीच में मार्ग अधिक सकरा हो गया है। सड़क दोनों तरफ अधिक से अधिक चौड़ी करने के साथ ही जुनाबगंज, बंथरा और स्कूटर इंडिया क्षेत्र में एनएचएआई को सात दिनों के भीतर काम पूरा करना होगा। हाइवे सर्विस रोड पर गड्ढों को भी तत्काल भराने के आदेश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने दिए हैं।

गौरी बाजार स्थित हाइवे पर लगा जाम। अमृत विचार

- स्कूटर इंडिया-बंथरा तक चौड़ीकरण कार्य सात दिनों में पूरा करना होगा
- जुनाबगंज और एयरपोर्ट के बीच का मार्ग हुआ सकरा

किसान पथ के रैंप बनाने का काम अटका

दही चौकी से बछरावां रोड तक और जुनाबगंज से मोहनलालगंज तक रोड की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर लोक निर्माण विभाग को कराना होगा। पटरी चौड़ीकरण का प्रस्ताव भी शासन को भेजना होगा। कानपुर-लखनऊ रोड से किसान पथ पर जाने के लिए अभी तक रैंप नहीं बना है। क्योंकि सरकारी जमीन पर पूर्व से ही निर्माण है। एनएचएआई को निर्माण हटाकर रैंप का निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। हाइवे पर होने वाले कार्यों के दौरान पुलिस और यातायात विभाग को रूट डायवर्जन प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कहा गया है। सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिससे की जाम की समस्या न होने पाए।

मुआवजा वितरण में लाएं तेजी

मंडलायुक्त ने कहा, एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि अधिग्रहण एवं अधिग्रहीत जमीन के मुआवजा वितरण में तेजी लाई जाए। बंथरा बाजार में जिन 25 भू-स्वामियों को मुआवजा दिया जा चुका है, उन परिसंपत्तियों को एनएचएआई तत्काल अपने कब्जे में ले। कब्जा लेने के दौरान तहसील प्रशासन की ओर से आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था कराई जाएगी।

नींद में नगर निगम, फुटपाथ पर हो गए पक्के निर्माण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर दिए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश

अमृत विचार : सड़क किनारे बनाए गए फुटपाथ पर पक्के और अर्द्ध पक्के निर्माण हो गए और नगर निगम के अधिकारी सोते रहे। निगम की इस लापरवाही पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई है। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने और मार्ग अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

लखनऊ स्मार्ट सिटी की ओर से वर्ष 2020-21 में राजा नवाब अली रोड पर जिलाधिकारी कार्यालय, राजस्व परिषद एवं सिविल कोर्ट के पास सड़कों किनारे फुटपाथ एवं नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। ये काम पूरा हो चुका है। पैदल यात्रियों के लिए बनाए गए फुटपाथ पर कई स्थानों पर पक्के और अर्द्ध पक्के निर्माण कर लिए गए हैं। इससे पैदल मार्ग अवरुद्ध हो गया है। फुटपाथ के नीचे सड़कों पर दो पंक्तियों में पार्किंग की जाती है। इस कारण जाम लगा रहता है।

मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नगर आयुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि समस्या के विकराल रूप लेने से पहले अतिक्रमण हटा दिया जाए। अतिक्रमण हटने से पैदल यात्रियों को सुविधा मिलेगी और यातायात भी बाधित नहीं होगा। कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी से प्रशासनिक और पुलिस सहयोग लिया जाए।

मौत के बाद भी तीन दिन तक करते रहे इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडंबा क्षेत्र के निजी अस्पताल में इलाज में लापरवाही और वसूली का लगा आरोप,पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

अमृत विचार : गुडंबा थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर वसूली के लिए महिला की मौत के बाद भी तीन दिन तक इलाज करने का आरोप लगा है। परिजनों के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर गुडंबा नीतीश श्रीवास्तव ने बताया कि कल्याणपुर के बेनीगंज बहादुरपुर निवासी मालती देवी (60) पहाड़पुर चौराहे के पास सब्जी का ठेला लगाती थी। गत दो अप्रैल की रात सड़क पार करते समय व वाहन से टकराकर घायल हो गई थी। दामाद राधेश्याम ने बताया उसे गंभीर हालत में एसआर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

आरोप है कि महिला की तीन दिन पहले ही मौत हो गई थी। इसके बावजूद इलाज करने का झांसा देकर 1.20 लाख की वसूली कर ली गई। शनिवार शाम को मरीज की हालत नाजुक बता कर उसे एम्बुबैग लगाकर रेफर कर दिया। जबकि उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जानकारी सीएमओ ऑफिस को दी जाएगी।

तेंदुआ घूमने का वीडियो वायरल, दहशत में रहे लोग

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तेंदुआ देख शनिवार को सरोजनीनगर इलाके के लोग दहशत में आ गये। वन विभाग की टीम वीडियो में दिख रहे स्थान पर पहुंची तो न ही किसी ने तेंदुआ दिखने की बात कही और न ही किसी अन्य जानवर तक के पंजे के निशान मिले। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में एक जानवर दो मंजिला बिल्डिंग की बगल में खाली पड़े खेत में घूमता नजर आ रहा है। वीडियो के संग लिखे मैसेज में स्थान सरोजनीनगर के नई बस्ती, गौरी इलाका बताया गया है। जानवर को तेंदुआ बताया जा रहा है। वीडियो को संज्ञान में लेकर वन विभाग की टीम ने सरोजनीनगर इलाके में सुबह से घंटे तक नई बस्ती, गौरी और गौरी विहार के आसपास स्थानों पर कांबिंग की। उसे तेंदुआ से सम्बन्धित कोई जानकारी नहीं मिली। सरोजनीनगर वन रेंज अधिकारी डीसी पंत ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन सभी ने तेंदुआ दिखने से इनकार कर दिया। वीडियो में दिख रहे स्थान पर तेंदुआ के पदचिन्ह नहीं मिले हैं। फिर भी टीमें जांच कर रही हैं।

गोमती बैराज के दो गेटों की कल से होगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमती के जलस्तर पर नहीं पड़ेगा असर
- दोनों गेट खोलने के बाद भी जलस्तर 348.8 फिट
- कुड़ियाघाट के पास बने नए बंधे से गऊघाट को की जाएगी जलापूर्ति

अमृत विचार : सिंचाई विभाग गोमती बैराज के मरम्मत का कार्य सोमवार सुबह 8 बजे शुरू करेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। काम पूरा होने में 10-15 दिनों का समय लगेगा। विभाग ने 25 अप्रैल तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा है। बैराज के गेट नंबर-1 और 9 को बदला जाना है। शनिवार को गेट बैराज पर पहुंचा दिया गया है। विभाग के अधिशासी अभियंता का दावा है कि इस दौरान गोमती के जलस्तर पर कोई असर नहीं पड़ेगा और न ही जलापूर्ति बाधित होगी।

सिंचाई विभाग के अधिकारी के मुताबिक गोमती बैराज के बदले जाने वाले दोनों गेट 2 अप्रैल को खोल दिए गए थे। इसके बावजूद गऊघाट पंपिंग स्टेशन के पास गोमती नदी का जलस्तर शनिवार को 348.8 फिट था। जो सामान्य 346.8 फिट से अधिक है। गऊघाट पंपिंग स्टेशन पर जरूरी जलस्तर बनाए रखने के लिए कुड़ियाघाट के पास बने अस्थायी बंधे से जलापूर्ति की जाएगी। जलकल विभाग के अनुसार, समयानुसार निर्बाध जलापूर्ति की जाएगी।

सिंचाई विभाग ने कुड़ियाघाट के पास बनाए गए अस्थायी बंधे के लिए 300 क्यूबिक फिट पानी छोड़ा है। पानी दो दिनों में यहां पहुंच जाएगा। गऊघाट पम्पिंग स्टेशन पर जरूरी जलस्तर बनाए रखने के लिए यहां से पानी छोड़ा जाएगा। जिससे गऊघाट पर आवश्यक जलस्तर बना रहेगा। गऊघाट से ऐशबाग वाटर वर्क्स और बालागंज वाटर वर्क्स को पानी भेजा जाता है। यहां पानी शोधित करके पुराने लखनऊ में जलापूर्ति की जाती है।

10 लाख की आबादी को की जाती है जलापूर्ति : ऐशबाग और बालागंज वाटर वर्क्स से पुराने शहर की लगभग 10 लाख की आबादी को जलापूर्ति की जाती है। ऐशबाग, चारबाग, अमीनाबाद, नाका, राजेन्द्र नगर, पांडेयगंज, यहियागंज, मौलवीगंज, रकाबगंज, लालबाग, हजरतगंज, नरही, हुसैनगंज, न्यू हैदराबाद, निशातगंज, बालागंज, चौक और ठाकुरगंज क्षेत्र में पानी की सप्लाई होती है।

गोमती बैराज के मरम्मत के लिए लाए गए उपकरण। अमृत विचार

> गोमती बैराज के दोनों गेट की मरम्मत का कार्य सोमवार को सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। 10 से 15 दिनों में कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। गेट नंबर 1 और 9 दोनों बदले जाएंगे। मरम्मत के दौरान गऊघाट पर गोमती नदी के जलस्तर पर असर नहीं पड़ेगा।
>
> -सत्य प्रिय, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग

निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ के सामने सड़क पर छुट्टा जानवरों का जमावड़ा। अमृत विचार

शहर की सड़कों पर छुट्टा जानवर

अमृत विचार, लखनऊ : छुट्टा जानवरों की समस्या गांवों से राजधानी तक पहुंच गई है। राजधानी की मुख्य सड़कों पर इन छुट्टा जानवरों के झुंड यातायात में बाधा पहुंचने के साथ हादसों की वजह बन रहे हैं। लोकसभा चुनाव के वक्त सड़कों पर अधिकारियों की चहलकदमी बढ़ी है, इसके बावजूद किसी की नजर इस समस्या की ओर नहीं जा रही है। प्रशासन की ओर से अभी तक इन छुट्टा जानवरों को पकड़ने के लिए कोई अभियान शुरू नहीं किया गया है। नतीजतन, आए दिन सड़क पर छुट्टा घूमते छुट्टा जानवरों की चपेट में आकर दोपहिया वाहन सवार जख्मी हो रहे हैं। वाहनों से जानवरों के टकराने के कारण गंभीर हादसे भी हो सकते हैं। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

सील बिल्डिंग में हो रहा निर्माण कार्य, अधिकारियों ने नहीं सौंपी जांच रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सील किए गए भवनों में अवैध रूप से निर्माण कार्य जारी है। बिल्डर और अभियंताओं के गठजोड़ से यह खेल चल रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद शहर में हो रहे निर्माण का सत्यापन कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी। 31 मार्च बीतने के बावजूद अधिकारियों ने रिपोर्ट नहीं सौंपी है। जबकि जांच के दौरान अधिकारियों को सील बिल्डिंग में निर्माण होते मिले थे। रिपोर्ट तैयार करने में हो रही देरी का फायदा प्रवर्तन जोन में तैनात अभियंता उठा रहे हैं। जांच में पाए गए बिना मानक के निर्माणों पर कार्रवाई के नाम पर लोपापोती में जुट गए हैं। सचिव विवेक श्रीवास्तव को जोन एक, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा को जोन चार व पांच, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह को जोन दो एवं तीन और मुख्य नगर नियोजक केके गौतम को जोन छह और सात में अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग, रो-हाउस, व्यावसायिक निर्माण आदि का निरीक्षण करके 31 मार्च तक रिपोर्ट मांगी थी।

विस्थापितों को मकान देने के लिए आज से शुरू होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 567 विस्थापितों ने आवेदन करते समय नहीं लगाई थी नोटिस की कॉपी

अमृत विचार : अकबर नगर के विस्थापितों को आवास आवंटन करने के लिए आवेदकों की जांच रविवार से शुरू होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण सहित पांच विभागों की टीम अकबर नगर में पात्रता जांचेगी। जिन 567 विस्थापितों ने शिविर में आवास के लिए पंजीकरण कराते समय नोटिस की कॉपी नहीं लगाई थी, उनकी और मुफ्त मकान पाने के लिए आवेदन करने वाले 76 विस्थापितों की एलडीए जांच कराएगा।

न्यायालय के निर्देश पर अकबर नगर के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए एलडीए द्वारा लगाए गए शिविर में 31 मार्च तक कुल 1700 लोगों ने पंजीकरण कराया था। एलडीए लगभग 200 विस्थापितों को पहले ही हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित कर चुका है। जिन 856 विस्थापितों ने आवेदन करते समय एलडीए द्वारा जारी की गयी नोटिस की कॉपी लगायी थी, उन्हें प्रधानमंत्री आवास आवंटन करने का रास्ता साफ है।

76 विस्थापितों को एलडीए देगा मुफ्त मकान

एलडीए अकबर नगर के अत्यंत गरीब करीब 76 विस्थापितों को मुफ्त मकान देगा। इनकी भी संयुक्त टीम जांच करेगी। इसके बाद बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए जाएंगे। मुफ्त मकान देने का खर्च प्राधिकरण खुद उठाएगा। इस पर आने वाले खर्च की भरपाई के लिए प्राधिकरण ने बसंतकुंज योजना में खाली भूखंडों की कीमत बढ़ा दी है।

आयुष्मान नोडल के हटने के मामले में एलआईयू ने भी शुरू की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : आयुष्मान योजना में गड़बड़ी के आरोप में नोडल के हटाए जाने मामले की जांच एलआईयू ने भी शुरू दी है। टीम ने सीएमओ कार्यालय में फोन करके मामले की जानकारी जुटाई है। मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। आयुष्मान योजना के तहत जिले के निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किया जाता है। आयुष्मान में संविदा पर एक महिला डॉक्टर तैनात थी। एमबीबीएस डिग्री धारक न होने बाद वह निजी अस्पतालों का विजिट करती थी। इसे लेकर बीते साल काफी बवाल हुआ था। अफसरों ने मामले में लीपापोती करके मामले को निपटा दिया था। आरोप है आयुष्मान पैनल में निजी अस्पताल को शामिल करने में गड़बड़ी का आरोप था। मामले की शिकायत शासन तक पहुंची। मामले की जांच हुई। जांच में मामला सही निकलने पर शासन ने कार्रवाई के आदेश दे दिए। जिसके बाद आयुष्मान नोडल को इंदिरा नगर सीएचसी से अटैच किया गया था। वहीं आयुष्मान में तैनात रही महिला डॉक्टर की सेवाएं समाप्त कर दी गई।

आईपीएल मैच आज, शहीद पथ पर आवाजाही से बचें

दोपहर 3 से रात 12 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन, टिकट की हार्ड कॉपी से ही मिलेगा स्टेडियम में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियम लीग का दूसरा मैच रविवार 7 अप्रैल को खेला जाएगा। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार ने बताया कि मैच के कारण दोपहर 3 बजे से रात 12 बजे तक स्टेडियम के आसपास के मुख्य मार्गों और शहीद पथ पर डायवर्जन लागू रहेगा। स्टेडियम के आसपास रहने वाले लोगों से शाम 6 से रात 8 बजे तक आवाजाही से बचने की अपील की गई है। जरूरी होने पर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। मैच के दौरान स्टेडियम से निकलने पर दोबारा नहीं जा सकेंगे।

बसों और बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होगी : मैच के दौरान शहीद पथ पर रोडवेज और निजी बस सहित अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। यह वाहन वैकल्पिक रूट से निकाले जाएंगे। निजी वाहनों, टैक्सी और कार पर रोक नहीं रहेगी। सुल्तानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

सिटी बसें चलेंगी: मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी। यह बसें शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। सिटी बसें सड़क की दाई ओर ही चलेंगी।

कैब की यह रहेगी सुविधा: सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर कैब चालक सवारी नहीं बैठाएंगे।एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे और पीएचक्यू के सामने से जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की ओर जाएंगे।

ऑटो व ई-रिक्शा नहीं चलेंगे

ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे। अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बाएं मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

प्लासियो मॉल, वाटर टैंक तिराहे पर पार्किंग

पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। जिनके पास वाहन पास नहीं होगा वह वाहन अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी। वीवीआईपी और वीआईपी के स्कार्ट वाहन स्टेडियम से वापस मॉल और पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे। प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-उधर खड़े वाहन पुलिस उठा लेगी।

टिकट के क्यूआर कोड पर दिखेगा पार्किंग स्थल का मैप

- टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप के साथ में दिखेगा।
- पीआईपी के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों को स्टेडियम में जाने की अनुमति बिना पास नहीं होगी।
- टिकट की हार्ड कॉपी के बिना स्टेडियम में प्रवेश नहीं मिलेगा। मैच के दिन कोई काउंटर नहीं खुलेगा।
- मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले तक प्रवेश मिलेगा। अंतिम प्रवेश मैच की दूसरी पारी के बीच तक दिया जाएगा।

स्टेडियम में ये सामग्री ले जाना प्रतिबंधित

खेल प्रेमी स्टेडियम के अंदर सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी व बीसीसीआई के निर्देशानुसार नहीं ले जा सकते हैं।

यहां बैठा और उतार सकेंगे सवारियां

: पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्राप स्टैंड होगा। यहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार और बैठा सकेंगे। बिना टिकट और बिना ड्यूटी कार्ड स्टेडियम में पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

दो पहिया वाहन यहां किए जाएंगे पार्क

: दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुए प्लासियो माल के पीछे पार्क कराए जायेंगे।

आज रात 12:30 तक चलेगी मेट्रो

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन ने आईपीएल क्रिकेट प्रेमियों के लिए मैच वालों दिनों में लखनऊ मेट्रो के संचालन समय में बदलाव किया है। रविवार को इकाना स्टेडियम में एलएसजी और गुजरात टाइटंस का मैच होगा। इस कारण आखिरी मेट्रो ट्रेन सीसीएस एवं मुंशीपुलिया स्टेशन से रात 12:30 बजे रवाना होगी। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने बताया कि स्टेडियम में मैच देखने वालों की सुरक्षित यात्रा के लिए देर रात तक मेट्रो ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम के बीच आने-जाने और रात में इकाना स्टेडियम से इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन तक वापसी के लिए लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के साथ लो फ्लोर फीडर बस सेवा की भी व्यवस्था की गई है।

एक नजर

नैक मूल्यांकन के लिए हुई बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में कुलसचिव रोहित सिंह, वित्त अधिकारी संजय सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित कुमार राय, नैक की निदेशक प्रो. शेफाली यादव आदि उपस्थित रहे।

20 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण में विवि के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल द्वारा प्लेसमेंट हुए। हार्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने 20 चयनित छात्रों की सूची जारी की। निदेशक सीपीसी प्रो. मधुरिमा लाल ने चयनित छात्रों को जॉइन करने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। चयनित छात्रों को 3-4 लाख रुपये प्रति वर्ष सीटीसी दिया जाएगा।

अभिभावकों की कट रही जेब, स्कूलों को हो रहा लाभ

नया शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद मंहगी हो गई एनसीईआरटी की किताबें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : स्कूलों में नया शैक्षिक सत्र 2024-25 शुरू हुए एक सप्ताह हो गया है। लेकिन सस्ती किताबें कैसे मिलेंगी, इसका अभी तक कोई निर्णय नहीं हो सका है। वही मंहगी किताबें अभिभावकों की कमर तोड़ रही है। इस स्थिति में बच्चों के पास एक ही विकल्प है कि वह माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट से विषयवार सिलेबस की पीडीएफ कॉपी को डाउनलोड करके काम चला सकते हैं।

बता दें कि नए शैक्षिक सत्र में एनसीईआरटी की किताबों के दाम करीब 30 से 35 फीसदी तक बढ़ गए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सरकारी व निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी एनसीईआरटी किताबों से पढ़ाई कराने है। ऐसे में एनसीईआरटी की सस्ती किताबों के लिए अभी और इंतजार करना होगा। क्योकि हर साल माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर अधिकृत प्रकाशकों की सूची जारी हो जाती थी जो अभिभावकों को सस्ती किताबे दे सकते थे। लेकिन अभी तक सूची नहीं जारी हुई है। अब बच्चों के सामने ऑनलाइन पीडीएफ का सहारा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है एनसीईआरटी की सस्ती किताबें इसी अप्रैल माह में उपलब्ध हो जायेंगी।

▸▸ माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड पाठ्यक्रम का ही सहारा

> बच्चों के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर पूरा सिलेबस अपलोड है। इसकी पीडीएफ निशुल्क डाउनलोड की जा सकती है। कोई शुल्क नहीं देना है। इसके साथ ही इसी माह सस्ती किताबें भी बाजार में उपलब्ध होंगी।
>
> –दिव्यकांत शुक्ला, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद

चुकाने पड़ रहे 5 हजार रुपये

मौजूदा समय में कई ऐसे प्रकाशक है जिनकी एनसीईआरटी की किताबें मंहगी हैं। उसके पूरा पाठ्यक्रम की बात करें तो करीब 5 हजार रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। इस बार फुटकार दुकानदार भी बात करने से बच रहे हैं उनका कहना है कि अगर वह कुछ बोलते हैं तो उनकी सप्लाई भी बंद की जा सकती है।

अधिकृत प्रकाशकों से सस्ती मिल सकती हैं किताबें

अगर माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से अधिकृत प्रकाशकों की सूची जारी हो जाए तो एनसीईआरटी की किताबें बाजारों में सस्ते दामों पर मिल सकती हैं। जानकार बताते हैं कि कक्षा 9 और 10 के लिए 900 से 1300 रुपये और 11वीं और 12वीं के लिए 1250 से 1500 रुपये में पूरा कोर्स असानी से मिल सकता है।

स्कूल भी निर्धारित कर रहे हैं प्रकाशक

अभी मौजूदा समय में एनसीईआरटी की किताबें जो बाजार में उपलब्ध हैं, वह निजी स्कूलों के प्रबंधकों की ओर से निर्धारित प्रकाशकों की हैं। इस स्थिति में अभिभावकों को मंहगी किताबें खरीदनी पड़ रही है। इसका सीधा असर अभिभावकों की जेब पर पड़ता है।

पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह के निर्देशन में शिक्षा शास्त्र विभाग के बीएड के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता सहयोग एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर चंदना डे, डॉक्टर नलिनी मिश्रा आदि शिक्षकों ने विशेष योगदान दिया।

कैंसर से बचाव विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : शारदा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन कॉलेज में वर्तमान परिदृश्य में कैंसर से बचाव एवं उपचार विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. विवेक नागपाल शिक्षाविद् हालैण्ड के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का एकमात्र उपचार संयमित जीवन शैली अपनाना है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **सैय्यद मो. खुर्रम नि. 456/391 सज्जाद बाग कालोनी दौलतगंज रोड नियर चौक लखनऊ** सूचित करता हूँ कि विभागीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम Syeda Zainab Fatima Rizvi दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Zainab Rizvi है अतः इसे दस्तावेजों में सही किया जाये।

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना सं०–01 वर्ष 2024–25

अधोलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है :–

(1) कार्यो का विवरण : इज्जतनगर मंडल के प्रतिबंधित दृश्यता वाले 11 नं. समपार फाटकों पर इन्टरलॉकिंग, अनुमानित लागत : ₹ 2,43,80,861.65, बयाना राशि : ₹ 2,71,900, कार्य समापन अवधि: 9 माह। (2) कार्यो का विवरण: इज्जतनगर मंडल के चौबेपुर एवं रति का नगला स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इन्टरलॉकिंग का प्रावधान, अनुमानित लागत : ₹ 5,66,24,769.44, बयाना राशि : ₹ 4,33,100, कार्य समापन अवधि: 9 माह। (3) कार्यो का विवरण: इज्जतनगर मंडल के हल्दी रोड स्टेशन पर उपलब्ध नॉन रनिंग लाइन को रनिंग लाइन में बदलने के सम्बन्ध हेतु सिगनलिंग कार्य, अनुमानित लागत : ₹ 32,13,149.73, बयाना राशि : ₹ 64,300, कार्य समापन अवधि: 6 माह।

ई–निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: 26.04.2024 को 11:00 बजे ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

वरि. मंडल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर

मुजाधि/सिगनल – 01

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पीजी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शनिवार को सत्र 2024-25 की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की शुरुआत कर कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत परास्नातक (पीजी) एवं परास्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रम (पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम), एमएड, बीपीएड एवं एमपीएड पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन आवेदन फार्म जारी कर दिये हैं। ऑनलाइन आवेदन फार्म की अंतिम तिथि 10 जून है।

जिन अभ्यार्थी को ऑनलाइन आवेदन करना है, उन्हे सर्वप्रथम एलयूआरएन(LURN) का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही वह लखनऊ विश्वविद्यालय के ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भर पायेगा। एलयूआरएन लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अनिवार्य है। अभ्यार्थी प्रवेश प्रक्रिया संबंधी समस्त विवरण एवं प्रक्रिया की जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के एडमिशन पेज के पीजी प्रोग्राम के लिंक पर जाके ले सकते है। दाखिला फॉर्म अभ्यर्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर या लविवि का एप डाउनलोड करके भी भर सकते हैं।

परास्नातक पाठ्यक्रमों का आवदेन शुल्क

- **पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम (एलएलएम और एलएलबी सहित)**
  (सामान्य वर्ग, ओबीसी) –1000 रुपये, (एससी, एसटी, पीएच)–500 रुपये
- **पीजी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम (एमबीए और एमटीटीएम)**
  (सामान्य वर्ग, ओबीसी)–1600 रुपये, (एससी, एसटी, पीएच)–800 रुपये
- **एमएड पाठ्यक्रम**
  (सामान्य वर्ग, ओबीसी)–1600 रुपये, (एससी, एसटी, पीएच)–800 रुपये
- **बीपीएड एवं एमपीएड पाठ्यक्रम**
  (सामान्य वर्ग, ओबीसी)–1600 रुपये, (एससी, एसटी, पीएच)–800 रुपये

फॉर्म भरने के दौरान इन बातों का रखें ध्यान

1. फार्म भरने के पूर्व एडमिशन पेज पर अंकित निर्देशों एवं एडमिशन ब्राउसर को अवश्य पढ़ लें।
2. अभ्यर्थी के फोटो की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंदर हो।
3. सिग्नेचर की स्कैन कापी 50 केबी के अंदर हो
4. यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कॉपी 50 केबी के अंतर्गत हो।
5. अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करे।
6. किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर हेल्पलाइन न. 0522–4150500 पर प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

होली मिलन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के सदस्य। अमृत विचार

माध्यमिक शिक्षक संघ ने होली मिलन कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीसरे सप्ताह में होगा ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) शनिवार को सेन्टीनियल इंटर कॉलेज में होली मिलन व संगीत सन्ध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को गले मिलकर भाई चारे का संदेश दिया। समारोह में प्रादेशिक उपाध्यक्ष डा. आरपी मिश्र के अलावा संगठन के महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, संरक्षक रामेश्वर उपाध्याय, प्रदेशीय मंत्री डॉ. आरके त्रिवेदी, मण्डलीय अध्यक्ष तुलसी राम मिश्र एवं राजकीय शिक्षक संघ के महामंत्री सत्य शंकर मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि समारोह को दूरदर्शन के कलाकार एवं भारतीय बालिका इण्टर कालेज के सेवानिवृत संगीत शिक्षक सतीश चन्द्र गुप्ता की टीम, रेडियो कलाकार प्रीति सिंह, कवि पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, पवन तिवारी, डा0 एस0के0 मणि शुक्ल, शैलेन्द्र कुमार शुक्ल आदि ने अपने होली गीत, से सभागार में उपस्थिति षिक्षक एवं शिक्षिकाओं के समूह को गजलों ने आनंदित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं. 53/2024

रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित मेला स्पेशल ट्रेन का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी सं. 05077/05078 गोंडा-तुलसीपुर-गोंडा अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी

1. गाड़ी सं. 05077 गोंडा से - दिनांक 09.04.24 से 23.04.24 तक। (15 ट्रिप)
2. गाड़ी सं. 05078 तुलसीपुर से - दिनांक 10.04.24 से 24.04.24 तक। (15 ट्रिप)

गाड़ी संख्या 05077 गोंडा - तुलसीपुर			गाड़ी संख्या 05078 तुलसीपुर-गोंडा	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	21:50	गोंडा जं.	5:00	--
22:10	22:12	सुभागपुर	4:18	4:20
22:32	22:34	इंटियाथोक	3:58	4:00
22:44	22:45	भवानीपुर कलाँ	3:48	3:49
22:54	22:56	बलरामपुर	3:34	3:36
23:02	23:04	झार खण्डी	3:24	3:26
23:12	23:14	गैंजहवा	3:12	3:14
23:26	23:28	कौवापुर	3:00	3:02
23:34	23:35	लक्ष्मनपुर	2:50	2:51
00:15	--	तुलसीपुर	--	02:40

रेक संरचना– डेमू रेक।

नोटः– इस ट्रेन का परिचालन यात्रियों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

मुजाधि/टी-1 मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

सार-संक्षेप

लविवि में रंगोत्सव का हुआ आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : होली मिलन समारोह रंगोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम की शुरुआत माधुरी, सुनिधि, सुरभि, समीक्षा द्वारा गणेश वंदना के साथ हुई, इसके बाद गरिमा, खुशी, हर्षिता द्वारा समूह नृत्य और सौम्या, साक्षी, सौम्या, वर्तिका, मोनिका, क्षितिज द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्रियांशु द्वारा गायन और अर्पिता शर्मा द्वारा नृत्य प्रदर्शन के बाद शोधार्थी अंजलि, सोनाली, मानसी, गरिमा, रश्मी द्वारा प्रदर्शन और निशांत, गरिमा, खुशी, हर्षिता, क्षितिज, परीशा, नरेंद्र, आर्यन, वंशिका, प्रांशु द्वारा फैशन शो के साथ समापन हुआ। नैन्सी, रानी. सभी कार्यक्रम वाणिज्य विभाग के छात्रों और शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये।कार्यक्रम का समापन फूलों की होली के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी हिमानी चौधरी, परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी, लूटा महामंत्री डॉ. अनित्य गौरव एवं अन्य शिक्षक मौजूद थे।

समारोह में दीप प्रज्ज्वलित करते लविवि कुलपति। अमृत विचार

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टेस्ट में सफल सीएमएस की शिक्षिकाएं। अमृत विचार

नेशनल टीचिंग कंपटीशन में शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पांच शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशिएंट टेस्ट में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराकर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इन शिक्षिकाओं में सोमा चन्द्रा, नीतू सापरा, मुनमुन चौधरी, शेफाली पाण्डेय एवं रश्मि अस्थाना शामिल हैं। मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई। जिसमें देश भर के हजारों विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इन सभी शिक्षिकाओं को बधाई दी है।

स्कूलों में नगर निगम ने लगाई चुनाव पाठशाला

अमृत विचार, लखनऊ : आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को 'चुनाव पाठशाला' लगाई। जिसमें नगर निगम जोन के विभिन्न मोहल्लों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों से सम्पर्क करके शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। मतदाताओं को बूथ की जानकारी देने के साथ मतदान करने की शपथ दिलाई। भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। राजधानी में 20 मई को मतदान है। शनिवार को कालीचरण इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एसीएम द्वितीय ने विद्यालय के प्राचार्य सहित भाग लिया। इसके अलावा सेन्ट्रल एकेडमी, जनता इंटर कालेज, स्प्रिंग डेल कालेज, सरस्वती विद्या मंदिर, राजकीय बालिका इंटर कालेज, अग्रवाल विद्यालय, चंदरनगर इंटर कालेज में मतदान की शपथ दिलाने के साथ प्रभातफेरी निकाली।

मतदान की शपथ लेते शिक्षक एवं कर्मचारी। अमृत विचार

लाखों का फीस पैकेज, न शौचालय, न सुरक्षा

उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय अब कोचिंग संस्थानों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नौकरी की गारंटी देने वाले राजधानी के कई कोचिंग संस्थानों में फीस का पैकेज तो लाखों को है लेकिन वहां न छात्र-छात्राओं के लिए न पीने का साफ पानी है, न शौचालय और न ही आग लगने पर जान की सुरक्षा की गारंटी ही। एक-एक बैच में 80 से 100 छात्र-छात्राओं को बैठाया जाता है। उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय अब ऐसे कोचिंग संस्थानों पर शिकंजा कसेगा। इसके लिए मानकों पालन न करने वाले कोचिंग संस्थानों की सूची बनाई जा रही है।

राजधानी में हजरतगंज क्षेत्र से लेकर कपूरथला, गोमती नगर सहित कई क्षेत्रों में प्रशासनिक सेवा से लेकर अन्य नौकरियों की परीक्षा में सफलता के लिए कोचिंग संचालित हैं। कोचिंग संस्थानों का पंजीकरण क्षेत्रीय उच्च शिक्षा कार्यालय में होता है। कोचिंग क्लास की एक बैच में कितने छात्र-छात्राएं बैठेंगे इसकी कोई नियमावली नहीं है। इसका फायदा उठाकर संचालक एक बैठक में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को बैठाते हैं।

कई कोचिंग संस्थान का लाखो में फीस का पैकेज है। फीस अभिभावकों से एडवांस में जमा कराई जाती है। यदि कोचिंग संस्थानों की शैक्षिक गुणवत्ता अभिभावकों या बच्चों को नहीं समझ आई तो फीस की वापसी का भी कोई विकल्प नहीं रहता है। इसके अलावा ऐसे भी कोचिंग संस्थान भी हैं जो एक पंजीयन पर कई जगह कोचिंग चला रहे हैं। ऐसे कोचिंग संस्थानों का अधिकारियों ने ब्योरा जुटा लिया है। बिना पंजीकरण चल रहे संस्थानों को बंद कराया जाएगा। उनके संचालकों पर एफआईआर भी हो सकती है।

> राजधानी में एक पंजीकृत कोचिंग से कई ब्रांच चलाने की जानकारी मिली है। ऐसे में चेकिंग के खिलाफ नियमित अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। अभिभावक भी इन कोचिंग में प्रवेश दिलाते समय सारी सुविधाओं को देख लें ताकि बाद में कोई दिक्कत न हो। हां फीस ले रहे हैं तो सुविधाएं भी देनी चाहिए।
>
> –डॉ सुधीर कुमार, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी

इन बातों का ध्यान रखें

- ▸▸ कोचिंग का पंजीकरण जरूर चेक कर लें
- ▸▸ छात्रों के लिए सुविधाओं को परख लें
- ▸▸ शौचालय व पेयजल की सुविधा अनिवार्य है
- ▸▸ बिजली व्यवस्था व आग से बचने के उपकरण
- ▸▸ कोशिश ये हो कि फीस को पार्ट में जमा करें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम परमेश्वर से बदलकर परमेश्वर कुमार गुप्ता रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **परमेश्वर कुमार गुप्ता पुत्र बेचू प्रसाद ग्राम व पोस्ट डुमरैला, थाना झंगहा, जिला गोरखपुर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–अजय चौधरी पुत्र ज्ञान दास, निवासी– ग्राम– रेगी, पोस्ट– सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती**

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राविंग लाइसेंस यूपी 7619880000115 में धर्मेंद्र कटियार पुत्र एसके कटियार अंकित है। आधार कार्ड में मेरा नाम धर्मेंद्र कुमार कटियार पिता का नाम श्री कृष्ण कटियार है। हमें दोनों नामो से पुकारा जाता है। **– धर्मेंद्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण कटियार, निवासी– बधौआ, मसेनी, फर्रूखाबाद**

सूचना

सर्वसाधारण लोगों को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वास्तव में **राजेन्द्र प्रसाद पुत्र विश्वनाथ, निवासी– धनौरा काशी प्रसाद, जनपद सिद्धार्थनगर** है। कही कही कागज मे मेरा नाम राजेन्द्र यादव हो गया है। अब आज से मेरे वास्तविक नाम राजेन्द्र प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाय।

आईसीटी प्रतियोगिता में नौ अध्यापक चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों व शिक्षिकाओं के लिए आयोजित हुई जिला स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता 2023-24 का परिणाम जारी हो गया है। इस प्रतियोगिता में आठ महिला और एक पुरुष शिक्षक का चयन किया गया।

डायट प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने बताया कि इसमें 10 पुरुष शिक्षक और 28 महिला शिक्षिकओं ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के नवीन तकनीकी विधाओं तथा शिक्षण में आईसीटी के प्रयोग का मूल्यांकन अलग-अलग बिन्दुओं पर हुआ। जिसमें आईसीटी का प्रयोग नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने में कैसे काम कर सकते हैं? एससीईआरटी की ओर से विकसित दीक्षा पोर्टल में योगदान, पाठ्यपुस्तकों में प्रयुक्त क्यूआर कोड की विषय सामग्री में योगदान, पाठ्यपूस्तक के क्यूआर कोड का प्रयोग, ऑनलइन शैक्षणिक सामग्री का प्रयोग, मूल्यांकन में आईसीटी का प्रयोग, कक्षा शिक्षण में आईसीटी का प्रयोग करने के बारे में बताया गया। इसमें पहले स्थान पर नेहा सिंह और पुरुष शिक्षक यज्ञदत्त अवस्थी को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा।

इन अध्यापकों का हुआ चयन

- नेहा सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरी बीकेटी
- आदिति पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय खुजेहटा मोहनलालगंज
- डॉ वंदिता सिंन्हा उच्च प्राथमिक विद्यालय अर्जुनगंज
- मधुरिमा श्रीवास्तव उच्च प्राथमिक विद्यालय शीतलपुरवा बीकेटी
- सुरभि सक्सेना उच्च प्राथमिक विद्यालय महिपतमऊ काकोरी
- इश्मित कौर प्राथमिक विद्यालय वादेखेड़ा सरोजनीनगर
- हेमलता तिवारी उच्च प्राथमिक विद्यालय गौड़ा मोहनलालगंज
- अनुराधा यादव प्राथमिक विद्यालय धावर–2 काकोरी
- यज्ञदत्त अवस्थी प्राथमिक विद्यालय सफीपुर गोसाईगंज

कंपोजिट ग्रांट के लिए नहीं बढ़ा समय

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के विकास कार्य के नाम पर मिलने वाली ग्रांट का समय न बढ़ने से पूरा बजट लैप्स हो गया। अब विद्यालय में जो भी विकास कार्य हो सकेंगे वह अगले वित्तीय वर्ष में ही कराये जा सकेंगे।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक की ओर से प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन से मांग की गई थी कि बजट निकालने का समय बढ़ाया जाए लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका। ऐसे में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि समय न बढ़ने से काफी स्कूलों की ग्रांट लैप्स हुई है अब विकास कार्य अगले ही वित्तीय वर्ष में हो सकेगा।

बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट के ऑनलाइन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्या नंद त्रिपाठी ने बताया कि लविवि एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को पुन: सूचित किया जाता है कि स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा आदि की सम सेमेस्टर–2024 के नियमित, बैक पेपर, इम्प्रूवमेन्ट एवं इक्जेम्टेड परीक्षा के ऑनलाइन परीक्षाफार्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल निर्धारित है। छात्रों द्वारा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पोर्टल (https//www.abc.gov.in) पर अनिवार्य रूप से एबीसी/एपीएएआर आईडी बनायी जानी है। बिना आईडी के परीक्षा फार्म अग्रसारित नहीं किया जायेगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षा फार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है, केवल ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष या संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षा फार्मों को ऑनलाइन माध्यम से अग्रसारित करते 12 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

बलरामपुर के सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार दोपहर काम ठप कर प्रशासनिक कार्यालय के पास इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि एजेंसी उनके वेतन में कटौती कर रही है। काम भी मानक से अधिक कराया जा रहा है। बीमार होने की स्थिति में छुट्टियों का पैसा भी काट लिया जाता है। जबकि इसके बाद हर माह अलग से कटौती की जाती है। सरकारी अस्पतालों में सफाई का काम निजी एजेंसी सन फैसिलिटी के पास है। जिसके जरिए अस्पतालों में सफाई का काम कराया जाता है। बलरामपुर अस्पताल में करीब 150 सफाईकर्मी कार्यरत होने का दावा किया जाता है। सफाईकर्मियों को हर माह करीब 7300 रुपए वेतन दिया जा रहा है। जबकि दूसरे संस्थानों में सफाईकर्मियों को करीब दस हजार रुपए वेतन मिल रहा है। आरोप है कि कर्मचारियों का वेतन पांच प्रतिशत भी बढ़ोत्तरी नहीं हुई। इसे लेकर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. हिमांशु ने बताया कि कर्मचारियों का मामला निजी एजेंसी से जुड़ा है।

अनियमित जीवन शैली से होती हैं 66 प्रतिशत मौतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार देश में 66 प्रतिशत मौतों का कारण अनियमित जीवन शैली है। स्वस्थ आदतें स्थापित करना और बनाए रखना ना केवल जीवनकाल बढ़ाता है बल्कि यह आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में भी मदद करता है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ दिवस अवसर पर डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने साझा की। उन्होंने बताया कि हम अपनी आदतों में सुधार करके स्वस्थ जीवन जी सकते है।

संतुलित आहार : डॉ. अर्चना ने कहा कि संतुलित आहार में शरीर के विकास, स्वस्थ रहने और रोग-मुक्त रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में होते हैं। इसके अलावा, एक स्वस्थ, संतुलित आहार आवश्यक ऊर्जा आवश्यकता प्रदान करता है, विटामिन, खनिज और अन्य पोषण संबंधी कमियों से बचाता है, और प्रतिरक्षा बनाता है। भोजन में अधिक से अधिक सलाद व फलों को शामिल करे खाने में अधिक चीनी व नमक का का प्रयोग कम करें अधिक चीनी या नमक के प्रयोग से मधुमेह हृदय रोग उच्च रक्तचाप जैसे रोग होने की आशंका अधिक रहती है।

पर्याप्त नींद जरूरी : रात में आठ घंटे की नींद आपका दिल स्वस्थ रखता है, तनाव कम करता है और रक्त शर्करा को स्थिर रखने में मदद करता है। एनआईएच में शोध के अनुसार अच्छी नींद वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है, और स्मृति निर्माण और स्पष्ट सोच के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुद को दें समय : जब हम खुद के साथ समय बिताते हैं तब तनाव से मुक्ति मिलती है मन एकाग्र होता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और जीवन की आगे की योजनाएं बनाने में हम सफल होते हैं

धूम्रपान, मद्यपान से दूरी : किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे ये स्वास्थ्य पर अत्यंत नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

डॉ. अर्चना श्रीवास्तव

डॉ. अमिता पांडेय

स्वस्थ्य जीवन के लिए ये जांचे जरूरी

ब्लड, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, हीमोग्लोबिन, गाईनोलॉजिकल टेस्ट, स्तन संबंधी जांच, सर्वाइकल कैंसर जांच, विटामिन डी की जांच। इसके अलावा वजन और ब्लडप्रेशर की जांच तो नियमित तौर पर कराना चाहिए।

महिलाएं ये करें उपाय

- 10-15 मिनट ही सही पर रोजाना व्यायाम या योग जरूर करें।
- ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर लेने में अनुशासन बनाए।
- ज्यादा तनाव माहवारी संबंधी दिक्कतों का बड़ा कारण है।
- संक्रमण संबंधी परेशानियों को छिपाने के बजाय डॉक्टर से परामर्श करें।
- माहवारी की शुरुआत के साथ ही काउंसलिंग जरूरी है।
- फल, गुड़-चना खाने से खून की कमी दूर होती है।

विश्व स्वास्थ दिवस

गर्भवती महिलाएं खुद का ध्यान रखना सीखें

केजीएमयू में स्त्री रोग विभाग (क्वीन मेरी) की प्रोफेसर डॉ. अमिता पांडेय ने बताया कि एक महिला परिवार की धुरी होती है। उस पर परिवार की कई तरह की जिम्मेदारियां होती हैं। वह अपनी सेहत को लेकर सजग नहीं हो पाती। अस्पताल में आने वाली 50 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं डायबिटीज, हाइपरटेंशन और थायरॉइड जैसी बीमारी की शिकार होती हैं।

बढ़ता स्क्रीन टाइम बीमारियों को दे रहा दावत : डॉ. सूर्यकांत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मोबाइल, लैपटॉप या टीवी की स्क्रीन से घंटों चिपके रहने का सीधा असर आज हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है । घंटों तक बैठकर स्क्रीन पर समय देने के कारण लोगों को मोटापा भी घेर रहा है, जिससे अन्य बीमारियां भी तेजी से लोगों को अपना शिकार बना रहीं है।

ये जानकारी केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी। उन्होंने कहा सोशल मीडिया और स्क्रीन टाइम में अगर समय रहते सुधार नहीं लाये तो स्थिति विस्फोटक हो सकती है। खाने-पीने का कोई समय तय नहीं है। शारीरिक श्रम, घूमना, टहलना, पैदल चलना लोग भूल चुके हैं। पैकेट बंद खाने से मोटापा एवं गैस की समस्या बढ़ रही है। डॉ. सूर्यकांत का कहना है कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए घर का बना साफ एवं ताजा भोजन ही करना चाहिए। इसमें मौसमी फल एवं सब्जियों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए। प्रतिदिन कुछ न कुछ शारीरिक श्रम जरूर करें। आज बच्चा हो या बुजुर्ग सभी में स्ट्रेस (तनाव) बढ़ रहा है, जिसे कम करने की जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए ''''विश्व स्वास्थ्य संगठन'''' हर साल सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है ''''मेरा स्वास्थ्य-मेरा अधिकार' है।

डॉ. सूर्यकांत

▸▸ कहा, पैकेट बंद खाने से लोगों में मोटापा व गैस की समस्या बढ़ रही

लालच में अवैध बसों में सफर को मजबूर यात्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चारबाग में अवैध बसों से उतारे गए 225 यात्री

▸▸ इन यात्रियों को रोडवेज बसों से किया गया रवाना

अमृत विचार: सस्ते किराये के लालच में यात्री अवैध बसों में सफर को मजबूर हैं। रोडवेज की तुलना में बेहतर सफर की सुविधा का दावा करने वाले अवैध बस संचालक बसों में ठूंस-ठूंस कर यात्रियों को बिठाते हैं। इन अवैध वाहनों के खिलाफ शनिवार को चारबाग में अभियान चलाया गया। इस दौरान 225 यात्रियों को ऐसे अवैध बसों से उतार कर रोडवेज बसों से रवाना किया गया। पांच बसों को पकड़ कर चालान किया गया और उन्हें थाने में बंद किया गया।

चारबाग डिपो के एआरएम प्रशांत दीक्षित ने बताया कि परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ आरटीओ के प्रवर्तन दस्ते के साथ आज अभियान चलाया गया। चारबाग बस अड्डे के सामने अनाधिकृत रूप से खड़ी बसों को पकड़े जाने को कार्रवाई की गई। इस जगह से यात्रियों को मिनी बस, मारुति वैन, प्राइवेट टैक्सियों से यात्रियों को सुलतानपुर, कानपुर और दिल्ली तक पहुंचाने के लिए आवाज दी जा रही थी। अभियान के दौरान आज यहां से यूपी 31 एसएन 8896, यूपी 41 एटी 8384, यूपी 32 केएन 0522, यूपी 41 एटी 2046 और यूपी 78 बीवाई 6023 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार डग्गामार वाहन सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बस सेवा का प्रचार करते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी है, लेकिन वे अंजान बने रहते हैं। विभागीय अधिकारी ने बताया कि बीते गुरुवार को फेसबुक पेज पर एक डग्गामार वाहन संचालक का प्रचार वायरल हुआ। यह वाहन प्रतिदिन बलिया से लखनऊ वाया पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे प्राइवेट टैक्सी से सवारियों को ढो रहा है। इसमें समय के साथ किराया भी बताया गया है। फिर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। चारबाग डिपो के एआरएम प्रशांत दीक्षित के अनुसार आज पांच वाहनों को पकड़ा गया है। मेट्रो स्टेशन के नीचे से ये बसें डग्गामारी में जुटी थी। यह क्षेत्र नाका थाना के अंतर्गत आता है लेकिन स्थानीय पुलिस इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है। जहां से डग्गामारी की जा रही है वहां से थानां चंद कदमों की दूरी पर ही है।

चुनाव में बसें भेजने से यात्रियों का सफर होगा प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : लोकतंत्र के उत्सव में इस बार परिवहन निगम की बसों के शामिल होने में दिक्कतें आ रही हैं। लोक सभा चुनाव में बसों के भेजने को लेकर रोडवेज के अधिकारियों ने असमर्थता जताई है। परिवहन निगम ने इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा है। यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों और चालकों-परिचालकों को चुनाव ड्यूटी में तैनात न किए जाने की मांग की है। इसके लिए गर्मी की छुट्टियों के साथ ही शादी-विवाह का हवाला भी दिया गया है। इस मामले में लखनऊ के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने लखनऊ, बाराबंकी और रायबरेली के जिला निर्वाचन को भी पत्र भेजा है। इसमें उल्लेख किया गया है कि गर्मी की छुट्टी, शादी-विवाह के समय बसों में यात्रियों भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में रोडवेज बसों और कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

रखरखाव न होने से ट्रेनों के एसी कोच में यात्रियों का छूट रहा पसीना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गर्मी शुरू होने के साथ ही ट्रेनों में यात्रियों की शिकायतें आनी शुरू हो गई है। कहीं वातानुकूलित डिब्बे में कूलिंग न होने का मामला सामने आ रहा है तो कहीं पंखने चलने की शिकायत की जा रही है। स्टेशनों पर पेयजल की दिक्कत शुरू हो गई है। इस तरह की शिकायत रोजाना आ रही हैं।

उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे दोनों ही जगह यात्री सफर में होने वाली दिक्कतों की शिकायत फोन पर देने के साथ ही सोशल मीडिया को दे रहे हैं। फिलहाल रेलवे ने अपने इंजीनियरों को ट्रेनों की मरम्मत कर एसी और पंखों की ठीक करने के निर्देश जारी किए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार होली के पहले ट्रेनों में एसी, पंखे के साथ अन्य मरम्मत कार्य किया जाता है। लेकिन इस बार अयोध्या में आयोजित किए गए प्राण प्रतिष्ठा और रेलवे की अन्य परियोजनाओं के लोकापर्ण-उद्घाटन कार्यक्रम के चलते मेंटीनेंस कार्य समय से पूरा नहीं हो सका है।

इसके चलते एसी बोगियों से कूलिंग ठप होने की शिकायत आ रही है तो स्लीपर डिब्बों में पंखें न चलने की। कोटा-पटना, गरीब रथ, पंजाब मेल, अवध एक्सप्रेस, हमसफर, सहित तमाम ट्रेनों के यात्री इस तरह की शिकायत कर रहे हैं।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को शान-ए-अवध सम्मान

वृंदावन कॉलोनी स्थित तेलीबाग में मानव आदर्श सेवा समिति द्वारा आयोजित शाने-ए-अवध सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं प्रतिभागी व सम्मानित की गईं विभूतियां। अमृत विचार

नृत्य प्रस्तुत करती किशोरी ।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

▸▸ मानव आदर्श सेवा समिति ने किया होली मिलन और सम्मान समारोह

▸▸ अनुज मिश्र व नेहा सिंह के शिष्यों ने कथक नृत्य से बांधा समां

अमृत विचार: वृन्दावन कालोनी के ओसिस गार्डेन में मानव आदर्श सेवा समिति ने शनिवार की शाम होली मिलन और शान-ए-अवध सम्मान समारोह का आयोजन किया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। युवा कथक गुरु पं. अनुज मिश्र और नेहा सिंह के शिष्यों व शिष्याओं ने इस मौके पर मनभावन कथक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

मानव आदर्श सेवा समिति के संस्थापक पीके घोष ने इस मौके पर बताया कि इस समिति का गठन जरूरतमंदों की मदद और समाज की वास्तविक सेवा के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं का एक समूह उनके साथ हमेशा तैयार रहता है। अब मेडिकल बेड और व्हील चेयर की व्यवस्था भी करने जा रहे हैं। इसके अलावा घरों में काम करने वाली महिलाओं के बच्चों को शिक्षित करने के लिए उनकी किताबों और फीस का इंतजाम करने में भी लगे हैं।

इस आयोजन में शान-ए-अवध सम्मान से अलंकृत होने वाली विभूतियों में बच्चों के कैंसर का उपचार करने वाली डॉ. योगिता भाटिया, शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में सुनीता झिंगरन, फिटनेस के लिए लोगों को जागरूक करने वाले रंजीत चौधरी, प्रकाशक विशाल मेहरोत्रा, शिक्षा के क्षेत्र में विनोद पाण्डेय, कथक के क्षेत्र में नेहा सिंह, पायनियर मांटेसरी स्कूल की निदेशक शर्मिला सिंह, व्यापारी नेता सुरेश छब्लानी और पत्रकारिता के क्षेत्र में शैलेन्द्र शुक्ल का सम्मान किया गया।

सामाजिक कार्यकर्ता मुरली आहूजा और पीके घोष ने सभी विभूतियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सुनीता झिंगरन ने कहा कला समर्पण से मिलती है तिकड़म से नहीं। स्वामी हरिदास की वंशज और बेगम अख्तर की शिष्या सुनीता झिंगरन ने कहा कि शिक्षा का दम सबसे बड़ा दम होता है। शिक्षा का पौधा कभी मुरझाता नहीं है। उन्होंने यहां ऐसी होली में लग जाए आग और फगुनवा में होरी खेलें कन्हैया को बहुत शानदार अंदाज में सुनाया।

अनुज मिश्र और नेहा सिंह के शिष्यों व शिष्याओं प्रीतम दास, अनामिका सिंघा, श्रेया वर्मा, मैत्री चौहान, तृप्ति टंडन, अदिति, वंशिका, प्रेरणा और विवेक वर्मा ने यहां गणेश वंदना गाइए गणपति जग वंदन से अपना कार्यक्रम शुरू किया। 27 चक्कर, शिव शक्ति, दुर्गा परन और राम वंदना को इन कलाकारों ने शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया।

प्रतिभागी युवती। अमृत विचार

सोने को लगे पंख, कीमतें पहुंची आसमान पर

10 ग्राम सोना हुआ 72,800 रुपये तो चांदी 81,300 रुपये किलो, सोना उच्चतम स्तर की ओर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सोने की कीमतों को पंख लगे हैं। नित नई बुलंदियों को छू रही पीली धातु बाजार में अब तक के सबसे महंगे भाव पर है। 1 अप्रैल को 24 कैरेट सोना 71,500 रुपये प्रति 10 ग्राम था जो मात्र पांच दिन बाद शनिवार को 72,800 रुपये में पहुंच चुका है। वैश्विक अनिश्चितता से बनते माहौल में सोना निरंतर मजबूत होता जा रहा है। नतीजा स्वर्ण के दाम ऊंचाइयों की ओर हैं।

कारोबारी कह रहे कि अब तो नवरात्र शुरू होने जा रहे हैं। सहालग है ऐसे में ग्राहक अब बाजार की ओर निकलेगा। जाहिर सी बात है कीमतें और उछलनी तय हैं। सिर्फ सोना ही नहीं, चांदी की भी चमक बढ़ती जा रही है। एक किलोग्राम चांदी का भाव 81,800 रुपये है। इन नई कीमतों में तीन फीसद जीएसटी शामिल है।

चांदी का भी प्रदर्शन शानदार: सोने की चमक बढ़ने के साथ चांदी का बाजार के भाव में शानदार प्रदर्शन है। जीएसटी समेत प्रति किलो चांदी का भाव शनिवार को 81,800 रुपये पहुंच गया है। व्यापारी कह रहे हैं कि चांदी भी कमतर नहीं है।

लखनऊ सर्राफा बाजार में सोने का भाव

माह मार्च	कीमत (प्रति 10 ग्राम)
22 मार्च	66,194
31 मार्च	70,500
1 अप्रैल	71,500
6 अप्रैल	72, 800

नोट : यह आंकडे.इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें जीएसटी जुड़ी है।

15 दिनों में स्वर्ण धातु करीब साढ़े छह हजार से अधिक का उछाल ले चुकी है। तकरीबन 6,606 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोत्तरी सर्राफा बाजार का रुख बयान कर रही है। 31 मार्च को सोना 70,500 रुपये प्रति तोला था, जो शनिवार को बढ़कर 72,800 रुपये हो गया।

-आदीश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन

वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में सोना निरंतर मजबूत होता जा रहा है। सोना अपने उच्चतम स्तर की ओर है। अब तो सहालग आने जा रही है। सोना ऐसा रिकार्ड बनाएगा जो लोग वर्षों याद रखेंगे। कहा जा सकता है कि सोना जल्द ही 75,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा छू लेगा।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन

सहालग शुरू होने वाली है। नवरात्र से ग्राहक निकलना शुरू हो जाएगा। ऐसे में सोने की चमक अभी और बढ़नी तय है। चांदी ने भी अपनी चमक बढ़ा दी है। चांदी की भी कीमतें फिलहाल कम होने वाली नहीं हैं। स्वर्ण बाजार अपने उच्चतम स्तर की ओर है।

-विनोद महेश्वरी, प्रदेश संयोजक, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन

महंगाई : अरहर और उड़द की दाल में उबाल

छह दिनों में अरहर 10 रुपये और उड़द की दाल के दाम 5 रुपये प्रति किलो बढ़े

फुटकर बाजार

दालें रुपये प्रति किलो 1 अप्रैल-आज का भाव

अरहर दाल पुखराज ब्रांड	142	152
सूरजमुखी	132	140
डायमंड	110	122
उड़द दाल अव्वल (काली)	105	115
उड़द दाल अव्वल देशी (हरी)	130	150

थोक बाजार

दालें रुपये प्रति क्विंटल 1 अप्रैल-आज का भाव

अरहर दाल पुखराज ब्रांड	13,800 -14,900
सूरजमुखी	13,500 -14,500
डायमंड	11,400 -12,400
उड़द दाल अव्वल (काली)	9,600 - 10,200
उड़द दाल अव्वल देशी (हरी)	12,500 -14,800

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खपत अधिक और उत्पादन कम होने से दलहन के भाव में अचानक तेजी आई है। हफ्तेभर में करीब 10 रुपये प्रति किलो अरहर तो उड़द दाल की दोनों वैरायटी में पांच रुपये प्रति किलो की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल दाल का बाजार गर्म रहने की ही उम्मीद है। कारोबारियों की मानें तो दाल के भाव अभी चढ़े रहेंगे।

कारोबारी बता रहे ये कारण

- खपत अधिक और आपूर्ति कम होना।
- माल पाइप लाइन में है, लेकिन होली और ईद पर लेबर अपने घरों को चली गई, जब तक वापसी नहीं होगी माल की कमी बनी रहेगी।
- प्रांतों की फसलें उम्मीद पर खरी नहीं उतरीं, कमजोर रहीं।

मात्र हफ्तेभर में ही रसोई के बजट पर बड़ा अंतर आया है। अरहर दाल में अचानक तेजी आई है। 1 अप्रैल से अब तक यानी 6 अप्रैल तक 10 रुपये प्रति किलो का उछाल आया है। दरों में इजाफा अरहर दाल की हर वैरायटी पर हुआ है। यही हाल उड़द दाल का है। इसमें भी करीब पांच रुपये प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हुई है। अभी राहत मिलने के आसार कम हैं।

-राजेंद्र अग्रवाल, चेयरमैन लखनऊ व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष पांडेयगंज गल्ला मंडी

दाल की कीमतें तेज हो गई हैं। इसी माह के मात्र छह दिनों के रेट देखे जाएं तो बाजार की दिशा पता चल जाएगी। दलहन बाजार लगातार चढ़ रहा है। इसके पीछे कई कारण हैं। मांग अधिक और सप्लाई कम होने से दाल महंगी है। उड़द और अरहर दोनों दालों के बाजार महंगे हैं। थोक बाजार में 138 रुपये किलो पड़ने वाली अरहर दाल का भाव 148 रुपये हो गया है।

-भारत भूषण गुप्ता, आढ़ती एवं लखनऊ मिलर्स एसोसिएशन

एक नजर

तीन दिन से लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

अमृत विचार, सरोजनीनगर : इलाके से तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोरी का अब तक सुराग नहीं लगा है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन का प्रयास कर रही है। पीड़ित पिता ने बताया बेटी के लापता होने से घर के सभी सदस्य परेशान हैं। अनहोनी की आशंका है। काफी तलाश के बाद भी बेटी का सुराग नहीं लगा। इंस्पेक्टर ने बताया जल्द ही उसे सुरक्षित बरामद कर परिजन को सौंप दिया जायेगा।

एटीएम बूथ के अंदर कार्ड बदल खाते से निकाले 84 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी के गोयल एन्क्लेव स्थित एटीएम बूथ पर युवक का डेबिट कार्ड बदलकर खाते से 84 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने बीबीडी थाने में एफआईआर दर्ज कराई। सिल्वर लाइन अपार्टमेन्ट निवासी सुभाष चन्द्र गुप्ता गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे सास विमला गुप्ता के डेबिट कार्ड से गोयल इन्क्लेव स्थित एटीएम बूथ से रुपया निकालने गए थे। बाहर खड़े जालसाज ने बातों में उलझाकर कार्ड बदल दिया। इसके बाद जालसाजों ने खाते से 84 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर निकासी का मैसेज आने पर पीड़ित ने एफआईआर दर्ज कराई।

भांजी से की छेड़छाड़ बनाया वीडियो

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता इंटरमीडिएट की छात्रा शुक्रवार को घर पर अकेली थी। मां और छोटी बहन बाजार गई थी। सीतापुर निवास मामा घर पहुंचे। उन्होंने उसे पानी लेने किचन में भेजा और फोटो खींच ली। फोटो दिखाकर उससे शादी करने की बात कही। इनकार पर छेड़छाड़ कर वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर चला गया। लौटने पर छात्रा ने मां को जानकारी दी। पिता ने साले को किया तो उन्हें भी धमकाया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार दो की मौत, चार घायल

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किसान पथ पर हादसा, चालक को तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पहले ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी, फिर पुलिस की गाड़ी को, सिपाही भी हुए घायल

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किसान पथ पर शनिवार तड़के ट्रक ने ट्रैक्टर व दो ट्रॉली में टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में और चालक ने ट्रक की रफ्तार और बढ़ा दी। इससे ट्रक ने थाने की नाइट पेट्रोलिंग सेकेंड मोबाइल गाड़ी में भी टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली में सवार दो लोगों की मौत हो गयी और सिपाही समेत चार लोग घायल हो गये।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह किसान पथ पर एक चालक ट्रैक्टर में दो ट्रॉलियां जोड़कर जा रहा था। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के नूरपुर बेहटा गांव के समीप पीछे से ट्रक चालक ने ट्रॉली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर और ट्रॉलियां पलट गईं। हादसे में ट्रैक्टर चालक रिंकू सिंह (40) निवासी नेवादा थाना पसगवां, जनपद लखीमपुर खीरी, जैनेन्द्र (30) निवासी ग्राम हुसैनापुर थाना इचौलिया जनपद लखीमपुर खीरी, अशोक (39) निवासी ग्राम हुसैनापुर व दो अन्य सवार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान रिंकू सिंह (चालक) व जैनेंद्र की मौत हो गई। ट्रैक्टर में टक्कर मारने के बाद भागने के प्रयास में ट्रक चालक ने समीप खड़ी पुलिस की सेकेंड मोबाइल गाड़ी में भी टक्कर मार दी। इससे गाड़ी में बैठा सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने हादसे में घायल विश्वदीप, अशोक कुमार, संजय और सिपाही रोहित गुर्जर को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक की तलाश के लिए टीमें लगी हैं।

30 मीटर दूर गिरी पुलिस की गाड़ी

इंस्पेक्टर ने बताया कि सेकेंड मोबाइल रोजाना की तरह सुबह गश्त पर निकल रही थी। सिपाही ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी हटाने का मौका नहीं मिला। टक्कर से 30 मीटर तक घिसटती चली गयी और पलटकर डिवाइडर के पार जा गिरी।

ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर। अमृत विचार

लखनऊ- अयोध्या हाईवे किनारे युवक और बुजुर्ग का मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी थाना क्षेत्र का मामला नहीं हो सकी पहचान

अमृत विचार : बीबीडी इलाके में लखनऊ अयोध्या हाईवे किनारे अलग-अलग स्थानों पर युवक और बुजुर्ग का शव मिला। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शवों को मोर्च्युरी में रखवाया है। आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदा लोगों की डिटेल मंगाई गई है।

बीबीडी पुलिस के अनुसार शनिवार दोपहर सूचना मिली हाईवे किनारे भारतीय पुरम जाने वाले रास्ते पर अज्ञात युवक (40) मरणासन्न हालत में पड़ा है। उसे एंबुलेंस से लोहिया अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक के शरीर पर पीली टीशर्ट और लोवर था। दूसरा शव करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग का उतरधौना गांव के पास मिला। शरीर पर सिर्फ लोवर था। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुला दोनों की पहचान का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर ने बताया आसपास के थानों से गुमशुदा की लिस्ट मंगाई है। पूछताछ में पता चला कि युवक उसी सड़क पर इधर-उधर टहलता था। आज बेहोश मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। वहीं अधेड़ को तेज खांसी आ रही थी। वह भी रोड पर ही घूमता रहता था। पुलिस ने शवों को मोर्च्युरी में रखवाया है।

दंपति पर एनबीआरआई के रिटायर्ड कर्मी की हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- कर्मी की पत्नी ने महिला को पहचाना, मित्र की पत्नी उतरी थी कार से
- रुपये न देने पर महिला अपने पति के साथ मिलकर कर रही थी ब्लैकमेल

अमृत विचार : एनबीआरआई से रिटायर्ड लैब टेक्नीशियन की मौत के मामले में शनिवार को उनकी पत्नी ने नाका निवासी दंपति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर गुडंबा नितीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गुडंबा के कुर्सी रोड स्थित गायत्रीपुरम निवासी एनबीआरआई से रिटायर्ड लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार श्रीवास्तव का शव 21 मार्च को डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान के पास मिला था। मनोज की पत्नी सुषमा श्रीवास्तव ने बताया पति का शव मिलने के बाद पुलिस ने एक महिला का सीसीटीवी फुटेज दिखाया। जिसमें महिला कार से उतरी थी। महिला का नाम अरुणा श्रीवास्तव है, जो कि मनोज के सहपाठी जागेश्वर श्रीवास्तव की पत्नी है। सुषमा का आरोप है कि तीन वर्ष से अरुणा की मनोज से बात हो रही थी। उन्होंने महिला के पति को जानकारी देकर बात करने से रोकने को कहा था। तब महिला के पति ने उनसे झगड़ते हुये कहा जैसा चल रहा है चलने दो। सुषमा ने बताया अरुणा उसके पति मनोज से रुपये वसूलती थी। सुषमा ने अरुणा और जागेश्वर पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि जांच के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

ब्लैकमेल कर रुपये वसूल रही थी महिला–सुषमा ने बताया कि अरुणा द्वारा रुपये मांगने से पति मनोज तंग थे। घटना से करीब एक माह पहले मनोज ने इस संबंध में उनसे व बेटे हर्ष चंद्रा से यह बात बताई थी।

यह है मामला

डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान के पास 21 मार्च को कार में 60 वर्षीय मनोज कुमार श्रीवास्तव का शव मिला था। परिजन ने 20 मार्च की रात गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुडम्बा पुलिस लोकेशन ट्रेस कर मौके पर पहुंची थी।

स्टंटबाज ने पड़ोसी पर हमला कर धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली में एक युवक ने स्टंटबाज के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवक का आरोप है कि स्टंटबाज बाइक से हैरतअंगेज करतब दिखा रहा था। मना करने पर स्टंटबाज ने उस पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक, कल्पना रेजीडेंसी फेज-2 हुलासखेड़ा निवासी सूरज पाठक ने स्टंटबाज विजय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि विजय उनके घर के पीछे रहता है। आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे विजय घर के पास बाइक से हैरतअंगेज स्टंटबाजी कर रहा था। यह देखकर पीड़ित ने उसे रोका तब वह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उन पर हमला कर दिया। हंगामा बढ़ने पर स्टंटबाज धमकी देते वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

23 शस्त्र धारकों के लाइसेंस होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संबंधित थाना प्रभारियों ने विभागीय अफसरों को भेजी जांच रिपोर्ट
- आपराधिक इतिहास वाले शस्त्र धारकों पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने पुलिस बेहद गंभीर है। मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने अपराधियों पर नकेल कसी जा रही है। विभिन्न थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के आपराधिक इतिहास वाले 23 शस्त्रधारकों के लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट विभागीय अफसरों को भेजी है।

बता दें पारा इंस्पेक्टर ने शस्त्र धारक शैलेन्द्र त्रिवेदी निवासी बाना कॉलोनी, पारा, आलोक अवस्थी निवासी राजाजीपुरम, सुशील कुमार निवासी मनहर खेड़ा, राजेन्द्र कुमार निवासी सलेमपुर पतौरा, शिवनाथ सिंह निवासी पिताम्बर खेड़ा, राहुल निवासी नरदनखेड़ा, रघुबीर सिंह निवासी जलालपुर, प्रदीप शर्मा निवासी पिताम्बर खेड़ा, राजेन्द्र कुमार वर्मा निवासी बल्दीखेड़ा का अपराधिक इतिहास मिलने पर लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है। कृष्णानगर इंस्पेक्टर ने मो. युनुस सिद्दीकी निवासी आजादनगर, अल्ताफ सिद्दीकी निवासी आजादनगर, अभिषेक कुमार यादव उर्फ वीरू यादव निवासी अलीनगर सुनहरा, भानुप्रताप सिंह निवासी अलीनगर सुनहरा के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी है। मोहनलालगंज इंस्पेक्टर ने अरविन्द कुमार निवासी मऊ, तेजभान सिंह निवासी मऊ, राजेन्द्र कुमार राजा निवासी ग्राम दीवानगंज मजरा मऊ का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है। इसी तरह अनिल कुमार यादव निवासी हसनपुर खेवली, शोभेलाल निवासी अहिमामऊ, धनश्याम यादव निवासी ग्राम महिपत खेड़ा, महेन्द्र प्रताप निवीस ग्रीन सिटी सरसवा, विशाल सिंह चौहान निवासी सरसवा, आशुतोष पाल निवासी अर्जुनगंज और उमेश चन्द्र तिवारी निवासी नस्तेमाऊ का लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की है।

लू को लेकर बदलें स्कूलों का समय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिलाधिकारी ने लू से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर विभागों व स्कूलों को दिए निर्देश
- सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से पेयजल की करें व्यवस्था

अमृत विचार: हीटवेव (लू) से छात्र-छात्राओं को बचाने व स्कूलों में खेलकूद गतिविधियों पर रोक लगाने को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने निर्देश दिए हैं। अप्रैल में ही प्रचंड गर्मी पड़ने के संकेत हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान भी यही है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों से लू से बचाव को गंभीर रहने के लिए कहा है। उन्होंने पार्कों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से छाया, पेयजल और निःशुल्क प्याऊ की समुचित व्यवस्था कराने को कहा। पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लू से बचाव के लिए सुरक्षा संबंधी पोस्टर चस्पा किए जाएं। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में ओआरएस एवं अन्य औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था रखें। चिकित्सकों को लू से पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल इलाज देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों और मनरेगा के तहत काम करने वाले और अन्य मजदूरों/श्रमिकों से दोपहर के समय काम न कराया जाए। प्राणि उद्यान में जीव-जन्तुओं एवं अन्य पशुधन को लू से बचाने के लिए छाया, पेयजल और चारे की उचित व्यवस्था की जाए।

डीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एसडीएम को भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत लेखपाल, कानूनगो और ग्राम प्रधान के माध्यम से हीट वेव से बचाव के संबंध में प्रशिक्षण देने का निर्देश है। शहरी क्षेत्र में यह जिम्मेदारी उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी गई है।

मजदूर व किशोरी का शव फंदे से लटका मिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोसाईंगंज और गोमतीनगर विस्तार से सामने आए मामले

अमृत विचार : गोसाईंगंज थाना अंतर्गत अमेठी कस्बा आम की बाग में शनिवार सुबह मजदूर सतीश साहू उर्फ अंकित (22) का शव पेड़ से फंदे में लटकता मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अमेठी कस्बा निवासी मजदूर सतीश साहू शुक्रवार शाम को बिना बताए घर से कहीं चला गया। भाई कपीस साहू ने बताया कि रात भर परिजन उसकी खोजबीन करते रहे। बावजूद इसके सतीश का कहीं पता नहीं लगा। शनिवार सुबह आम के बाग में उसका शव फंदे से लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ गोमतीनगर विस्तार थाना अंतर्गत सेक्टर-चार सरकारी ट्यूबवेल के पास किरन झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहती है। उन्होंने बताया कि बेटा अंकुश (16) बताशे का ठेला लगाता था। कुछ दिन पूर्व अंकुश उनसे बाइक दिलाने की जिद कर रहा था। इस पर मां ने बाइक दिलाने से मना कर दिया। इच्छा पूरी न होने पर अंकुश ने शनिवार सुबह झोपड़ी में दुपट्टे का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

देवर ने की भाभी को जिंदा जलाने की कोशिश

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाने में एक महिला ने देवर पर गंभीर आरोप लगाए है। महिला का आरोप है कि देवर ने उसकी पिटाई कर जिंदा जलाने की कोशिश की। हालांकि, महिला के शोर मचाने पर देवर धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे के मुताबिक, राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक निवासी अनुपमा तिवारी ने देवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि गुरुवार को देवर शराब पीकर घर पहुंचा और फिर सास-ससुर से मारपीट करने लगा। आरोप है कि मारपीट के दौरान देवर ने ससुर का गला दबा दिया। विरोध करने पर देवर ने उससे बदसलूकी कर किचन में रखे गैस का सिलेंडर खोल दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला परिवारिक विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

शटरिंग मिस्त्री का तालाब में मिला शव, हत्या की आशंका

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके में शनिवार शाम एक शटरिंग मिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पानी भरे तालाब में उतराता मिला। जानकारी पाकर पहुंचे मृतक के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतक का मोबाइल लापता होने के कारण मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक सरोजनीनगर के अमौसी गांव निवासी शिवम रावत (22) शटरिंग मिस्त्री था। शनिवार सुबह वह काम पर जाने की बात बोल घर से निकला था। शाम करीब साढ़े छह बजे उसका शव गांव से कुछ दूर स्थित तालाब में देख लोगों ने परिजनों बताया। मौके पर पहुंचे परिजन ने शव निकाल सूचना पुलिस को दी। पुलिस को जांच में शिवम के कपड़े व जूते तालाब के बाहर मिले। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि शिवम के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। शुरुआती जांच में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से मौत होना सामने आया है। कहा पीड़ित परिवार की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। शिवम के परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है।

इंदिरा नहर में डूबे सफाई कर्मी का मिला शव

अमृत विचार, लखनऊ : सुशान्त गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत इंदिरा नहर में नहाते समय पानी डूबे सफाई कर्मी संजय बाल्मीकि (23) का शव शनिवार सुबह गोसाईंगंज के भटवारा गांव के पास उतराता हुआ मिला। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, चिनहट के नौबस्ता कला का निवासी संजय बाल्मीकि राम मनोहर लोहिया अस्पताल में सफाई कर्मी का काम करता था।वह गुरुवार को के ड्रीम वैली पुल के पास अपने चार अन्य दोस्तो के साथ नहर में नहाने आया था। नहर में नहाते समय आचानक उसका संतुलन बिगड़ गया था जिससे वह नहर में डूब गया था। जिसकी तलाशी के लिए पहले गोताखोर उसके बाद एनडीआरएफ की टीम लगाई गई थी लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका था। शनिवार पानी के बहाव में शव बहकर गोसाईगंज क्षेत्र के भटवार गांव के पास उतराता दिखा। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

पड़ोसियों ने घर में तोड़फोड़ कर लूटी ज्वैलरी

अमृत विचार, लखनऊ : नाका हिंडोला थाना अंतर्गत एक महिला ने पड़ोसियों के खिलाफ घर में तोड़फोड़ कर ज्वैलरी लूटने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि पुराने विवाद को लेकर पड़ोसी आए दिन उसके परिवार से झगड़ते हैं। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दस गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र त्रिपाठी के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पड़ोसी पंकज थापा, आरबी थापा, नंदलाल यादव, विपिन यादव, दीपू और छह अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि एक लम्बे समय से पड़ोसियों से उसका मनमुटाव चल रहा है। आरोप है कि 17 दिसम्बर की दोपहर पड़ोसी एकराय होकर उसके घर में घुस आए। फिर तोड़फोड़ कर मारपीट करने लगे। हाथपाई के दौरान पड़ोसियों ने उसे अश्लील हरकत कर घर में नकदी और ज्वैलरी लूट ली। हंगामा बढ़ने पर पड़ोसी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। सम्बन्धित थाने में शिकायत देने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दस गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार सर्विस सेंटर संचालक से ऐंठे सवा तीन लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज थाने में कार सर्विस सेंटर संचालक ने एक निजी कंपनी के निदेशक पर सवा तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।कैंट रोड स्थित साईं सर्विस सेंटर संचालक विजय ने बताया कि वह गाड़ियां धुलवाने के लिए चिनहट के कार पार्लर इण्डिया भेजते थे। काम पूरा होने के बदले करीब 20 लाख रुपये का पेमेंट भी उन्होंने किया था। विजय के मुताबिक उन्होंने जीएसटी भी दिया था। लेकिन कार पार्लर के कुंज बिहार ने विभाग में जीएसटी रिटर्न फाइल नहीं किया। इस वजह से विजय के पास विभाग से नोटिस भेज कर टैक्स जमा करने के लिए कहा गया। इस संबंध में कुंज बिहार से पूछताछ करने पर टाल मटोल करने लगा। पीड़ित विजय के मुताबिक आरोपी ने जीएसटी के नमा पर उनसे करीब सवा तीन लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। प्रभारी निरीक्षक राम कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

सहकारी बैंकों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : शहरी सहकारी बैंको के निदेशकों के साथ रिजर्व बैंक के निरंतर जुड़ाव के निरंतर प्रयास की अगली कड़ी के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक ने शनिवार को लखनऊ में उत्तरी क्षेत्र के चुनिंदा शहरी सहकारी बैंको के अध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और निदेशकों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया। शहरी सहकारी बैंको में प्रशासन, जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और लेखा परीक्षा सम्मेलन का मुख्य विषय था। सम्मेलन को उप गवर्नर एम राजेश्वर राव, कार्यकारी निदेशक रोहित जैन और आरबीआई के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। रिज़र्व बैंक ने इससे पहले अगस्त 2023 और जनवरी 2024 में क्रमश: मुंबई और हैदराबाद में शहरी सहकारी बैंको के निदेशकों के साथ वार्ता की थी।उप गवर्नर राव ने अपने मुख्य अविभाषण में विशेष रूप से बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को बैंकिंग सेवाएं मुहैया करने में शहरी सहकारी बैंकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

शराब पिलाकर किशोर से किया कुकर्म

संवाददाता, मलिहाबाद

- माल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की शुरू की तलाश

अमृत विचार : माल थाना अंतर्गत घर से खेत की तरफ निकले किशोर को एक युवक डरा धमका कर अपने साथ लेकर चला गया। फिर जबरन शराब पिलाकर उसके साथ कुकर्म किया। चीखने-चिल्लाने पर आरोपी किशोर को धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला। बदहवाश अवस्था में घर पहुंचे किशोर ने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ संबन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, माल के एक गांव निवासी किसान ने उधम सिंह के खिलाफ कुकर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गुरुवार को बेटा (15) घर से खेत की तरफ गया था। आरोप है कि वहां मौजूद उधम सिंह ने बेटे को डरा-धमका कर अपने साथ बागों की तरफ लेकर गया। फिर बेटे को जबरन शराब पिलाकर उससे घिनौनी हरकत की। बदहवास अवस्था में घर पहुंचने पर किशोर ने मां को आपबीती सुनाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि किशोर के पिता ने उधम सिंह पर कुकर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी गांव से भाग निकला है।

दामाद पर लगाया पुत्री को जहर देने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज थाने में एक पिता ने दामाद पर बेटी जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। वजीरगंज कोतवाली अंतर्गत रकाबगंज निवासी सुरेंद्र कश्यप ने दामाद शिवा कश्यप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि जून 2023 में बेटी सृष्टि की शादी हुसैनगंज निवासी शिवा कश्यप से की थी। उनका आरोप है कि शिवा शराब पीने का आदी है। इसको लेकर सृष्टि और शिवा के बीच कई बार झगड़ा हुआ था। बताया कि गुरुवार को दामाद ने उन्हें पर बेटी की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। वह सिविल अस्पताल पहुंचे तो बेटी गम्भीर हालत में मिली। पूछताछ करने पर पता चला कि शिवा ने ही पत्नी को जहरीला पदार्थ देकर मारने का प्रयास किया है। यह आरोप लगाते हुए सुरेंद्र ने हुसैनगंज थाने में दामाद के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

शराब व्यवसायी की पत्नी पर होगी कार्रवाई, वही चलाती थी कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- पुलिस की जांच में मां के पास मिला ड्राइविंग लाइसेंस, हुए थे कई चालान
- पेपर मिल कालोनी में नाबालिग पुत्र ने दो महिलाओं को कार से था रौंदा

अमृत विचार: महानगर इलाके में दो महिलाओं को तेज रफ्तार कार से रौंदने के मामले में पुलिस ने शराब व्यवसायी की पत्नी ज्योत्सना जायसवाल का नाम भी रिपोर्ट में शामिल कर लिया है। एसीपी नेहा त्रिपाठी ने बताया कि नोटिस भेज उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है। जल्द ही उनको बुलाकर पूछताछ की जायेगी।

एसीपी ने बताया कि पुलिस की अब तक की जांच में सामने आया कि आरोपी नाबालिग की मां ज्योत्सना के नाम कार है, जिसे वे भी चलाती थी। उनके चलाने के दौरान ही कार का कई बार चालान हुआ था। उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला है। विधिक राय में कार मालिक और अभिभावक दोनों पर कार्रवाई की जा सकती है। इसके आधार पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह भी पता चला कि चालान मां के तेज रफ्तार चलाने पर हुये थे। एसीपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

यह है मामला

पेपर मिल रोड पर 2 अप्रैल को शराब व्यवसायी प्रतीक जायसवाल के नाबालिग बेटे के रौंदने से हादसे में शबनम (45) और शाहिदा बानो (54) मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया था।

शिकंजा वजीरगंज व साइबर क्राइम की टीम ने गौतमबुद्धनगर से चार शातिरों को दबोचा

बीमा पॉलिसी में ज्यादा लाभ देने के नाम पर ठगने वाले चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वजीरगंज थाने की पुलिस व साइबर क्राइम सेल की टीम ने बीमा पॉलिसी में ज्यादा लाभ देने का लालच देकर ठगने वाले गिरोह का खुलासा किया है। गिरोह के चार सदस्यों को गौतमबुद्धनगर (नोएडा) से गिरफ्तार किया है। चारों गिरोह बनाकर लोगों से ठगी करते थे।

वजीरगंज इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक 19 मार्च को सेक्टर-एन निवासी पंकज चतुर्वेदी ने एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप था कि जालसाजों ने बीमा पॉलिसी में निवेश करने पर ज्यादा लाभ दिलाने का झांसा दिया और 1.32 लाख ठग लिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने चार जालसाजों को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार कर उनके पास से आठ की-पैड और दो एन्ड्रायड मोबाइल बरामद किए हैं। पकड़े गए जालसाजों में बिहार, नई दिल्ली और हरियाणा के प्रवीन झा, राहुल कुमार, दीपक कुमार और मनोज कुमार शामिल हैं। इनकी काफी दिनों से तलाश की जा रही थी।

वजीरगंज थाने में पकड़े गए जालसाजी के आरोपी। अमृत विचार

पॉलिसी की जानकारी हासिल कर लोगों को फंसाते थे

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक शातिरों ने बताया कि गिरोह के सदस्य बीमा पॉलिसी धारकों की डिटेल प्राप्त कर उनसे एजेन्ट/बिचौलिए का कमीशन बचाने और लैप्स पॉलिसियों को दोबारा शुरू कराने के नाम पर संपर्क करते थे। गिरोह के सदस्य पॉलिसी मैच्योर होने पर अच्छा रिटर्न दिलाने का झांसा देकर जीएसटी/फाइल चार्ज और अन्य टैक्स बताकर विभिन्न खातों में रुपये मंगाते थे। इसके लिए फर्जी नाम व पते पर हासिल किए गए सिम कार्ड का प्रयोग करते थे।

आबकारी टीम ने 45 लीटर कच्ची शराब और 200 किलो लहन किया बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत शनिवार को सुनीता ओझा आबकारी निरीक्षक सेक्टर-11, कृष्ण कुमार सिंह आबकारी निरीक्षक सेक्टर-12 द्वारा मयस्टॉफ थाना बंथरा अंतर्गत ग्राम गदौली एवं थाना बिजनौर अंर्तगत ग्राम रतौली में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों एवं तालाबों के किनारे के संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। इस दौरान दबिश मौके से लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया। 200 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 2 अभियोग पंजीकृत किए गए। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि टीम में स्टाफ मुन्नीलाल, राम अचल, राघवेंद्र,अनिल मौर्या, अखिलेश यादव, जितेंद्र,उमेश आदि सम्मिलित रहे।

एक नजर

मानवीय गरिमा और अपमान पर व्याखान हुआ आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविधालय के दर्शनशास्त्र विभाग के द्वारा सैटरडे सेमिनार की श्रृंखला में विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के संरक्षण में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग की शोध छात्रा टी-महाश्वेता रैना ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में मानवीय गरिमा और अपमान में अन्तर स्पष्ट करते हुए मानवीय गरिमा को परिभाषित करने का प्रयास किया। विभाग के प्राचार्य प्रो. राकेश चंद्रा, एवम डाक्टर राजेश्वर प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

नजराना-ए-अवध कार्यक्रम का हुआ समापन

अमृत विचार, लखनऊ : अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में रंगरेजा थीम पर आयोजित चार दिवसीय वार्षिकोत्सव नजराना-ए-अवध का समापन हुआ। इस साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव का विजेता अवध गर्ल्स तो आईआईएलएम दूसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम रहे। उन्होंने विजेताओं को ट्राफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार बांटे।

पार्किंग स्थलों पर जाम लगा रहीं रोडवेज, सिटी बसें

लाट्र्स पदाधिकारियों का सहयोग नहीं कर रही यातायात पुलिस और नगर निगम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जाम की समस्या से छुटकारे के लिए बनाए गए ऑटो-टेम्पों पार्किंग स्थल बेमकसद साबित हो रहे हैं। इन पार्किंग स्थलों के पास रोडवेज और सिटी बसें खड़ी कर दी जाती हैं। इससे घंटों जाम की समस्या बनी रहती है।

पांच पार्किंग स्थल को ठीक रखने और इनके संचालन की जिम्मेदारी लखनऊ टेंपो टैक्सी एसोसिएशन संयुक्त मोर्चा को इसी वर्ष 30 जनवरी में दी गई थी। लखनऊ ऑटो रिक्शा थ्री व्हीलर संघ (लाट्र्स) का आरोप है कि जाम दूर करने में पुलिस कर्मचारियों का सहयोग नहीं मिल रहा है। यातायात पुलिस और नगर निगम से सहयोग मांगने पर लाट्र्स के सदस्य को टरका दिया जाता है। इस मामले में लाट्र्स अध्यक्ष और प्रतिनिधि कई बार पुलिस के अधिकारियों से भी मिल चुके हैं। अधिकारी जल्द मौके पर आने की बात कह कर टरका देते हैं।

चारबाग मेट्रो स्टेशन के निकट रोडवेज बसों की वजह से लगा लंबा जाम। अमृत विचार

पॉलीटेक्निक चौराहा : रोजाना दो लाख से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। सुबह और शाम दो घंटे जाम लगता है।

कमता बस स्टैंड के सामने : इस मुख्य मार्ग से रोजाना तीन लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। यहां शाम को भीषण जाम लगता है।

चारबाग-रविंद्रालय और केकेसी : इस चौराहे के बीच रोजाना पांच लाख से अधिक लोग आवागमन करते हैं। आरटीओ कार्यालय के अनुसार इस दो किमी के रूट पर दो पहिया, चार पहिया, बस और ई रिक्शा का दबाव सबसे अधिक है। सिटी और रोडवेज बसों के खड़े होने के कारण सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

अवध नहर चौराहा : तीन लाख से अधिक लोग यहां से गुजरते हैं। इस चौराहे पर दिन भर जाम लगा रहता है।

दुबग्गा तिराहा : यहां पर दो लाख लोग रोजाना आवागमन करते हैं। यहां पर ई रिक्शा और अतिक्रमण के चलते जाम लगा रहता है।

> चारबाग के साथ शहर में ऑटो-टेंपों के लिए चिन्हित किए गए पार्किंग स्थलों पर जाम की समस्या बनी हुई है। डीसीपी यातायात से मुलाकात की है। उन्होंने सभी जगहों की व्यवस्था को जल्द देखने को कहा है।
>
> **-पंकज दीक्षित,** अध्यक्ष लखऊ ऑटो रिक्शा थी व्हीलर संघ

> ऑटो-टेंपो पार्किंग स्थल ही नहीं, व्यस्ततम मार्गों पर यदि रोडवेज और सिटी बसों के चलते जाम लग रहा है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। चालान के साथ ही इन बसों के चालकों और परिचालकों से जुर्माना वसूला जाता है।
>
> **-आरके त्रिपाठी,** क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ परिवहन निगम और एमडी, सिटी बस प्रबंधन

जल्द ही भारतीय टीम का हिस्सा होंगे मयंक : मोर्ने मोर्कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने उभरते स्पीडस्टार मयंक यादव के लिए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट टीम में खेलने के लिए अब पूरी तरह से तैयार है। उनके पास तूफानी रफ्तार है और लंबे समय तक भारतीय टीम का हिस्सा रहेंगे।

इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को खेले जाने वाले मुकाबले से पहले शनिवार की शाम आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मोर्कल ने कहा कि मयंक यादव पिछले सीजन के एक प्रैक्टिस मैच में चोट लग जाने की वजह से गेंदबाजी नहीं कर सके थे। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी रफ्तार से सभी को चौंका दिया है। मुझे लगता है कि वह इस टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी करता रहेगा और जहां तक मेरा अनुभव कहता है बहुत जल्दी भारतीय टीम में भी जगह बना लेगा।

लखनऊ की पिच को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले सत्र के मुकाबले इस बार पिच पर रन बढ़िया बना रहे हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान मोर्ने मोर्कल, डेविड मिलर।

जीत के लिए तैयार : डेविड मिलर

गुजरात टाइटंस टीम के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि पंजाब किंग्स से मिली हार निराशाजनक रही। लेकिन हम पहले हार कर अगले मैच में जीत दर्ज कर चुके हैं। इस बार भी हम इसके लिए तैयार हैं। एलएसजी के खिलाफ जीत दर्ज करने को हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। मिलर ने कहा कि हमारी टीम के कई खिलाड़ी 200 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। रविवार को सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मुकाबला खेला जाना है।

खिताब की दहलीज पर पहुंचा क्रिकेट संघ लखनऊ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ के रोहित द्विवेदी ने 25 रन देखकर तीन खिलाड़ियों को किया आउट**

अमृत विचार : शौर्य सिंह, विप्रज निगम और अक्शदीप नाथ के शानदार खेल की बदौलत क्रिकेट संघ लखनऊ ने वैभव मेमोरियल टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जिला क्रिकेट संघ मुरादाबाद को 44 रनों से हरा कर फाइनल में जगह बनाई।

पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट संघ लखनऊ ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 184 रन बनाए। लखनऊ की ओर से शौर्य सिंह ने 35 गेंद पर 8 चौके और 3 छक्के की मदद से बनाए गए 66 रन बनाए। कप्तान अक्शदीप नाथ के 28 गेंद पर 4 चौके और 2 छक्के की मदद से 44 रनों की पारी खेली। प्रियांशु पांडे ने 37 और कृतज्ञ सिंह ने 13 रनों का योगदान दिया।

मुरादाबाद की ओर से विशाल तोमर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में जिला क्रिकेट एसोसिएशन मुरादाबाद की टीम 9 विकेट पर 179 रन ही बना पाई। मुरादाबाद की ओर से ओवैस अहमद ने 67, सिद्धार्थ चौधरी ने 17, प्रियांशु गौतम ने 22 और अभी चौधरी ने 19 रन बनाए।

लखनऊ की ओर से रोहित द्विवेदी ने 25 रन देखकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया। विप्रज निगम ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर 4 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई। कृतज्ञ सिंह और मनीष शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

खुशी व करुणा के गोल से साई शक्ति बनी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **फाइनल में ओडिसा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर को दी शिकस्त**

अमृत विचार : खुशी और करुणा के गोल की बदौलत साई शक्ति ने ओडिसा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराते हुए खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के फाइनल फेज में चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

साई बाल टीम तीसरे स्थान पर रही। इस टीम ने प्रीतम सिवाच अकादमी को 5-1 से हराया।

गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेले गए फाइनल में साई शक्ति और नवल टाटा सेंटर के बीच खेला गया मुकाबला बेहद रोमांचक रहा।

चैंपियन बनीं साई शक्ति टीम ट्रॉफी व चेक के साथ। अमृत विचार

सार-संक्षेप

पांच प्यारों की अगुवाई में आज निकलेगी प्रभात फेरी

अमृत विचार, लखनऊ : खालसा पंथ का स्थापना दिवस (बैसाखी पर्व) पर तीन दिवसीय आयोजन 11 से 13 अप्रैल तक श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक देव जी नाका हिंडोला में मनाया जाएगा। वहीं, रविवार सुबह 7 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया एवं पंच प्यारों की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने दी। बताया कि प्रभात फेरी सुबह 7 बजे नाका हिण्डोला गुरुद्वारा से निकलकर नाका चौराहा, डीएवी कालेज रोड, मोती नगर चौराहा, आर्या नगर होती हुई सुबह 9 बजे गुरुद्वारा साहिब वापस पहुंचेगी। खालसा पंथ का स्थापना दिवस (बैसाखी पर्व) 13 अप्रैल शनिवार को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मनाया जायेगा।

क्रांतिकारी अल्लूरी सीताराम के संघर्ष को देख भावुक हुए लोग

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था 'जनता टेक्निकल एजुकेशनल सोसायटी के तत्वावधान में रंगमंच पर पहली बार भारत का बाजू, अल्लूरी सीताराम राजू का प्रदर्शन, वरिष्ठ नौटंकी व नाट्य निर्देशक, अमित दीक्षित रामजी द्वारा संवाद लेखन, परिकल्पना, संगीत व निर्देशन में शनिवार को गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में किया गया। इस प्रस्तुति की कहानी प्रमुख पात्र अल्लूरी सीताराम राजू के बचपन के उपरांत आदिवासी समाज के लिए संघर्ष से शुरू होती है। कथानक के अनुसार, महज 12 वर्ष की अवस्था में उन्होंने गृह त्याग कर हिमालय की ओर प्रस्थान किया और सन्यास धर्म स्वीकार कर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज हित में समर्पित कर दिया। कथानक में बताया गया कि रंपा घाटी को आजाद कराने के लिए दोनों संघर्ष करते हैं और अंत में अपने साथियों सहित कुर्बान हो जाते हैं।

होली मिलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

वृन्दावन न्यूज पेपर वितरक होली मिलन समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : वृन्दावन न्यूज पेपर वितरक द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में वृन्दावन समाचार पत्र कार्यालय संजीव अवस्थी पार्षद, सुनील रावत पार्षद, सुनील बंसल अखिल व्यापार मण्डल राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकीय औषधालय प्रभारी सुरेश कुमार पुरी टीम आवासीय कालोनी के अध्यक्ष और वृन्दावन, एल्डिको, मोहनलालगंज, गोपाल खेड़ा, अन्सल गोल्फ सिटी, अवध बिहार, के समाचार पत्र वितरक शामिल हुए।

संतान को गर्भ में मारने वाले माता-पिता कंस से ज्यादा पापी

अमृत विचार, लखनऊ : माता-पिता अपनी संतान को गर्भ में ही मार देते हैं। वे कंस से भी ज्यादा पापी हैं। आज बेटियां कचरे के ढेर पर फेंकी जा रही है। इसी समाज में यह सब हो रहा है। नहीं तो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे की जरूरत क्यों पड़ती? यह बातें हेमलता शास्त्री ने व्यास पीठ से कही। वे गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सुना रहीं थी। उन्होंने कहा कि बेटियां तो भगवान का सबसे बड़ा वरदान हैं।जब तक मनुष्य का चित्त नहीं बदलेगा तब तक यह पाप होता रहेगा। श्रीमद्भागवत कथा के 5वें दिन देवी हेमलता शास्त्री ने भगवान कृष्ण की बाल लीला, गोवर्द्धन पूजा से जुड़े प्रसंगों के साथ ही भारत की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में गिरिजा शंकर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, भारतभूषण गुप्ता, रवीश अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा सुनाती कथा वाचक हेमलता शास्त्री।

भारतीय नव वर्ष पर खाटू श्याम मंदिर में होंगे विविध आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय नववर्ष का जन-जन के बीच प्रचार-प्रसार और वैश्विक स्तर पर स्थापना के लिए हर साल की तरह इस बार भी खाटू श्याम मंदिर में दो दिवसीय आयोजन में दीपदान एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर डेढ़ दशक की यात्रा का वार्षिक पत्रिका नवचैतन्य का लोकार्पण भी किया जाएगा। यह जानकारी नव वर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने शनिवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में पत्रकारों को दी। समिति के अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने बताया कि राजधानी लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर पिछले 15 वर्ष से हो रहे आयोजन को इस बार गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम नववर्ष की पूर्व संध्या यानी आठ अप्रैल को दीपदान एवं मुख्य दिन नौ अप्रैल को सायं 5.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समिति की वार्षिक पत्रिका नवचैतन्य का लोकार्पण भी किया जाएगा।

उदय गंज के डायमंड डेरी कालोनी कल्याण समिति द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव होली मिलन समारोह को संबोधित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

होली भाईचारे की भावना पैदा करने वाला सबसे बड़ा उत्सव : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **वरिष्ठ नागरिकों को आदर्श नागरिक सम्मान से उप मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित**

अमृत विचारः डायमंड डेरी कॉलोनी कल्याण समिति का होली मिलन एवं वार्षिकोत्सव शनिवार को डायमंड डेरी कॉलोनी स्थित नेताजी सुभाष पार्क में हुआ। आयोजन में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं उनकी पत्नी व समाजसेवी नम्रता पाठक मुख्य अतिथि रहे।

आयोजन में मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने कॉलोनी के 80 वर्ष से अधिक अवस्था वाले वरिष्ठ नागरिकों को आदर्श नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। वरिष्ठ पत्रकार पीबी वर्मा, रुस्तम खान, प्रेमा यादव, चंदो यादव, शांति यादव, सावित्री यादव, सरोजिनी यादव को सम्मानित किया गया। इनके अलावा नगर निगम के नगर अभियंता सतीश कुमार रावत को 'आदर्श सेवा सम्मान' एवं सहायक पुलिस आयुक्त अवधेश कुमार वर्मा की 'आदर्श पुलिस सम्मान' से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहाकि होली भाईचारे की भावना पैदा करने वाला सबसे बड़ा उत्सव है। इस अवसर पर उपस्थितजनों को अबीर लगाकर अभिनंदित किया गया। अनादि श्रीवास्तव की मशहूर संगीत पार्टी ने लोकगीतों का सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। डायमंड डेरी कॉलोनी कल्याण समिति के अध्यक्ष श्याम कुमार ने शुरू में आगंतुकी का स्वागत किया तथा होली की बधाई दी।

वंचित से चर्चित फाउंडेशन के बच्चों की प्रतिभा ने किया प्रभावित

अमृत विचार, लखनऊ : वंचित से चर्चित इनोवेशन फॉर चेंज की ओर से चलाये जा रहे निशुल्क विद्यालय केंद्र इनोवेटिव पाठशाला में शनिवार को हुए छठे वार्षिक उत्सव का सफल आयोजन कटरा रामलीला मैदान में किया गया। इस वार्षिक उत्सव में न सिर्फ अपने अपने धर्मों के त्योहारों बल्कि देश के कोने-कोने में मनाये जाने वाले त्योहारों के जश्न की सुन्दर प्रस्तुतियां देखने को मिलीं। इस वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. यूवी किरण, और अतिथियों में दिव्य ज्योति फाउंडेशन के संस्थापक दिव्य प्रकाश, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. के शर्मिला और सुरभि जैन की मौजूदगी रही. वार्षिक उत्सव में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन हर्षित सिंह, विशाल कन्नौजिया, दीपक शर्मा, रोहित वर्मा, अभिषेक कश्यप, नीतू, आकांक्षा, रीना, अंजू, विनीत, महक, शगुन, स्नेहा और इशिका के सहयोग से किया गया।

पर्वतीय महापरिषद कल्याणपुर शाखा के होली मिलन समारोह में होलियों गायन पर नृत्य करती महिलाएं। अमृत विचार

होली गीतों पर थिरके पर्वतीय महापरिषद के लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पर्वतीय महापरिषद कल्याणपुर शाखा ने होली मिलन का आयोजन किया था। समारोह में पुरुष और महिलाओं की टोलियां उत्तराखंडी होलियों गायन पर झूमें। वहीं, एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

समारोह में पर्वतीय महापरिषद के मुख्य संयोजक टी एस मनराल, संयोजक और साहित्यकार कौस्तुभ चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह, नीरज सिंह, त्रिलोक सिंह अधिकारी, मयंक खर्कवाल एवं स्थानीय पार्षद उपस्थित रहे।

शुरू हुई कला प्रदर्शनी बटोही

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में आयोजित कला प्रदर्शनी बटोही के जरिये कला एवं शिल्प महाविद्यालय के ललित कला संकाय के समग्र छात्रों को एक सूत्र में बांधकर कला जगत को समर्पित करने का सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई। यह प्रदर्शनी कला और शिल्प कला के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवाचार का एक उत्सव है।

सकारात्मक संदेश देती इस समूह प्रदर्शनी बटोही का उद्घाटन शनिवार को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, फिक्की फ्लो की अध्यक्ष विभा अग्रवाल, वरिष्ठ अभिनेता अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ फोटोग्राफर अनिल रिसाल सिंह और प्रो. राकेश चंद्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बटोही में पेंटिंग, व्यवसाय कला, मूर्ति और टेक्सटाइल डिज़ाइन को शामिल किया गया। यह प्रदर्शनी उभरते हुए कलाकारों को एक विशाल दर्शक जनता के सामने अपने विशेष दृष्टिकोण और कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी।

टेक्सटाइल डिज़ाइन विभाग से प्रतिभागी अदीबा परवीन और उदिता पटेल की रचनाएं परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण हैं, अपनी जटिल डिज़ाइन और जीवंत रंगों से दर्शकों को आकर्षित करती हैं।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

मानसिक मंदित किशोरी से दुष्कर्म, प्राथमिकी

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत एक युवक ने मानसिक मंदित किशोरी से दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक अलोक राव के मुताबिक, क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित ने लवकुश के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का आरोप है कि लवकुश ने उनकी मानसिक मंदित बेटी(17) को झाड़ियों में ले जाकर घिनौनी हरकत की। मुंह बंद रखने के लिए आरोपी बेटी को धमकाते हुए वहां से भाग निकला। बदहवाश हालत में घर पहुंची बेटी ने परिजनों को आरोपी की करतूत बताई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी का पीड़िता के गांव में काम से आना जाना रहता था। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

नैनी विवि के वरिष्ठ सहायक पर दुष्कर्म का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना के निजी विश्वविद्यालय में कनिष्क सहायक पद पर कार्यरत महिला ने हेमवती राजकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक पर यौन शोषण का आरोप लगाकर सुशांत गोल्फ सिटी में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, पीड़िता ने नैनी के हेमवती राजकीय महाविद्यालय में वरिष्ठ सहायक महाबीर प्रसाद शर्मा पर दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि कोरोना काल में उसे पति की मौत हो गई थी। वह सहायक पद पर कार्यरत थे। पति की मौत के बाद नैनी के हेमवती राजकीय महाविद्यालय में वरिष्ठ सहायक महाबीर प्रसाद शर्मा ने मृतक आश्रित कोटे में नौकरी दिलाने के नाम पर दोस्ती की। जुलाई 2021 को महिला की नौकरी नैनी के विवि में कनिष्क सहायक पर लग गयी। पीड़िता का कहना है कि एक दिन महाबीर ने उससे ज्यादा काम होने की बात कहकर रोक लिया और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया, विरोध करने पर वह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा।

सौतन को प्रसाद में पिलाया केमिकल

कथा वाचक की दूसरी पत्नी ने पारिवारिक सदस्यों के संग रची थी साजिश, चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई थाना क्षेत्र से सामने आई घटना
- प्रसाद खाते ही माधुरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई

अमृत विचार : पीजीआई थाना अंतर्गत कथावचक की दूसरी पत्नी ने सौतन से रास्ते से हटाने के लिए चरणामृत में केमिकल मिलाकर पिला दिया। शनिवार को पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी पत्नी ने पारिवारिक सदस्यों के संग मिलकर साजिश रची थी।

बिजनौर थाना अंतर्गत राजा सिटी की रहने वाली माधुरी की शादी कथावाचक रामरूप तिवारी से हुई थी। लिखित शिकायत में माधुरी ने बताया कि कुछ माह पूर्व पति ने एल्डिको उद्यान-दो निवासी तृषा शुक्ला से दूसरी शादी कर ली थी। पति की सच्चाई सामने आने पर माधुरी बेटे शुभम को लेकर किराए के मकान में रहने लगी। आरोप है कि गत 27 फरवरी को देवर संदीप ने उसे कॉल पर पीजीआई के कालिंदी पार्क में मिलने बुलाया। संदीप के साथ पत्नी रूचि, सास गायत्री भी मौजूद थी। इसी बीच तृषा चरणामृत लेकर उसके पास पहुंची। जिसे पीते ही माधुरी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद आरोपी घटनास्थल से भाग निकले। आनन-फानन माधुरी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, पता चला कि माधुरी को केमिकल पिलाया गया था। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि गत 2 अप्रैल को माधुरी ने एफआईआर दर्ज कराई है। इसके आधार पर संदीप कुमार, पत्नी रुचि तिवारी सास गायत्री और महिला की सौतन तृषा शुक्ला को गिरफ्तार किया है।

माधुरी से नाखुश थे परिजन

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक पूछताछ करने पर संदीप ने बताया कि माधुरी के व्यवहार से परिवार वाले नाखुश थे। वह किसी भी सदस्यों के साथ अच्छा बर्ताव नहीं करती थी। तृषा की रामरूप से दूसरी शादी करने की जानकारी संदीप को थी। तृषा ने ही माधुरी को रास्ते से हटाने की योजना तैयार की थी। जिसमें संदीप के साथ उसकी पत्नी और मां भी शामिल हुए थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला को कौन सा कैमिकल दिया गया है। रिपोर्ट आने पर इसकी जानकारी होगी।

सहारा बाजार समेत तीन स्थानों पर लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड, जानकीपुरम और अमीनाबाद में मची भगदड़

अमृत विचार : विभूतिखंड थाना अंतर्गत पॉलिटेक्निक चौरोहे के समीप सहारा बाजार के बेसमेंट में शनिवार शाम को आग लग गई। घटनास्थल पर पहुंची तीन दमकल ने एक घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। वहीं, शुक्रवार रात अमीनाबाद स्थित घर और जानकीपुरम में टेलर की दुकान में आग लग गई। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है।

एफएसओ गोमतीनगर के मुताबिक शाम करीब छह बजे पॉलिटेक्निक चौराहे के पास बने सहारा बाजार में आग आग लगने की सूचना मिली। टीम के साथ वह मौके पर पहुंचे तो सहारा बाजार के बेसमेंट से आग की लपट निकल रही थी। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मी पहुंचे तो वहां बनी दुकाने बंद थी। एफएसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टिया में सामने आया कि बेसमेंट में पड़े कूड़े में किसी ने जलती हुई बीड़ी या सिगरेट फेंक दी जिससे आग लग गई।

घर और टेलर की दुकान में लगी आग

अमीनाबाद के नजीराबाद निवासी सुल्तान अहमद के घर में शनिवार देर रात आग लग गई। आग से घर में धुआं भर गया। धुएं से सांस लेने में परेशानी होने पर लोगों की नींद खुली। किसी तरह भागकर लोग बाहर आ गए। सूचना पर पहुंची दो दमकल ने कुछ ही देर मे आग पर काबू पा लिया। एफएसओ के मुताबिक फ्रिज में हुए शार्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। फ्रिज व कुछ अन्य सामान जल गया। वहीं, जानकीपुरम सेक्टर- पांच स्थित टेलर आरिफ की दुकान में शुक्रवार रात आग लग गई। एफएसओ बीकेटी के मुताबिक लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची एक दमकल ने आधे घण्टे में आग पर काबू पा लिया। हादसे के समय दुकान बंद थी। आग की चपेट में आकर दुकान में लगे कपड़े जल गए। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

वृद्धा को अर्धनग्न कर गांव में घुमाया, प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निगोहां थाना अंतर्गत जमीन कब्जाने के नियत से युवकों ने एक वृद्धा को अर्धनग्न कर गांव में घुमाया। प्रभारी निरीक्षक अनुज तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली वृद्धा ने चंद्र प्रकाश तिवारी, मोहित तिवारी, सोहित तिवारी उर्फ गोलू, अतुल तिवारी और सत्यम तिवारी उर्फ राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

लिखित शिकायत में वृद्धा ने बताया कि आरोपी उसकी जमीन कब्जाने का प्रयास करते है। जिस वजह से वह अक्सर साजिश रचते हैं। आरोप है कि गत 01 मार्च को आरोपी उसके घर में जबरन घुस आए, फिर अर्धनग्न हालत में पूरे उसे गाव में धूमाया गया। वृद्धा का कहना है कि आरोपियों के घर की महिलाओं ने भी पूरा सहयोग किया। उसके विरोध करने पर आरोपी उसे फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगे। वृद्धा ने आरोपियों के खिलाफ निगोंहा थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। हालांकि, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज और बलवा की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

वंदे भारत से दिल्ली का सफर होगा आसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 12 घंटे में पहुंचेगी नई दिल्ली यात्रियों को होगी सहूलियत

अमृत विचार: गोरखपुर से नई दिल्ली स्लीपर वंदेभारत चलाने का प्रस्ताव पूर्वोत्तर रेलवे ने तैयार कर रेलवे बोर्ड को भेज दिया है। महाप्रबंधक इस पर अपनी सहमति दे चुके हैं। कुछ अन्य ट्रेनों के साथ ही इस प्रस्ताव और टाइमिंग पर जल्द ही फैसला आ सकता है। आगामी 10 से 12 अप्रैल तक जयपुर में होने वाली आईआरटीटीसी (इंडियन रेलवे टाइम टेबल कमेटी) की बैठक में इस पर विचार-विमर्श होगा। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद जुलाई में जारी होने वाली समय सारिणी में में इसे जगह दी जाएगी।

प्रस्ताव में नई दिल्ली-वंदेभारत स्लीपर सप्ताह तीन दिन चलाने की तैयारी है। 12 घंटे में यह ट्रेन दिल्ली पहुंचा देगी। वंदेभारत को गोरखपुर से रात 10 बजे चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। अगले दिन सुबह 10 बजे यह ट्रेन नई दिल्ली पहुंच जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्लीपर ट्रेनों की नई कार बॉडी की ऊंचाई अधिक होगी, जिससे ऊपर के बर्थ वाले यात्रियों को असुविधा न हो। ऊपर बर्थ पर पहुंचने के लिए सीढ़ी के डिजायन में भी बदलाव किया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें टक्कररोधी प्रणाली कवच से लैस होंगी। अभी किसी रूट पर स्लीपर वंदेभारत नहीं चलाई जा रही है। जुलाई या अगस्त में इसकी पहली रैक चलाए जाने की संभावना है।

प्रस्तावित समय-सारिणी

गोरखपुर-नई दिल्ली वंदेभारत एक्सप्रेस स्लीपर

ट्रेन नंबर 22959

गोरखपुर से प्रस्थान का समय : रात 10 बजे

नई दिल्ली पहुंचने का समय अगले दिन : सुबह 10 बजे

नई दिल्ली-गोरखपुर वंदेभारत

ट्रेन नंबर : 22596

नई दिल्ली से प्रस्थान करने का समय : रात 10 बजे

गोरखपुर पहुंचने का समय अगले दिन सुबह 10 बजे

ऑटिज्म पीड़ित बच्चों का सीमित करें स्क्रीन टाइम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में ऑटिज्म के प्रति किया गया जागरूक

अमृत विचार : ऑटिज्म पीड़ित बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित होना चाहिए।अधिक समय तक मोबाइल, टीवी या लैपटॉप पर गेम्स खेलने या रील्स आदि गतिविधियां देखने से उनके दिमाग पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है। यह कहना है ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह का। वह अस्पताल में शनिवार को ऑटिज्म को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के 40 माता-पिता शामिल हुए। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए निदेशक प्रशिक्षण डॉ. नरेंद्र अग्रवाल ने अस्पताल के प्रयासों की सराहना की। सीएमएस ने बताया कि मनोचिकित्सक डॉ. लवकुश के नेतृत्व में प्रत्येक शनिवार को ऑटिज्म क्लीनिक और अभिभावक काउंसलिंग का प्रोग्राम संचालित है। डॉ. लवकुश ने ऑटिज्म के लक्षण और पीड़ित बच्चों के देखरेख करने के त्रिकोण को बताया।



अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के लोकसभा प्रभारियों की सूची घोषित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक डॉ. नीरज बोरा व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के 80 सदस्य बने लोकसभा प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वैश्य समाज ने लिया संकल्प

अमृत विचार : नरेंद्र मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने लिया है। शनिवार को फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष व उत्तरी से विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रदेश के 80 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी नियुक्त किया। फेडरेशन ने राजग को खुला समर्थन दिया।

लखनऊ लोकसभा सीट का प्रभारी डॉ. अनुपमा जायसवाल व मनोज अग्रवार को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। प्रदेश महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि दीपक मित्तल सहारनपुर, राजेश शंकर राजू कैराना और अमरोहा, रामराजीव सिंघल बिजनौर, गौरव अग्रवाल नगीना, अमित वार्ष्णेय मुरादाबाद, बदायू, प्रतापगढ़ व मीरजापुर, नवनीत अग्रवाल रामपुर, किशोर गुप्ता पीलीभीत व धौरहरा, जितेन्द्र रस्तोगी मेरठ, आजमगढ़ व कुशीनगर, अशोक अग्रवाल बागपत, जगमोहन गुप्ता गाजियाबाद, फतेहपुर व जौनपुर, अशोक गोयल गौतमबुद्धनगर, देवेन्द्र अग्रवाल बुलन्दशहर, लोकेन्द्र करवा अलीगढ़, मिथलेश अग्रवाल मथुरा, एटा व गोरखपुर, गिरीश रत्न को संभल, दिनेश चन्द गुप्ता को हाथरस व सीतापुर, रविकान्त गर्ग आगरा व फैजाबाद, सचिन गोयल फिरोजाबाद, अनुराग गुप्ता मैनपुरी व कन्नौज, आकाश अग्रवाल आंवला, मनोज अग्रवाल बरेली, राममोहन गुप्ता शाहजहांपुर, राकेश गुप्ता खीरी, डा. अजय गुप्ता हरदोई व रायबरेली, राहुल जायसवाल मिश्रिख, डा. धनंजय गुप्ता उन्नाव, चन्द्रांशु गोयल फर्रुखाबाद, इंजी. सुशील गोयल इटावा, डा. दिलीप सेठ कानपुर व झांसी, उमाशंकर गुप्ता अकबरपुर, प्रदीप जैन बहराइच व महाराजगंज, डा. डी.सी.गुप्ता मोहनलालगंज, आशीष गुप्ता अमेठी व लालगंज, सन्तोष गुप्ता जालौन, नीरज गुप्ता हमीरपुर व राबर्ट्सगंज, शिवकुमार सोनी बांदा व बांसगांव, शीतला प्रसाद केसरवानी कौशाम्बी, डा. अनिल गुप्ता बाराबंकी, पंकज गुप्ता पंकी कैसरगंज, जग प्रसाद गुप्ता गोण्डा, अशोक अग्रहरि सुल्तानपुर, रवि साहू फूलपुर, रमेश अग्रहरि इलाहाबाद, रघुनन्दन चौरसिया अम्बेडकरनगर, श्यामकरन टेकड़ीवाल श्रावस्ती, पवन कसौंधन डुमरियागंज, ध्रुव अग्रहरि बस्ती, अशोक लोहिया संतकबीरनगर, डीपी गुप्ता मछलीशहर, अमरनाथ अग्रवाल भदोही, गोपाल अग्रवाल देवरिया, नरेन्द्र अग्रहरि घोसी, नन्दलाल जायसवाल सलेमपुर, विनोद कुमार वर्मा बलिया, शिवकुमार गुप्ता गाजीपुर, अशोक कुमार गुप्ता चन्दौली तथा अटल गुप्ता वाराणसी का प्रभारी बनाया गया है।

ट्रॉप-टी जांच से हृदय की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में आयोजित हुए कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : हार्ट अटैक समेत हृदय की अन्य गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। यदि दिल से संबंधित कोई बीमारी होने वाली है, तो उसकी जानकारी पहले ही की जा सकती है। वह भी महज एक जांच के जरिये। यह कहना है नई दिल्ली से आये डॉ. नीरज भल्ला का। वह शनिवार को केजीएमयू में आयोजित सीएमई को संबोधित कर रहे थे। डॉ. नीरज भल्ला के मुताबिक हृदय संबंधी बीमारियों की जानकारी के लिए ट्रॉप-टी जांच कराई जाती है। यह खून की जांच होती है, लेकिन उससे भी बेहतर जांच ट्रॉप-आई है। इस जांच के जरिये समय रहते हृदय की गंभीर बीमारियों को जाना जा सकता है और लोगों को होने वाली कार्डियक इंजरी से बचाया जा सकता है।

दरअसल, हृदय और मस्तिष्क चोट मार्करों पर हालिया प्रयोगशाला अपडेट विषय पर केजीएमयू के डिपार्टमेंट ऑफ पैथोलॉजी की तरफ से इस सीएमई का आयोजन कराया गया था। सीएमई के संयोजक व पैथोलॉजी विभाग के डॉ. वाहिद अली ने बताया कि हृदय और ब्रेन इंजरी पर आई नवीन जांच और तकनीक पर चर्चा करने करीब 200 डॉक्टर पहुंचे थे।

आवास विकास ने मनाया 64वां स्थापना दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : आवास एवं विकास परिषद का 64वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। महात्मा गांधी मार्ग स्थित मुख्यालय में आवास आयुक्त बलकार सिंह ने अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद हवन पूजन किया। इस अवसर पर अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, वित्त नियंत्रक महेश चंद्र पांडेय, उप आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता, पल्लवी मिश्रा, निदेशक ग्लोबल सेल रामायण शरण सहित कर्मचारी एवं अभियंता उपस्थत रहे। प्रसाद वितरण के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। आवास आयुक्त सहित कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस के कारण आवास विकास मुख्यालय शनिवार को खोलने का आदेश जारी किया गया था। वृंदावन योजना कार्यालय से कर्मचारियों व अभियंताओं की उपस्थित काफी कम रही। बताया जा रहा है कि मुख्यालय के अलावा अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों व अभियंताओं को आमंत्रित नहीं किया गया था।

उत्कृष्ट छात्र पुरस्कृत, अभिभावक सम्मानित

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : बख्शी का तालाब विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय मल्लाहनखेड़ा में शनिवार को प्रवेश उत्सव, विदाई समारोह, होली मिलन और पूर्व छात्र सम्मान का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी पूजा पाण्डेय ने विद्यालय की छात्रा निधि,विनीता अंशु और प्रज्ञा आराधना बाजपेई को मिस मल्लाहन खेड़ा व अंशु गौतम,साहिल को मिस्टर मल्लाहन खेड़ा पुरस्कार प्रदान किया। ओवर ऑल चैंपियनशिप शालू गौतम, चैंपियनशिप इन स्पोर्ट्स पारुल बनीं। सक्रिय अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और बागवानी में सहयोग करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

ई पाठशाला में सबसे अधिक रिस्पांस करने वाले अंश बाजपेई और अनुज को मेडल दिया गया। प्यार लर्निंग में बच्चों को पढ़ाने वालों को शील्ड प्रदान की गई। पूर्व छात्रों और निपुण बच्चो के साथ अभिभावकों को सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक मोहिनी आभा ने बताया कि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी प्रस्तुत किए। मतदान करने और संचारी रोग से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया। प्रधान प्रतिनिधि उदय भान सिंह,ग्राम विकास अधिकारी दिनेश पाण्डेय मौजूद रहे।

सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ बीडीओ पूजा पाण्डेय, शिक्षक और अभिभावक।

सार-संक्षेप

जटिल सर्जरी कर जच्चा-बच्चा को दिया जीवन

अमृत विचार , लखनऊ : 22 वर्षीय मरीज बबली 9 माह की गर्भावस्था के साथ विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती हुई थी। उसे मल्टी ऑर्गन डिसफंक्शन के साथ गंभीर सेप्सिस व साथ ही साथ उसके गर्भ में पल रहे शिशु का जीवन संकट में था। क्योंकि रक्त जांच में बढ़ी हुई टीएलसी व एस .पीसीटी के साथ एलएफटी का भी काफी खराब स्तर था। संस्थान के चिकित्सा एवं शल्य विशेषज्ञों की टीम ने बच्चे और मां को बचाने के लिए आपातकालीन सर्जरी की योजना बनाई। सर्जरी के बाद मरीज को सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में स्थानांतरित कर दिया गया लेकिन जिस बात का जोखिम था वही हुआ 3 घंटे के बाद ही मरीज को परफ्यूजन पीवी ब्लीड होना शुरू हो गया। तत्काल ही पैरामेडिकल स्टाफ ने बिना विलम्ब के मरीज को पुन: ओटी में स्थानांतरित कर दिया। जब चिकित्सकों ने मरीज को देखा तो पता चला कि बहुत ज्यादा खून बह गया है। तदोपरान्त मरीज का कुशल प्रबंधन करते हुए रक्त स्राव को रोकने में चिकित्सक कामयाब हो गये। रक्त की कमी को पूरा करने के लिए रक्त ट्रांसफ़्यूज़ किया गया व एंटीबायोटिक्स दिए गए। सफल आपरेशन करने वाले बहुविशेषज्ञों की टीम में डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. वीरेंद्र शर्मा, डॉ. राजलक्ष्मी भंडारी, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. विवेक सचान, डॉ. सुधीर कुमार और डॉ. सोनिका गौर के अलावा नर्सिंग, पैरामेडिकल व सहयोगी स्टाफ शामिल थे।

केजीएमयू में पेंशनर्स हुए सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के पेंशनर्स एसोसिएशन का द्वितीय पेंशनर्स मिलन एवं सम्मान समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। केजीएमयू के कलाम सेंटर स्थित सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वरिष्ठ पेंशनर्स टीएन शर्मा, आरसी सक्सेना, एसएनपी श्रीवास्तव, आरपी वर्मा, श्याम लाल, अभिनन्दन सिंह को फूल माला और शाल के साथ सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष अमर नाथ यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा, महामंत्री ओपी त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष आरसी उपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष अंगद सिंह उपस्थित रहे।

गेहूं और अरहर की फसल जली

अमृत विचार,काकोरी : काकोरी थाना क्षेत्र के गांव बेढौना गांव के बाहर खेतों से हाईटेंशन की लाइन निकली है। शनिवार दोपहर ढीले तार हवा में टकराने से स्पार्किंग होने से चिंगारी खेत में जा गिरी। इससे खेत में खड़ी किसान विजय कुमार की एक बीघा गेहूं और पड़ोसी किसान की 10 विसुवा अरहर की फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया।

प्रधानाध्यापकों को निर्देश, समय से अपलोड करें डाटा

अमृत विचार, लखनऊ : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को शैक्षिक सत्र 2024-25 में निशुल्क यूनिफॉर्म और स्टेशनरी के लिए बजट दिया जाना है, ऐसे में अभिभावकों व बच्चों को सही ब्योरा अपलोड करने के लिए निर्देश जारी किए गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल माह के अंत तक बच्चों को आनलाइन दी जाने वाली सहायता राशि मुहैया करवा दी जाये ताकि वह अपनी यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, स्कूल बैग की खरीददारी कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि हर साल 1200 रुपये की राशि अभिभावकों के खाते में भेजी जाती ताकि वह बच्चों को यूनिफॉर्म दिलवा सकें। इस बार लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि सभी बच्चों को इसी माह धनराशि उपलबध करवा दी जाये। इसके बाद जो नये नामांकन होंगे उन बच्चों को बाद में राशि दी जायेगी। ये राशि आनलाइन दी जानी है इस स्थिति में अभिवावकों का खाता संख्या व उनका नाम और बच्चे के नाम के साथ-साथ दोनो के आधार अपडेट किया जाना अनिवार्य है। किसी भी दशा यदि अपडेट करने में देरी होती है तो इसके लिए प्रधानाध्यापक जिम्मेदार माने जायेंगे।

निपुण लक्ष्य एप के लिए तैयार होंगे प्रश्न

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी स्कूलों में निपुण लक्ष्य को पूरा करने के लिए शिक्षा विभाग की तैयारियां जारी है। अब निपुण ऐप पर 100 प्रश्न अपलोड किए जायेंगे। ये प्रश्न डायट की ओर से तैयार कराये जायेंगे। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी कर दिए हैं। वर्ष 2025-26 तक "निपुण लक्ष्य" हर हाल में प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही शिक्षकों द्वारा निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से प्रतिमाह बच्चों का नियमित आकलन किया जा रहा है। आकलन की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने के लिए निपुण लक्ष्य ऐप पर पर्याप्त संख्या में प्रश्नों की उपलब्धता आवश्यक है।

राज्यपाल ने किया मानसिक मंदित महिलाओं के आश्रयगृह का भ्रमण

मानसिक मंदित महिला से मिलतीं राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को सरोजनीनगर में शारीरिक रूप से अक्षम व मानसिक मंदित महिलाओं के आश्रयगृह 'मातृछाया' का भ्रमण किया व संबंधित महिलाओं से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मन में सेवा का भाव हो तो इस प्रकार के कार्य सम्पन्न होते हैं। सभी नागरिकों का दायित्व है कि ऐसे परिवारजन की सहायता कर उन्हें सही स्थान पर पहुंचाया जाए। उन्होंने पुलिस विभाग से भी अपेक्षा की कि पूरे प्रदेश में कहीं भी ऐसे लोग मिले तो उन्हें सही स्थान पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर उम्मीद संस्था के संस्थापक बलवीर सिंह मान, आराधना सिंह, उषा अवस्थी आदि मौजूद रहे।

लापरवाही | छत टपकने और परिसर में सीलन होने से स्कूल में करंट फैलने का खतरा

आठ साल से स्कूल की छत को छू रहे हाईटेंशन लाइन के तार

- कई बार शिकायतों के बावजूद ध्यान नहीं दे रहा बिजली विभाग
- बच्चों की जान पर खतरे से चिंतित हैं अभिभावक व शिक्षक

संवाददाता, काकोरी

अमृत विचार : राजधानी लखनऊ में नगर क्षेत्र में स्थित एक विद्यालय की छत पर आठ साल से हाईटेंशन लाइन के तार छू रहे हैं। बगल में तालाब होने से परिसर में सीलन रहती है और बरसात होने पर छत से पानी भी टपकता है। इससे बच्चों और शिक्षकों की जिंदगी पर हर समय खतरा मंडराता रहता है। अभिभावक और शिक्षक कई बार बिजली विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दे चुके हैं लेकिन तार छत से नहीं हटवाए जा रहे हैं। ग्रामीण बच्चों को लेकर हर समय चिंतित रहते हैं।

राजधानी का महिपतमऊ गांव नगर निगम सीमा में है। गांव की पूर्व दिशा में तालाब के किनारे वर्ष 2008 में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनवाया गया था। बरसात में पानी विद्यालय में भर जाता है। इस समय परिसर में पानी जा रहा है। तालाब के किनारे लगा खंभा झुकने से 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन लाइन के तार लगभग आठ साल से विद्यालय की छत को छू रहे हैं। सामने खड़े नीम के पेड़ की डालों पर भी तार रखे हैं। परिसर में सीलन होने से स्कूल में करंट फैलने की आशंका बनी रहती है।

बच्चों की जान को लेकर चिंतित अभिभावक और शिक्षक कई बार बिजली विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन तार छत से नहीं हटवाए गए। स्कूल के शौचालय भी खराब हैं। छत पर प्लास्टर नहीं होने से बरसात में पानी टपकता है।

स्कूल भवन के ऊपर से गुजरती हाईटेंशन लाइन, इनसेट में जर्जर छत। अमृत विचार

हाईटेंशन लाइन हटवाने के लिए कई बार बिजली विभाग को पत्र लिखा जा चुका है। विद्यालय भवन जर्जर है, इसका तकनीकी मुआयना भी कराने की तैयारी है। पूरी जानकारी लिखित में बीएसए को भी दी जा चुकी है।

-राममूर्ति यादव
खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी

स्कूल के छत पर रखे तार हटवाने के लिए एस्टीमेट जारी हो गया है। जल्द ही लाइन हटवा दी जाएगी।

-एसडीओ, दुबग्गा पावर हाउस

जीवन में सबसे महत्वपूर्ण आत्म संतुष्टि का भाव है : डॉ. राजेश्वर

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्विद्यालय के प्रो बोनो क्लब द्वारा 'सामाजिक सशक्तिकरण : नि :शुल्क विधिक सहायता के प्रभावी वितरण के लिए नीतियां' विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोजिनी नगर लखनऊ से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह रहे। वही अन्य वक्ताओं में प्रो. दीपक कुमार चौहान, लखनऊ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमृत खरे, अधिवक्ता मोहम्मद हैदर रिज़वी, अधिवक्ता शैलेन्द्र शर्मा अटल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक सरोजनी नगर डॉ. राजेश्वर सिंह ने विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण आत्म संतुष्टि का भाव है। देश के गरीब एवं वंचित वर्ग की सेवा करके जो संतुष्टि मिलती है उसको शब्दों में शायद ही व्यक्त किया जा सके।

एक नजर

गृहमंत्री अमित शाह के मामले में नहीं हुई बहस

संवाददाता, सुलतानपुर : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में शनिवार को तलबी बहस नहीं हो सकी। कोर्ट में परिवादी ने बहस के लिए मौके का प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर विशेष कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख नौ अप्रैल नियत कर दी। मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

आज अयोध्या जाएंगे राजस्थान के राज्यपाल

अयोध्या, अमृत विचार : राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र रविवार को अयोध्या आएंगे। वह परिवार के साथ राम लला व हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे। बताया गया कि वह सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचेगे। 11.10 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद दर्शन के लिए जाएंगे। राम लला के दरबार में परिवार समेत लगभग 12 पहुंचेंगे। दर्शन के साथ ही राम मंदिर का निर्माण देखेंगे। लगभग डेढ़ बजे हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन करेंगे।

20 क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा कनक भवन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी सरकार के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को 20 क्विंटल फूलों के साथ-साथ आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। जरबेरा व रजनीगंधा जैसे खुशबूदार फूलों की खेप, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता व दिल्ली से मंगाई गई है। इसके साथ ही कनक बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा। कनक भवन मंदिर में राम जन्मोत्सव के दौरान आने वाले भक्त बधाइयां गायन और सहेलियां बनकर नाचते-गाते हैं। इस वर्ष श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद उल्लास और दोगुना है।

सुलतानपुर में सुलह के लिए बुलाकर युवक को मारी गोली

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः शुक्रवार की देर शाम को ढाबे पर खाने के बाद पैसा देते समय दो पक्षों में गाली गलौज व मारपीट हो गई। देर रात एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को समझौते के लिए बुलाकर गोली मार दी। जिसमें गंभीर रूप से घायल युवक का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। युवक को तीन गोलियां लगी है। पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के राईबीगो निवासी अनुपम सिंह एक ढाबे पर दो साथियों के साथ खाना खा रहे थे। उसी ढाबे पर कटसारी निवासी विवेक सिंह भी चार साथियों के साथ खाना खा रहे थे। पुलिस को मिली तहरीर के मुताबिक जब अनुपम ढाबे वाले को पैसा देने गया तभी विवेक सिंह ने अनुपम को गाली गलौज देते हुए मारने लगे, तो दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। किसी तरह लोगों ने मामले को शांत कराया। रात करीब 10 बजे भगत सिंह, विवेक सिंह, रोहित सिंह, उत्कर्ष सिंह निवासी ग्राम कटसारी थाना कादीपुर आयुष सिंह (वीरू) निवासी बडौनाडीह थाना मोतिगरपुर द्वारा अविनाश सिंह (शुभम) को फोन करके सुलह करने के लिए बुलाया। आरोप है जैसे ही अविनाश सिंह (शुभम) अपने साथी लकी सिंह, विपिन उपाध्याय (विपुल) के साथ मौके पर पहुंचे तभी भगत सिंह आदि लोगो ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे। जिसमें शुभम सिंह लहूलुहान होकर घटना स्थल पर गिर पड़े।

ट्रामा सेंटर में भर्ती युवक।

पूर्व खेल मंत्री का विशेष कोर्ट में दर्ज हुआ बयान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः पूर्व विधायक व खेल मंत्री रहे ओमप्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों पर दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में पूर्व मंत्री एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में वकील संतोष पांडेय संग हाजिर कोर्ट आये। पूर्व विधायक समेत अन्य का सफाई साक्ष्य बयान दर्ज हुआ।

पूर्व मंत्री ने कहा राजनीतिक दबाव में प्रशासन ने गलत तरीके से मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने बयान दर्ज करने के बाद बहस के लिए अगली सुनवाई की तारीख 12 अप्रैल की नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उपनिरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

वकील से मंत्रणा करते ओपी सिंह।

महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे ने वाकाथन को दिखाई हरी झंडी

गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोल्फ कोर्स एवं रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में 5 अप्रैल से शुरू हुई तीन दिवसीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को वाकाथन का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने सुबह 7 बजे वाकाथन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वाकाथन में मुख्यालय एवं मंडलों के रेल अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त बास्केट बॉल (महिला वर्ग), फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबाल, बैडमिन्टन, शतरंज, टेबल टेनिस, कैरम, चेस फन गेम्स आदि के मैच खेले गये तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट के फाइनल मैच में लखनऊ मंडल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आवरों में 6 विकेट खोकर 71 रन बनाये। इसके जवाब में मुख्यालय ब्लू की टीम ने 2 विकेट खोकर 72 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिसमें मुख्यालय ब्लू के बीर बहादुर ने नाबाद 46 रन बनाये। इसके पूर्व सेमी फाइनल मैच लखनऊ मंडल एवं महाप्रबंधक एकादश तथा हेडक्वार्टर ब्लू एवं वाराणसी मंडल के बीच खेला गया। जिसमें हेडक्वार्टर ब्लू ने वाराणसी मंडल को 9 विकेट से तथा लखनऊ मंडल ने महाप्रबंधक एकादश को 24 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह वॉलीबाल, टेबल टेनिस, फुटबॉल, बैडमिन्टन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन देर शाम तक जारी रहा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में चल रही तीन दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को बैटिंग कर क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर।

एम्स में पहली बार की गयी मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी

▸▸ **छह घंटे चली सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में किया गया शिफ्ट**

राही, रायबरेली

अमृत विचार : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज में पहली बार शहर के ही एक बुजुर्ग की सफल ओपन हार्ट सर्जरी की गई। शल्य चिकित्सा (सीटीवीएस) विभाग के प्रो. डा. संकल्प ने 73 वर्षीय मरीज की ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी कर उसे नया जीवन प्रदान किया।

परिजनों ने बताया कि मरीज को सीने दर्द बना रहता था। पहली बार कार्डियोलॉजी में डा. आशीष जैन को दिखाया। सभी जांच कराने पर पता चला कि तीन नसें पूरी तरह से बंद है। जिसके बाद मरीज को सीटीवीएस विभाग भेजा गया। वहां पर सभी जांचे देखने के बाद ओपन हार्ट सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। सीटीवीएस विभाग के प्रो. डा. संकल्प ने बताया कि डॉ. सुरेंदर जांगिड़ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, डॉ विष्णु सिद्धार्थ, नर्सिंग अफसर आंचल कटोच व अंजू यादव के सहयोग से सर्जरी की गई। लगभग छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया। इसके बाद मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ है। उप निदेशक एसके सिंह ने पूरी टीम को बधाई दी।

दिसंबर तक तैयार हो जाएगा राम दरबार

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दौरान मंदिर के प्रथम तल को दिसंबर 2024 तक तैयार करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम तल पर राम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर के परिधि में 795 मीटर लंबे परकोटे के निर्माण का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन शनिवार की बैठक चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। नृपेंद्र मिश्र ने बताया राम मंदिर एक हजार वर्ष तक सुरक्षित रहेगा। निर्माण में एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी के साथ राजकीय निर्माण निगम को भी शामिल किया गया है। इस दौरान गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि निर्माण का मुख्य लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरा कर लेना है।

रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 24 लाख हड़पे

संवाददाता, खरगूपुर

अमृत विचारः रेलवे भर्ती बोर्ड का सदस्य बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर महिला सहित 12 लोगों से 24 लाख रुपये ठग लिए गए और फर्जी एडमिट कार्ड बनाकर दे दिया गया। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली नगर गोंडा के वंशा पुरवा केशवपुर पहड़वा निवासी आकाश शर्मा ने थाने पर दर्ज कराये गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि वह खरगूपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव के रहने वाले द्वारिका प्रसाद पुत्र महादेव प्रसाद का गोंडा मुख्यालय स्थित मकान निर्माण के दौरान सटरिंग का कार्य कर रहा था। इसी बीच आरोपी द्वारिका प्रसाद ने आकाश से अपने को रेलवे भर्ती बोर्ड का सदस्य बताकर उसे तथा पत्नी को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर चार लाख पचास हजार रुपये आरोपी अपने खाते में 21 जुलाई 2021 से एक वर्ष के भीतर किस्तों में जमा करा लिया। दर्ज कराए गए मुकदमे कहा गया है कि नौकरी न लगने पर उसने आरोपी द्वारिका प्रसाद के बारे में जानकारी की तो पता चला कि यह दस अन्य लोगों को भी नौकरी का झांसा देकर लाखों रुपये ठग चुका है। जिसमें आकाश शर्मा व उसकी पत्नी के आलावा कोतवाली देहात गोंडा के सुल्तानजोत निवासी भानु प्रताप सिंह से पांच लाख रुपये, इसी गांव के ही आकाश सिंह से ढाई लाख रुपये तथा गिरीश चंद शर्मा से दो लाख रुपये लिए थे।

जीएम ने श्रीनगर-संगलदान सेक्शन का किया निरीक्षण

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में यूएसबीआरएल परियोजना के श्रीनगर-संगलदान सेक्शन का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सीएओ/यूएसबीआरएल एससी गुप्ता, फिरोजपुर मंडल, इरकॉन और केआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। महाप्रबंधक ने दौरे के दौरान श्रीनगर से पाम्पोर तक चलने वाली डेमू पैसेंजर ट्रेन 04618 का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलयात्रियों से उनकी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। शोभन चौधुरी ने सेक्शन पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा की, जिसमें नई यातायात सुविधाओं का विकास, माल शेड और यात्री सुविधाओं का सुधार एवं बढ़ोतरी शामिल है। इस दौरे का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं क्षेत्र की उभरती जरूरतों के अनुरूप हों और समग्र परिचालन दक्षता में वृद्धि हो सके। इस दौरे के अंतर्गत बनिहाल-संगलदान सेक्शन में खोले गये नये रेलवे स्टेशनों, खड़ी, सुम्बड़ और संगलदान का निरीक्षण शामिल था। शोभन चौधुरी ने इन स्टेशनों पर यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया और यात्रियों एवं कर्मचारियों के साथ बातचीत करके हुए उनके अनुभवों को जाना। महाप्रबंधक श्री चौधुरी ने परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों को शेष कार्यों की बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिये। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

श्रीनगर-संगलदान सेक्शन का दौरा करते उत्तर रेलवे के जीएम शोभन चौधुरी।

कुशाग्र हत्याकांड

टीचर ने दाखिल की जमानत याचिका, नौ को होगी सुनवाई

कानपुर, अमृत विचार : कुशाग्र अपहरण-हत्याकांड में आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स की ओर से अदालत में जमानत याचिका दाखिल की गई है, जिस पर रायपुरवा पुलिस ने जमानत याचिका खारिज करने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया है। यह मामला जिला जज की कोर्ट में चल रहा था, जिसे अपर जिला जज सप्तम की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया है। मामले में नौ अप्रैल को सुनवाई होगी। आचार्य नगर निवासी हाईस्कूल के छात्र कुशाग्र कनोडिया की उसकी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात और उसके साथी शिवा ने 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिसके बाद से सभी आरोपी जेल में है। अपहरण हत्याकांड की आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स की ओर से एडीजे सप्तम आजाद सिंह की कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई नौ अप्रैल निर्धारित की है। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि जमानत याचिका खारिज कराने के लिए उनकी ओर से एडीजे कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया है, जिसमें साफ तौर पर लिखा है कि आरोपियों ने जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था। तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है।

जमीन से आसमान तक फाइटर जेट की गर्जना

संवाददाता, बांगरमऊ (उन्नाव)

अमृत विचारः शनिवार को देशवासियों के साथ पूरी दुनिया ने उस समय भारतीय वायु सेना का दम देखा जब 15 लड़ाकू विमान तेज गर्जना के साथ उन्नाव स्थित लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी के ऊपर से गुजरे और आसमान में चले गए। सभी फाइटर जेट एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप की लोकेशन ट्रेस कर बक्शी तालाब लखनऊ एयर फोर्स स्टेशन भेजे गए। देश की ताकत देखने को वहां वायुसेना के अफसरों के अलावा पुलिस-प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारी व हजारों की संख्या में लोग भी मौजूद थे।

शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे बारी-बारी से छह सुखोई-30 लड़ाकू विमान तेज गर्जना के साथ हवाई पट्टी के रनवे से करीब 10 से 15 फिट ऊपर से गुजरे और आगे जाकर लखनऊ की ओर मुड़ गए। इसके बाद चार मिराज लड़ाकू विमान गरजते हुए एयर स्ट्रिप के ऊपर से निकले और लौट कर बारी-बारी से हवाई पट्टी से करीब 50 फीट ऊपर से गुजरते हुए निकल गए। अंत में पांच साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट हवाई पट्टी के 10 फीट ऊपर से निकले। जिन्हें दर्शक कौतूहल भरी निगाहों से देखते रहे। यह विमान धुआं छोड़ते हुए चल रहे थे और इनकी गर्जना अन्य से काफी कम थी। बाबा की कुटिया के सामने लगे अफसरों के पंडाल से उद्घोषक द्वारा दर्शकों को सभी विमानों की किस्म की जानकारी लाउडस्पीकर के जरिए दी जाती रही। विमानों के बारे में जानकारी पाकर लोग प्रफुल्लित होते रहे। लोगों को एक समय तो ऐसा लगा कि जैसे यह सभी फाइटर जेट किसी देश पर हमला करने को जा रहे हों।

दर्शकों से अधिक रही सुरक्षा कर्मियों की संख्या :बांगरमऊ। लड़ाकू विमानों के अभ्यास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीओ अरविंद सिंह फोर्स के साथ लोगों को सर्विस रोड से हटाते रहे। जबकि एसडीएम नम्रता सिंह पांडाल व सर्विस रोड पर घूम-घूमकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती रहीं। हवाई पट्टी के दोनों ओर दर्शकों से अधिक सुरक्षा कर्मी नजर आए।

- शनिवार को वायु सेना के लड़ाकू विमानों की गर्जना से गुंजायमान हो गया उन्नाव जिला
- लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित हवाई पट्टी पर फाइटर जेटों ने किया टच डाउन
- एयर स्ट्रिप पर आसमान से उतरे मिराज, सुखोई व साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट

मिराज, सुखोई व साउंड लेस एन-32 ने दिखाया दम

- **बांगरमऊ।** शनिवार को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित एयर स्ट्रिप पर एन-32 एयर क्राफ्ट, मिराज फाइटर जेट, सुखोई-30 लड़ाकू विमान व साउंड लेस एन-32 एयर क्राफ्ट ने अभ्यास किया। सभी लड़ाकू विमानों को देखकर वहां मौजूद लोग दंग रह गए।

आज आएगा सी-हरक्युलिस व चिनूक हेलीकॉप्टर

- **बांगरमऊ।** एयरफोर्स का मालवाहक जहाज सी-हरक्युलिस नहीं उतरा व अधिकारी भी चिनूक हेलीकॉप्टर से हवाई पट्टी पर नहीं उतरे। वायु सेना के अफसरों के अनुसार रविवार को होने वाले रिहर्सल में अन्य सभी किस्म के लड़ाकू विमान शामिल होंगे। साथ ही रविवार को सभी एयर क्राफ्ट एयर स्ट्रिप को टच डाउन करते हुए निकलेंगे।

वर्ग पहेली-32

बाएं से दाएं

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

ऊपर से नीचे

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।
3. नागरिक, नगर का निवासी।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है



वर्ग पहेली -31 का हल

			1 म		2 टे	
	3 उ	दि	त	यौ	व	4 ना
5 रे			वि			ग
टि			भा			र
ना			6 ज	7 ब	कि	
	8 वै	9 खा	न	स		10 ताँ
		म		र		11 ता

सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1				2	
7		4		2		1		6
		6			3		9	
	2	1		4		5		
		7		8		6	4	
	7		5			8		
5		3		1				7
	6				9			4

सुडोकू -110 का हल

9	2	1	5	3	7	4	8	6
3	8	7	6	9	4	2	1	5
4	6	5	2	1	8	7	3	9
7	4	8	9	6	3	1	5	2
1	5	3	7	8	2	9	6	4
2	9	6	1	4	5	3	7	8
8	7	4	3	2	6	5	9	1
5	1	2	8	7	9	6	4	3
6	3	9	4	5	1	8	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 06.53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03.21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12.58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

वृष — आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

मिथुन — आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कर्क — आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

सिंह — आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

कन्या — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

तुला — आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

वृश्चिक — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

धनु — आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

कुंभ — आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

मीन — आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कहानी किस्मत की — दोपहर : 12.02
- लोहा — रात : 07.57

&pictures
- एंटरटेनमेंट — सुबह : 09.20
- दिल चाहता है — शाम : 04.30

SONY PIX
- इन द हार्ट ऑफ द सी — सुबह : 10.05
- स्पाइडर मैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- डॉन — सुबह : 11.30
- रईस — रात : 07.40

colors CINEPLEX
- भगवंत केसरी — दोपहर : 12.55
- पिचैककरण — रात : 07.03

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

काल-अश्व विश्वरथ का नियंता

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहा है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप ध्रुवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं, बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा, ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास, साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है, क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं, वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं, चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो, चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं, इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था, लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी, से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलेंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है, जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था, लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है, उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

भविष्य वर्तमान का प्रतिफल

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी, उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था, एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं, किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी, इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है, आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में, अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें, कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें, आदत की फसल काटें, आदत बोयें, चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें, नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं, परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं, परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

लिखने का रंग

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते, लालटेन की रोशनी में, तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती, हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है, यह पेंट नहीं होता, उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन, यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

हफीज किदवई
लेखक

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं, मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों, उसके कानों, उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे, आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं, मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं, वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं, उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं, जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो, उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है, उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो, मगर उसमें हर लफ़्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे, ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा, मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है, नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी, बस इतने भर के लिए है।

मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती, जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है, जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है, जैसे आंधी, तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए, इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है, इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।

एक नजर

झारखंड के पलामू में पुल के नीचे सिलेंडर बम मिला

मेदिनीनगर : झारखंड के पलामू जिले में शनिवार को एक पुल के नीचे संदिग्ध रूप से माओवादियों द्वारा लगाया गया एक सिलेंडर बम पाया गया। पुलिस अधीक्षक रेश्मा रमेशन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की सभी महत्वपूर्ण सड़कों पर एक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान पांकी पुलिस थाना क्षेत्र में एक पुल के नीचे विस्फोटक पाया गया। उन्होंने बताया कि विस्फोटक का वजन करीब पांच किलोग्राम था।

अगले सप्ताह भाजपा में वापसी करुंगा : एकनाथ

मुंबई : करीब तीन साल पहले महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व के साथ मतभेद होने पर पार्टी छोड़कर अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में चले गए एकनाथ खडसे ने शनिवार को कहा कि वह अगले सप्ताह दिल्ली में अपनी मूल पार्टी में शामिल होंगे। पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री रहे खडसे ने एक भूमि सौदे के मामले को लेकर 2016 में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लंबे इंतजार के बाद शरद पवार की अगुवाई वाली अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपना सदस्य बनाया था। खडसे ने कहा कि कुछ घटनाक्रमों को लेकर उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी थी। लेकिन अगले सप्ताह दिल्ली में औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो जाऊंगा।

घर के आंगन में अवैध शराब बेच रही महिला गिरफ्तार

काशीपुर : कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान घर के आंगन में कच्ची शराब बेच रही एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है। पुलिस ने ग्राम करनपुर निवासी कुसुम को उसके घर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 पाउच करीब 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। महिला का पुलिस ने आबकारी एक्ट में चालान किया है।

चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला : राहुल

हैदराबाद, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड योजना दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निर्वाचन आयोग में अपने लोगों को रखा है।

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया था। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट) को एक्सटोर्शन डायरेक्टरेट (वसूली निदेशालय) करार दिया। उन्होंने कहा कि जिसे पहले एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट कहा जाता था, वह आज एक्सटोर्शन डायरेक्टरेट बन गया है। भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी वाशिंग मशीन चला रही है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे भ्रष्ट मंत्री और सबसे भ्रष्ट नेता, नरेन्द्र मोदी जी के साथ हैं। निर्वाचन आयोग में भी नरेन्द्र मोदी के लोग हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड योजना की सूची दिखाती है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक कंपनी को धमकी दी और फिर कंपनी ने करोड़ों रुपये भाजपा को दिए। इसके बाद उस कंपनी को करोड़ों रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाएं मिलीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगा दी गई है लेकिन कांग्रेस भाजपा से डरती नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना में भाजपा की 'बी टीम' (बीआरएस) को पराजित किया है और अब वह आगामी चुनाव में दिल्ली में 'ए टीम' (भाजपा) को पराजित करने जा रही है।

हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

भाजपा अवैध धन से प्रचार कर रही, सो रही जांच एजेंसियां

नयी दिल्ली : राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुनावी बॉण्ड के मुद्दे पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी बॉण्ड के जरिये प्राप्त अवैध धन से प्रचार कर रही है और जांच एजेंसियां सो रही हैं। चुनावी बॉण्ड के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक मामले में याचिकाकर्ताओं की तरफ से पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि घाटे वाली 33 कंपनियों ने लगभग 581 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड दान किए, जिनमें से 434 करोड़ रुपये भाजपा के पास गए। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से यह स्पष्ट हो गया कि भाजपा और अन्य दलों के पास जो पैसा गया वह अवैध था। सिब्बल ने कहा कि अगर भाजपा के पास गया धन अवैध है, तो मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि क्या उसे आयकर विभाग का कोई नोटिस मिला? मैं आयकर विभाग से पूछना चाहता हूं-क्या उसने भाजपा को कोई नोटिस भेजा? मैं ईडी से पूछना चाहता हूं-क्या उसने कोई छापेमारी की?

महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

तरन तारन, एजेंसी

- वायरल वीडियो पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरन तारन की 55 वर्षीया महिला से हुई घटना

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी।

एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

खरगे की टिप्पणी पर शाह ने किया कटाक्ष

नयी दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने राजस्थान में संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने का जिक्र करने पर सत्तारूढ़ दल की आलोचना करने को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर शनिवार को निशाना साधा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत के मूल विचार को न समझ पाने के लिए विपक्षी दल की इतालवी संस्कृति जिम्मेदार है। शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने 'एक्स' पर खरगे के भाषण की एक क्लिप साझा की, जिसमें उन्हें राजस्थान में अनुच्छेद 370 को हटाने के बारे में बात करने की वजह से सत्तारूढ़ दल पर



निशाना साधते हुए सुना जा सकता है। क्लिप में खरगे यह कहते सुने जाते हैं कि अरे भाई, यहां के लोगों से (इसका) क्या वास्ता है? कांग्रेस प्रमुख ने अनुच्छेद 370 की जगह अनुच्छेद 371 का गलत उल्लेख भी किया। जम्मू-कश्मीर को विशेष अधिकार देने वाले अनुच्छेद 370 को अगस्त 2019 में भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने निरस्त कर दिया था। शाह ने 'एक्स' पर कहा कि खरगे ने जो कहा, उसे सुनना शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और इस पर हर राज्य तथा हर नागरिक का ठीक उसी तरह अधिकार है, जैसे जम्मू-कश्मीर के लोगों का देश के बाकी हिस्सों पर अधिकार है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि पार्टी को पता नहीं है कि राजस्थान के कई वीर सपूतों ने कश्मीर में शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा, 'लेकिन यह केवल कांग्रेस नेताओं की गलती नहीं है। यह मुख्यतः कांग्रेस पार्टी की इतालवी संस्कृति है जो भारत के विचार को न समझने के लिए दोषी है। इस तरह के बयान हर देशभक्त नागरिक को चोट पहुंचाते हैं और देश की जनता कांग्रेस को जवाब जरूर देगी।

सीतारमण ने बेंगलुरु में जल संकट पर चिंता जतायी

बेंगलुरु : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बेंगलुरु में जल संकट को लेकर राज्य की सिद्धरमैया सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले साल कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कई सिंचाई तथा जल संबंधी परियोजनाओं व पहलों को रोक दिया। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह बहुत चिंताजनक और दुखद है कि शहर जल संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। सीतारमण ने कहा कि केवल पानी उपलब्ध न होना ही एक समस्या नहीं है। कल से शहर में हैजा फैलने को लेकर आ रही खबरें भी बहुत चिंताजनक हैं।

झारखंड के रामगढ़ जिले की चुटुपालु घाटी में शनिवार को एक यात्री बस ट्रक से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में एक यात्री की मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए। : एजेंसी

पड़ेंगी बारिश की बौछारें गर्मी से मिलेगी राहत

संवाददाता,हल्द्वानी/काशीपुर

- नौ अप्रैल से बदल सकता है मौसम, पहाड़ से लेकर मैदान तक बारिश की संभावना

अमृत विचारः मौसम विज्ञान केंद्र ने संभावना जताई है कि नौ अप्रैल के बाद मौसम बदल सकता है और बारिश के साथ पर्वतीय क्षेत्रों में ओलावृष्टि का अनुमान है। फिलहाल मैदानों में दिन में गर्मी है।

विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार नौ से 12 अप्रैल तक पूरे राज्य में मौसम बदल सकता है। रिमझिम बारिश की बौछारें पड़ सकती हैं। कुमाऊं मंडल की बात करें तो अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, बागेश्वर, चंपावत जिलों के साथ नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में भी बारिश हो सकती है। बारिश होती है तो इन दिनों बढ़ रहे तापमान से राहत मिलेगी। हल्द्वानी में दिन गर्म है और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को पंतनगर विवि के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि तराई के मौसम में तेजी से बदलाव आ रहा है। पश्चिमी दिशा से 4.3 किमी प्रतिघंटा गर्म हवा चलनी शुरू हो गई है। काशीपुर में शनिवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम 11.5 डिग्री है। रविवार और सोमवार को अधिक गर्मी रहेगी।

कांग्रेस ने सैनिकों का किया अपमान : धामी

ब्यूरो, देहरादून

मुख्यमंत्री ने लोस प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में रुद्रप्रयाग में की जनसभा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को रुद्रप्रयाग के जखोली में गढ़वाल संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देवभूमि के लाल विपिन रावत जो अद्भुत पराक्रम एवं शौर्य के पर्याय थे, कांग्रेस ने सदैव सैनिकों का अपमान किया और वीरता पर प्रश्न खड़े किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रुद्रप्रयाग राज्य की वीरधरा है, जिसने भारत की रक्षा के लिए कई लाल न्योछावर किए हैं। 19 अप्रैल को उत्तराखंड में मतदान होने वाला है। जनता के आशीर्वाद से इस बार हर कोई कह रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

रुद्रप्रयाग में सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री धामी ने जखोली में गढ़वाल की जनसभा से कांग्रेस पर किया हमला

सरकार बनने जा रही है। राज्य के विभिन्न स्थानों में हो रहे कार्यक्रमों में जनता का रुझान भाजपा के प्रति है। निश्चित ही गढ़वाल संसदीय सीट में सबसे अधिक मत प्रतिशत रुद्रप्रयाग से रहेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना और अधिक सशक्त हुई है। सैनिकों तक अच्छे से अच्छा उपकरण, वर्दी पहुंचाई जा रही है। वन रैंक वन पेंशन लागू हुआ। दुश्मन की गोली का जवाब गोलों से दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित हैं। जो सैनिक देश की रक्षा में अपनी पूरी जवानी लगाते हैं, उन सैनिकों की सुविधा हमारी सरकार की प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 400 पार का दिया है। यह नारा विकसित भारत की गारंटी है। तंज कसा कि विपक्ष में चुनाव लड़ने का ही सामर्थ्य नहीं है, उनके यहां चुनाव लड़ने वाला कोई नहीं है। धामी ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि है। वह सैनिक परिवार की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। शहीद सैनिकों की याद में देहरादून में सैन्य धाम बनाया जा रहा है। राज्य में केंद्र की 2 लाख करोड़ की योजनाएं स्वीकृत हैं। अंत में मुख्यमंत्री ने सभी से 19 अप्रैल को पहले मतदान, फिर जलपान की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी, विधायक भरत चौधरी, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, महावीर पंवार आदि मौजूद रहे।

मजदूर ने दिहाड़ी मांगी तो ठेकेदार ने की पिटाई

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः थाना गदरपुर इलाके में तीन से चार माह की दिहाड़ी मांगने पर ठेकेदार ने मजदूरों पर हमला कर अधमरा कर दिया। लहूलुहान हुई महिलाओं ने अस्पताल जाकर अपना उपचार कराया और एसएसपी कार्यालय में आरोपी ठेकेदार व पल्लेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

खेमपुर पलका चौड़ गदरपुर निवासी मदन सिंह ने बताया कि उसका बेटा वहां के ठेकेदार के साथ पल्लेदारी का काम करता है। ठेकेदार परिवार की महिलाओं को मटर तोड़ने की मजदूरी पर अक्सर लेकर जाता है। मटर तोड़ने की दिहाड़ी जब तीन से चार माह की नहीं दी गई तो ठेकेदार से रुपये देने की मांग की। आरोप था कि ठेकेदार के घर पैसा मांगने गया तो ठेकेदार व पल्लेदार ने अपने परिवार के साथ घर की महिलाओं और पुरुषों पर हमला बोल दिया। मारपीट में परिवार की दो महिलाओं के सिर पर टांके आए और कई चोटिल हो गए। पीड़ित परिवार ने शनिवार को पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसएसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिस पर एसएसपी ने कार्रवाई का आदेश जारी कर दिया है।

एक ही मुद्दा बार-बार उठाने पर हाई कोर्ट ने लगाया जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पहले से तय मुद्दों पर जनहित याचिका दाखिल करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि याची की ओर से जनहित याचिका के नाम पर किसी न किसी रूप में याचिका दाखिल करके पहले ही समाप्त हो चुके मुद्दे को उठाने का बार-बार प्रयास किया जा रहा है जो निश्चित रूप से कोर्ट को गुमराह करने का प्रयास माना जाएगा।

याची की इस हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उक्त

- कोर्ट ने कहा, गुमराह करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

टिप्पणी के साथ मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने कोर्ट द्वारा पहले ही सुलझा लिए गए मुद्दे को बार-बार उठाने के कारण भारतीय किसान यूनियन पथिक पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

दरअसल याची सोसायटी ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 के प्रावधानों के तहत दिनांक 25.10.2010 की राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से भूमि अधिग्रहण के संबंध में राहत की मांग करते हुए याचिका दाखिल की। राज्य की ओर से बताया गया कि विवादित जमीन को लेकर याचियों की ओर से यह चौथी बार जनहित याचिका दाखिल की गई है। अंत में कोर्ट ने पाया कि वर्तमान याचिका के विषय पर कई याचिकाओं को खारिज करने के बावजूद याची की ओर से नया संघ बनाकर एक और प्रयास किया गया है।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा समेत दो पर रिपोर्ट

- अपने घर में जनसभा कराने वाले उमाकांत भी नामजद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा समेत दो लोगों के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में विधानसभा नगर क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वायड टीम-द्वितीय (एफएसटी) के प्रभारी उमेश कुमार त्रिवेदी ने दर्ज कराई है।

शनिवार को दर्ज एफआईआर में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा और सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के डिप्टी गंज चौराहा निवासी उमाकांत गुप्ता नामजद हुए हैं। आरोप है कि शुक्रवार देर शाम बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज डिप्टी गंज चौराहा के पास उमाकांत गुप्ता के मकान में रुचि वीरा द्वारा बिना अनुमति जनसभा का आयोजन किया गया। एफएसटी द्वितीय के प्रभारी की ओर से कहा गया है कि जानकारी मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। देखा कि मकान के अंदर बरामदे में प्रत्याशी रुचि वीरा 40-50 व्यक्तियों को संबोधित कर रही थीं। बरामदे के बाहर जलपान की व्यवस्था भी थी पूरे मामले में कार्रवाई के दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

इलाज में लापरवाही से बच्ची की उंगलियां कटीं, 15 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का फैसला
- चिकनपॉक्स के इलाज के लिए एसके नर्सिंग होम में किया था भर्ती

अमृत विचार : इलाज में लापरवाही की वजह से बच्ची के हाथ की उगंलियां काटनी पड़ी। जिस पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एसके नर्सिंग होम पर 15 लाख का जुर्माना लगाया है।

अधिवक्ता सुमित बजाज व सौरभ पांडेय के मुताबिक दमुवाढूंगा खाम जवाहर ज्योति निवासी सुरेंद्र कुमार की एक साल 8 माह की बेटी को 18 अक्टूबर 2017 को चिकनपॉक्स व बुखार था। वह बच्ची को लेकर तिकोनिया में ठंडी सड़क स्थित एसके नर्सिंग होम गए। यहां बच्ची का उपचार गलत होने से हालत बिगड़ गई। बच्ची के हाथ में सूजन हो गया और स्किन नीली पड़ने लगी। बच्ची का इलाज कर रही महिला चिकित्सक से कहा गया तो उन्होंने इसे सामान्य बात करार दिया, लेकिन बच्ची के पिता संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने बच्ची को शहर के दो और निजी अस्पताल में दिखाने के बाद गुड़गांव और फिर एम्स में भर्ती कराया। एम्स में चिकित्सकों ने बताया कि इंफेक्शन से बच्ची को गैंगरीन हो गया है, जिससे बच्ची के बाएं हाथ की हथेली के पिछले हिस्से से स्किन और उगंलियां काटनी पड़ी। इस मामले में कोरम के अध्यक्ष रमेश जायसवाल, सदस्य विजयलक्ष्मी थापा व सदस्य लक्ष्मण सिंह रावत ने एसके नर्सिंग होम की डॉ.अदिति जैमन गुप्ता और उसके मैनेजर पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ये रकम एकमुश्त पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं। इसमें से 5 लाख रुपये बच्ची के खाते में जमा करने और 10 लाख रुपये माता-पिता के संयुक्त खाते में जमा करने को कहा है। इस रकम को पीड़िता की शिक्षा, पालन -पोषण व उपचार आदि में खर्च किया जाएगा।

हालात पिछले छह माह से नहीं आ रहा है आहार, मायूस होकर लौट रहे बच्चे और गर्भवतियां

आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार का संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बच्चों को स्वस्थ और खुशहाल बचपन देना सरकार की प्राथमिकताओं है। बावजूद इसके पिछले छह माह से आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार का संकट बना हुआ है। केंद्रों में हर दिन सैकड़ों बच्चे और गर्भवतियां उम्मीद के साथ पहुंच रहे हैं, लेकिन आहार न होने के कारण उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

हल्द्वानी ब्लॉक के अतंर्गत करीब 422 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। जिसमें से ग्रामीण क्षेत्र में 291 और शहरी क्षेत्र में 131 केंद्र हैं। इन केंद्रों में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार का लाभ मिलता है। गर्भवतियों को खजूर, दलिया, अंडे और अन्य पोषक खाद्य पदार्थ मिलते हैं। वहीं बच्चों को दलिया के साथ ही गेहूं और चावल मिलता है। लेकिन पिछले माह से किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण आहार नहीं पहुंचा है। नाम न छापने की शर्त पर एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने बताया कि उच्च स्तर से ही पोषण आहार की आपूर्ति हो हो रही है। लाभार्थी हर दिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से आहार न मिलने का कारण पूछ रहे हैं और अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। इधर, पोषण आहार न मिलने से निर्धन परिवार की गर्भवतियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि सरकार योजनाएं तो चलाती है, लेकिन उनका लाभ सही समय पर नहीं मिल पाता है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली सुविधाएं

- 6 साल से कम आयु के बच्चों का टीकाकरण
- गर्भवतियों के लिए प्रसव पूर्व देखभाल और टीकाकरण
- गर्भवतियों और 6 साल से कम आयु के बच्चों को अनुपूरक पोषण
- 15 से 45 आयु वर्ग की महिलाओं के लिए पोषण व स्वास्थ्य शिक्षा

"गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पोषण आहार केंद्रों में पहुंच रहा है। केवल गेहूं और चावल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए डिमांड भेजी गई है। शीघ्र ही आपूर्ति हो जाएगी। – **शिल्पी जोशी**, सीडीपीओ, हल्द्वानी"

10 दिन में 13 टीमें भी नहीं पकड़ पाईं शूटरों को

संवाददाता,रुद्रपुर

बाबा तरसेम हत्याकांड

- बार-बार बदल रहे ठिकाने, पुलिस सुरागरसी, पतारसी के जाल में उलझी

अमृत विचारः डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह के हत्या आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बेहद शातिर दोनों हत्या आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहे हैं। यही वजह है कि तेज तर्रार पुलिस कर्मियों की 13 टीमें 10 दिनों में भी उन तक नहीं पहुंच सकी हैं। अभी तक उन्हें संरक्षण देने वाले चार लोग ही पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

बाबा तरसेम सिंह की हत्या हुए दस दिन हो गए हैं। बीती 28 मार्च की सुबह छह बजे बाबा तरसेम सिंह की डेरा परिसर में ही हत्या कर दी गई थी। उसी दिन बाइक

सवार दोनों हत्या आरोपियों की पहचान कर ली गई थी। लेकिन, उपलब्धि के नाम पर सिर्फ हत्या आरोपियों को संरक्षण देने वाले चार लोगों की गिरफ्तारी ही है। दोनों हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। एसओजी, एसटीएफ और एसआईटी समेत 13 टीमें सर्विलांस और मैनुअल दोनों तरह से उन्हें खोजने में जुटी हैं। इन टीम में कुमाऊं भर से तेज तर्रार पुलिस कर्मियों और अफसरों को रखा गया है। दोनों हत्यारोपी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस टीमों को चकमा दे रहे हैं। दस दिनों बाद भी पुलिस हत्यारोपियों के लोकेशन तक ट्रेस नहीं कर सकी है। हालांकि उनके परिजनों को भी हिरासत में लिया गया है। अभी तक बाबा की हत्या का स्पष्ट मकसद भी पता नहीं लग सका है।

पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा दोनों शातिर अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। अभी तक की जांच में पता चला है कि हत्या के बाद दोनों हत्यारोपियों ने शाहजहांपुर, पीलीभीत, नेपाल, पंजाब में कई स्थानों पर शरण ली थी। लेकिन कहीं भी उन्होंने मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया। सूत्र बताते हैं कि एक आरोपी ने नेपाल और दूसरे ने ढाका में शरण ले रखी है। दोनों आरोपियों द्वारा मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने से अब पुलिस मैनुअल नेटवर्क के सहारे आगे बढ़ रही है। हर सूचनाओं की पुष्टि की जा रही है। पुलिस अफसर लगातार मामले पर निगाह रखे हैं और मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

राजनीति का ककहरा सीख रहे शाह कितना कर पाएंगे कमाल

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जो जिला कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। जहां से बसपा का सिम्बल मिलना ही जीत की गारंटी मानी जाती थी। पार्टी में एक से बढक़र एक कद्दावर नेता हुआ करते थे, उसी बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे राजनीति का नवजात शिशु कहा जा सकता है। बसपा ने जिसे अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया है, उसका कोई राजनीतिक इतिहास ही नहीं है। जिस दिन बसपा ने कमाल शाह को अपना प्रत्याशी घोषित किया उस दिन तक उनका कुल राजनीतिक अनुभव 28 दिनों का था। कमाल शाह कभी भी राजनीति में नहीं थे और न ही किसी पार्टी से उनका कोई वास्ता रहा है।

जनपद के किछौछा निवासी कमाल शाह की पहचान उनके अपने लोगों मे एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में थी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी उनका ज्यादातर जनपद से बाहर था। अचानक से वह 26 फरवरी को बसपा की सदस्यता लेते हैं।

कमाल शाह।

▸▸ घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे और रितेश पांडे जनपद से बसपा के सिम्बल पर ही चुनाव लडक़र बने हैं सांसद

फिर 28 दिन बाद ही पार्टी ने उन्हें अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर ऐसा जिला है जहां से बसपा में कभी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव तक हुआ करते थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। लोकसभा और विधान सभा का चुनाव यहां से वह लड़ी थी। यह जिला कभी बसपा का गढ़ हुआ करता था। जनपद को बसपा ने एक नहीं कई सांसद दिए। घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे, रितेश पांडे यहां से बसपा के सिंबल पर ही चुनाव लडक़र सांसद बने। सूबे में जब बसपा की सरकार हुआ करती थी तब जनपद से ही तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे।

दलित व सजातीय मुस्लिम मतों का है भरोसा

बसपा में आज हालत यह हो गई है कि कोई बड़ा नेता ही नहीं बचा है जो अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सके। जिसके कारण बसपा ने ऐसे नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने अभी राजनीति का ककहरा सीखना शुरू किया है। इसको लेकर राजनीति के गलियारे में चर्चा जोरों से है। भाजपा और सपा के दो दिग्गजों के बीच राजनीति का ककहरा सीख रहे कमाल शाह कितना कमाल कर पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हालांकि उनको बसपा के बेस वोट दलित और सजातीय मुस्लिम मतों पर पूरा भरोसा है। उनकी सारी चुनावी गणित इन्ही वोट के सहारे है।

बहराइच सीट पर छह बार बाहरी प्रत्याशियों ने जमाया कब्जा

केरल, मुरादाबाद व बुलंदशहर के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

भाजपा ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को दिया मौका

राजू जायसवाल बहराइच

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से 6 बार दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें गैर प्रांत के केके नैयर ने भी चुनाव में जीत दर्ज कर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाहर के जिलों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान होने के लिए बस कुछ दिन ही बाकी है। जिले में मई माह में बहराइच और कैसरगंज सीट के लिए अलग अलग तिथियों में चुनाव होना है। अब बात करें जिले के सीट पर प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की तो बहराइच सीट पर छह बार दूसरे जिले और प्रांत के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें आरिफ मोहम्मद खान (वर्तमान में केरल के राज्यपाल) ने सर्वाधिक तीन बार चुनाव जीता है। उन्होंने यह जीत दो बार कांग्रेस और एक बार जनता दल से हासिल की। आरिफ मोहम्मद खान बुलंदशहर के निवासी हैं। इसके बाद भी जिले की जनता ने आरिफ मोहम्मद खान को दिल खोलकर समर्थन दिया।

बहराइच सीट से केरल राज्य के निवासी केके नैयर ने जनसंघ पार्टी से वर्ष 1967 में चुनाव जीता।

आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से रफी अहमद किदवई ने जीत दर्ज की। वह बाराबंकी जिले के निवासी थे। जनता पार्टी से ओम प्रकाश त्यागी ने 1977 के चुनाव में जीत दर्ज की। वह मुरादाबाद जिले के निवासी थे। इसी तरह अंबेडकर नगर जिले के किछौछा निवासी मुजफ्फर हुसैन ने वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी।



परिसीमन में हुआ था वर्ष 2009 का चुनाव

- बहराइच सीट पर वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव परिसीमन के बाद हुआ था। यह सीट वर्ष 2009 में सुरक्षित हो गई थी। इसी वर्ष गांधी परिवार के नजदीकी कमांडो कमल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। उस समय मनरेगा योजना ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

इस बार गठबंधन ने उतारा बाहरी प्रत्याशी

- बहराइच सीट से इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम को चुनाव मैदान में उतर गया है। वे गोंडा जनपद के निवासी हैं लेकिन जिले में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते सपा की ओर से होने प्रत्याशी बनाया गया है।

पुनः कांग्रेस ने वर्ष 2009 के चुनाव में गोरखपुर के निवासी कमांडो कमल किशोर को चुनाव मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि छह बार बहराइच सीट से दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं आठ बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम फहराया है। इनमें भाजपा की ओर से सर्वाधिक बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है।

प्रियंका ने बनाया था जीत का रिकॉर्ड

पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत

स्व. राम सेवक यादव (फाइल फोटो)

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सीट से अब तक की सबसे बड़ी जीतका रिकॉर्ड भाजपा की प्रियंका सिंह रावत के नाम है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका रावत ने 2.11 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। प्रियंका रावत ने कांग्रेस के कद्दावर नेता पीएल पुनिया को शिकस्त दी थी। 73 सालों में 17 चुनावों में यह सबसे बड़ी जीत साबित हुई। उनका यह रिकार्ड अब तक नहीं टूट सका है। वहीं सबसे कम अंतर से जीत हासिल करने वाले सांसदों में में स्व. राम सेवक यादव का नाम दर्ज है।

बाराबंकी सीट से बाहरी प्रत्याशी के रूप में आईं प्रियंका सिंह रावत पहली बार सियासत में उतरीं और अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। मोदी लहर में पहली बार में ही वह सांसद बन गईं और संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के मतदाताओं ने उन्हें दिया। 1951 से लेकर 2019 तक चुनावी सफर पर गौर किया जाए तो बाराबंकी के 73 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी जीत प्रियंका सिंह रावत के ही नाम है। इसके साथ ही वह संसद पहुंचने वाली जिले की दूसरी महिला सांसद भी बनीं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के डॉ. पीएल पुनिया को 2 लाख 11 हजार 878 मतों से हराया था।

हालांकि इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इनका टिकट पार्टी ने काट दिया और उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा। इस बार भी जिले के मतदाताओं ने उपेंद्र को जिताकर लगातार दूसरी बार जिले में कमल खिलाया लेकिन प्रियंका सिंह के मुकाबले उपेंद्र सिंह रावत ने भले ही अधिक मत हासिल किए हों पर जीत का अंतर कम जरूर रहा। उपेंद्र सिंह रावत ने सपा के रामसागर रावत को 1 लाख 10 हजार 140 वोटों से हराया था। भाजपा के बैजनाथ रावत को सन् 1998 में पहली बार जिले में कमल खिलाने का तमगा हासिल है। अब तक दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की बात करें तो इसमें कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया का नाम आता है। जिन्होंने 2009 में जीत हासिल की थी। उन्होंने बसपा के कमला प्रसाद रावत को 1 लाख 68 हजार 575 मतों से शिकस्त दी थी। लेकिन भाजपा की प्रियंका सिंह रावत की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड आज तक कायम है।

कब किसने कितने वोटों से हासिल की जीत

चुनाव	विजेता	जीत का अंतर
1951	गंगा देवी	13064
1957	आरएस यादव	30880
1962	आरएस यादव	321
1967	बी.कुरील	13469
1967	आरएस यादव	13374
1971	बैजनाथ कुरील	34829
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	58345
1977	राम किंकर	147411
1980	राम किंकर	15641
1984	कमला प्रसाद	94671
1989	रामसागर रावत	64117
1991	रामसागर रावत	3798
1996	रामसागर रावत	14722
1998	बैजनाथ रावत	13785
1999	रामसागर रावत	55278
2004	कमला प्रसाद	20927
2009	पीएल पुनिया	168575
2014	प्रियंका सिंह रावत	211878
2019	उपेंद्र सिंह रावत	110140

मोदी लहर से कम हुआ रायबरेली में जीत का अंतर

04 बार लगातार सोनिया गांधी ही चुनी गईं सांसद

2019 में भाजपा के दिनेश सिंह ने दी थी कड़ी टक्कर

धर्मेन्द्र प्रधान रायबरेली

अमृत विचार: 1957 में अस्तित्व में आई रायबरेली लोकसभा सीट पर वैसे तो ज्यादातर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। अब तक तीन बार ही गैर कांग्रेसी सांसद बने हैं।

2004 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट पर कदम रखा और चुनाव में जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी के आने बाद से कांग्रेस की जीत का अंतर जरूर कम ज्यादा होता रहा लेकिन कोई मात नहीं दे सका। अब तक रायबरेली सीट पर आधी आबादी का ही ज्यादा कब्जा रहा है। 2004 के बाद से अब तक हुए चुनावों में पुरुष सांसद ही नहीं चुने गए। चार बार से लगातार रायबरेली से चुनकर जा रहीं सोनिया गांधी को 2019 के मोदी लहर में भी कोई नुकसान नहीं हुआ और वह यूपी से कांग्रेस की इकलौती सांसद चुनी गई थीं। पड़ोस की लोकसभा से बेटे राहुल गांधी को मात खानी पड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस बार भाजपा खेमा आत्मविश्वास से लबरेज है। इस बार उसे लगता है कि वह कांग्रेस को पटखनी दे देंगे।

कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने जीत का क्रम तो जरूर जारी रखा लेकिन मत प्रतिशत में लगातार गिरावट होती रही। भाजपा को जीत भले ही हासिल न हुई हो लेकिन उसका मत प्रतिशत जरूर बढ़ता गया। 2004 में जहां भाजपा का मत प्रतिशत 4.86 था। वही कांग्रेस का 58.75 प्रतिशत रहा। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ कर 80 प्रतिशत के ऊपर चला गया। लेकिन साल 2014 में जहां कांग्रेस का मत प्रतिशत 63.90 रहा, वही भाजपा भी छलांग लगाते हुए 17.33 प्रतिशत पर पहुंच गई।

अतीत के झरोखे से

दर्ज की लेकिन जहां जीत अंतर कम हुआ वही मतदान प्रतिशत का भी नुकसान हुआ। इस बार भाजपा ने 38.35 प्रतिशत मत पाए वही कांग्रेस को 55.78 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा था।

सबसे ज्यादा नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में हुआ जब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा से लड़े दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। इस बार सोनिया गांधी ने जीत जरूर

मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक हैं अयोध्या की बेटियां

मतदाता सूची से मिले छोटे आंकड़ों में छिपा बड़ा संकेत

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: चुनाव के दौर में सामने आए छोटे आंकडे से बड़ा संकेत है। अयोध्या की बेटियां लोकतंत्र में मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक है। मतदाता सूची में इनकी संख्या बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा है।

यह आंकड़ा 18 से 19 आयु वर्ग का है। 13-19 साल की आयु को किशोरावस्था (टीन एज) के तहत रखा जाता है। मतदाता बनने की न्यूनतम आयु 18 साल है। इस उम्र में किशोरियां अमूमन शमीर्ली होती है। वह मतदाता बनने के लिए उत्सुक नहीं होती। इसके बावजूद यदि किशोरियां मतदाता बनने में आगे हैं तो लोकतंत्र में मतदान के प्रति उनकी जागरुकता ही कही जाएगी।

निर्वाचन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 60 साल तक के मतदाताओं की संख्या में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, लेकिन 60 साल के बाद धीरे-धीरे पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं के आंकड़े से नीचे आने लगती है। रिपोर्ट कहती है कि अयोध्या जिले में भी 60 साल से ज्यादा उम्र के कुल मतदाताओं की संख्या 3,06,656 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,48,572 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,58,084 है। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से लगभग 9,512 ज्यादा है। लेकिन 20 से 60 साल के बीच मतदाताओं के आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में लगभग 1,11,382 का अंतर है। इससे इतर 23 फरवरी को सामने आए जिले के मतदाताओं के आंकड़ों के मुताबिक 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 23,449 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,332 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12,117 है।

▸▸ किशोर वर्ग में बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा बेटियां

महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 3.35 फीसदी है। जानकारों का कहना है कि ऐसा इस उम्र के मतदाताओं में जिले मे शायद पहली बार हुआ है। जब टीन एज के कुल मतदाताओं में किशोरियों की संख्या ज्यादा है। मानते हैं कि लोकतंत्र और मतदान के प्रति किशोरियों में रुझान बढ़ रहा है।

हाथी को महावत न साइकिल को सवार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में न तो हाथी को महावत और न ही साइकिल सवार को सवार मिल पा रहा है। इंडिया गठबंधन की नजर जहां बसपा के दांव पर टिकी हुई है वहीं बसपा भी साइकिल की चाल देखकर ही प्रत्याशी तय करने के मूड में है। भाजपा प्रत्याशी घोषित हो चुका है। किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अकेले भाजपा प्रत्याशी ही अभी तक घोषित हुआ है। भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने नुक्कड़ ग्राम सभाओं के जरिए अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक बसपा यहां किसी अच्छे मुस्लिम प्रत्याशी की तलाश में लगी हुई है। अगर बसपा किसी मुसलमान प्रत्याशी को हाथी पर सवार करती है तो सपा के लिए यही चिंता का विषय हो जाएगा। इससे भाजपा की जीत आसान हो सकती है। क्योंकि लोकसभा डुमरियागंज में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता ही हार जीत का तय करने में अहम भूमिका अदा करते हैं।

रणनीति कांग्रेस का भी मिलेगा समर्थन, पिता के निधन से रिक्त सीट पर सपा ने बेटे को चुनाव मैदान में उतारा

हर चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती है जनता

लालजी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: नेपाल सीमा पर स्थित गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्रसपा विधायक डा. एसपी यादव के निधन पर उपचुनाव होने जा रहा है। यहां की जनता हर विधानसभा चुनाव में दूसरे चेहरे को मौका देती रही है। पिछले 13 विधानसभा चुनावों में यहां के मतदाताओं ने हर बार अपना विधायक बदला। पहली बार क्षेत्र में यह उपचुनाव लोकसभा चुनाव के साथ-साथ होगा।

छठवें चरण में यहां विधानसभा के लिए भी मतदान होगा । इस उपचुनाव में जहां एक ओर सपा सहानुभूति की साइकिल चलाना चाहती है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा वर्ष 2022 में मामूली मतों से मिली हार को जीत में बदलकर बदला लेने की रणनीति बना रही है । यहां के उपचुनाव को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सपा ने तो अपने पत्ता खोल दिया हैं। लेकिन भाजपा और बसपा ने भी अपना पत्ता नहीं खोला है। बसपा जिलाध्यक्ष यहां से प्रत्याशी के नाम पर काफी आश्वस्त दिख रहे हैं। क्षेत्र की जनता ने पराजित हुए उम्मीदवार को अगले चुनाव में मौका तो दिया लेकिन लगातार दो बार किसी भी चेहरे को मौका नहीं दिया है। यहां से कांग्रेस के अकबाल हुसेन दो बार, भाजपा के बिंदु लाल तीन बार तथा सपा के डा.एस पी यादव चार बार विधायक रह चुके हैं।

इस बार के उपचुनाव में सभी दलों की निगाहें मतदाताओं के मूड पर टिकी हुई है। मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिए सभी दलों ने हर संभव प्रयास शुरू कर दिया है।

गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव

डा. एस पी यादव

सपा को सहानभूति की साइकिल चलने का भरोसा

गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में सपा ने जिले में पार्टी के संस्थापक रहे डा. एसपी यादव के बेटे राकेश यादव को मैदान में उतार दिया है। पार्टी को यहां से सहानुभूति की साइकिल चलने का पूरा भरोसा है। इंडिया गठबंधन के चलते कांग्रेस यहां राकेश का समर्थन करेगी। डा. एसपी यादव का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था । पार्टी को भरोसा है कि उनकी सेवा को देखते हुए क्षेत्र की जनता एक बार फिर उनके बेटे को विधायक बनाएगी। राकेश की पत्नी बलरामपुर सदर ब्लॉक से ब्लॉक प्रमुख रह चुकी हैं। राकेश अपने पिता के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे और अब चुनाव मैदान में है। भाजपा ने अभी उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा तो नहीं की है लेकिन क्षेत्र में सक्रियता को देखते हुए पिछली बार करीब पांच हजार मतों से पराजित शैलेश कुमार सिंह शैलू का दावा मजबूत माना जा रहा है । बसपा जिला अध्यक्ष लालचंद कोरी ने बताया कि क्षेत्र से मोहम्मद हारिस फिदा बाबा का नाम लगभग तय हैं । हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। अब देखना यह है कि यहां के उप चुनाव में जनता सहानुभूति साइकिल चलाएगी अथवा अपनी परंपरा निभाते हुए एक बार फिर किसी नए चेहरे को मौका देगी।

गैंसड़ी मे कब कौन बना विधायक

वर्ष	1974	विजय पाल सिंह	जनसंघ
वर्ष	1977	बिन्दुलाल	जनता पार्टी
वर्ष	1980	अकबाल हुसैन	कांग्रेस
वर्ष	1985	अरुण प्रताप सिंह	कांग्रेस
वर्ष	1989	अकबाल हुसैन	कांग्रेस
वर्ष	1991	बिन्दुलाल	भाजपा
वर्ष	1993	डा.एस पी यादव	सपा
वर्ष	1996	बिन्दुलाल	भाजपा
वर्ष	2002	डा.एस पी यादव	सपा
वर्ष	2007	अलाउद्दीन खां	बसपा
वर्ष	2012	डा.एस पी यादव	सपा
वर्ष	2017	शैलेश कुमार सिंह	भाजपा
वर्ष	2022	डा.एस पी यादव	सपा

विस क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता–	361708
पुरुष–	192888
महिला–	168801
अन्य–	19

रविवार विशेष

आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड

मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है।



जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।

58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।



42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

21 फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

14 फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।

07 फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल

- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।



मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।

अरुण कुमार सागर।

राजेश कुमार कश्यप।

दोदराम वर्मा।

2019 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	अरुण कुमार सागर	6,88,990
	बसपा	अमर चंद्र जौहर	4,20,572
	कांग्रेस	ब्रह्म स्वरूप सागर	35,283

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	कृष्णा राज	5,25,132
	बसपा	उम्मेद सिंह कश्यप	2,89,603
	सपा	मिथिलेश कुमार	2,42,913
	कांग्रेस	चेतराम	27,011

पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर

वर्ष –चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	47.5	40.7	6.9	2.1
2019 लोस	58.6	00	35.6	3.0
2014 लोस	46.5	21.5	25.6	2.5

बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980, 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।

भाजपा का ब्लाक, विस और लोस सभी में कब्जा जिले से तीन मंत्री

शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र इस लिहाज से भाजपा का मजबूत गढ़ माना जा सकता है कि यहां की सभी छह विधानसभा सीटों कटरा, जलालाबाद, तिलहर, पुवायां, शाहजहांपुर, ददरौल में उसका कब्जा है। 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने सभी छह विधानसभा सीटों पर बढ़त बनाई थी। सभी ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के हैं। जिले से प्रदेश सरकार में तीन मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर हैं।

चुनाव जो न कराए
भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

अजमेर में मोदी...

राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

संवाददाता, एटा

- भाजपा से तीसरी बार चुनावी मैदान में सांसद राजवीर सिंह
- बसपा ने अभी नहीं खोले पत्ते, मुस्लिम चेहरे की तलाश

- लोध और यादव जाति के वोटरों के बाद एटा लोकसभा क्षेत्र में शाक्य मतदाता सर्वाधिक संख्या में हैं
- महादीपक सिंह शाक्य एटा सीट से पांच बार रह चुके सांसद

अमृत विचार: सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाताओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।



2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
निर्दलीय	हरिओम

2014 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
बसपा	नूर मो. खान

लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे मोदी

राजस्थान की चुनावी सभा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पर बोला हमला

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा-यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा-देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।

जयपुर में लोकसभा चुनाव से पहले बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ नजर आए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है।

लोस चुनाव : कांग्रेस ने छह और उम्मीदवार घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे।

धोनी की तरह राहुल भारतीय राजनीति के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर हैं: राजनाथ सिंह

भोपाल, एजेंसी

● केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस नेता की तुलना भारतीय क्रिकेटर से की

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से करते हुए हुए कहा कि धोनी की तरह वह भी मैच को जल्दी खत्म करने में माहिर हैं। मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक चुनाव प्रचार रैली में अपने संबोधन में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार के साथ अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा-एक समय भारतीय राजनीति में कांग्रेस का दबदबा था, लेकिन अब केवल दो या तीन छोटे राज्यों में ही उसकी सरकार है।

उन्होंने कहा-मुझे कभी-कभी आश्चर्य होता है कि ऐसा क्यों हो रहा है, तो मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचता हूं। क्रिकेट में सबसे अच्छा फिनिशर कौन है? (लोगों के

जवाब देने के बाद) धोनी। अगर कोई मुझसे पूछता है कि भारतीय राजनीति में सबसे अच्छा फिनिशर कौन है, तो मैं कहूंगा कि वह राहुल गांधी हैं। यही कारण है कि कई नेताओं ने कांग्रेस छोड़ दी है। इससे पहले की एक रैली में सिंह ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने कसम खाई है कि जब तक वह कांग्रेस को खत्म नहीं कर देंगे, तब तक वह नहीं रुकेंगे।

भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है और उन्होंने भरोसा जताया

कि लोग पार्टी को केंद्र में एक और कार्यकाल के लिए चुनेंगे ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए तैयार की गई नींव को मजबूत किया जा सके। मोदी ने भाजपा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है।

एक नजर

लुधियाना के एसीपी और गनमैन की सड़क दुर्घटना में मौत

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना जिले में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और उनके गनमैन की शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब चंडीगढ़ से लौट रहे एसीपी संदीप सिंह का वाहन समराला में दयालपुरा बाईपास पर एक अन्य वाहन से टकरा गया। सिंह और उनके गनमैन परमजोत सिंह को घायलावस्था में सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

एचडीआईएल के प्रमोटर वधावन की नहीं हुई रिहाई

मुंबई। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के मामले में हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन को शुक्रवार को जमानत दे दी लेकिन दोनों पर कई अन्य मामले चलने के कारण उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मामलों में दोनों को कल जमानत मंजूर कर ली थी।

राजस्थान में पढाई नहीं करने पर एक युवक ने बेटी को पीटा, मौत

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने परीक्षा की तैयारी नहीं करने पर अपनी बेटी को कथित रूप से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रेम नगर में फतेह मोहम्मद (42) ने 11वीं कक्षा में पढ रही अपनी 17 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार को पढ़ाई नहीं करने के कारण पीटा। उन्होंने बताया कि छात्रा के चाचा की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पिटाई के लिये उपयोग में लाया गया डंडा शनिवार को बरामद कर लिया गया।

केरल के कन्नूर में विस्फोट के मामले में चार लोग गिरफ्तार

कन्नूर, एजेंसी

● पुलिस ने कहा-गिरफ्तार आरोपी माकपा के कार्यकर्ता थे

केरल के कन्नूर जिले के उत्तरी हिस्से पनूर के पास एक दिन पहले हुए विस्फोट के सिलसिले में शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी, तीन घायल व्यक्ति और मृतक, सभी व्यक्ति मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ता अथवा समर्थक थे। वामपंथी दल ने पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया है। पनूर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के सिलसिले में शेबिन लाल, के अतुल, के के अरुण और सयूज को गिरफ्तार कर लिया है, ये सभी कथित तौर पर उस समय मौजूद थे जब बम विस्फोट हुआ था। पुलिस ने बताया कि सयूज को कथित तौर पर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के कोयंबटूर भागने की कोशिश करते समय पालक्कड से पकड़ा गया था। इसमें कहा गया है कि विस्फोट में घायल हुए तीन अन्य - विनीश, विनोद और अश्वनाथ का भी इलाज चल रहा है।

कोर्ट ने अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में समन से बचने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की एक अर्जी पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा नौ अप्रैल को फैसला सुनाएंगी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जवाब के लिए खान को तलब किया जाए या नहीं। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच से भागकर अपनी भूमिका संदिग्ध कर ली है।

ठाणे रंगवल्ली परिवार के रंगोली कलाकारों द्वारा ठाणे में आयोजित रंगोली प्रदर्शनी के दौरान गुड़ी पड़वा उत्सव के बीच एक महिला कलाकार ने मनमोहक रंगोली बनाई। ● एजेंसी

डीआरआई ने तमिलनाडु से बरामद किया 4.9 किलो सोना

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। तटरक्षक बल और सीमा शुल्क विभाग के एक संयुक्त अभियान में, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने श्रीलंका से तस्करी करने के बाद समुद्र में फेंका गया तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया-एजेंसियों ने पांच अप्रैल को समुद्र से कुल 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। तटरक्षक बल और रामनाथपुरम की सीमा शुल्क इकाई के साथ एक संयुक्त अभियान में डीआरआई ने मंडपम के वेदलाई तट के निकट समुद्र से 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। सोने की छड़ों का कुल वजन 4.9 किग्रा है और इसका मूल्य 3.43 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

मोदी को इतिहास नहीं पता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ किया था गठबंधन: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी का दिया जवाब

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर विभाजन की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में

वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना इतिहास ही नहीं पता है।

इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं और इसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी पांच न्याय, 25 गारंटी पर जनता की प्रतिक्रिया के कारण चुनाव में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी प्रयासों को खारिज कर देंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंदरखाने से बहुत हुआ 10 साल अन्याय काल की लहर है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

गेहूं की फसल पर जलवायु संकट का सामना करने में भारत की तैयारी पाकिस्तान से बेहतर

कृषि वैज्ञानिक बोले-मौसम इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में कर रहा मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में मौसम की अनुकूल स्थिति उन्हें इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में मदद कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हालांकि, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए पड़ोसी देश की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार है। उन्होंने बताया कि भारत ने बीज की कई स्वदेशी गर्मी प्रतिरोधी और कम अवधि वाली किस्में विकसित की हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा भारत दुनिया का दूसरा और पाकिस्तान आठवां सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। जहां भारत गेहूं उत्पादन में

आत्मनिर्भर है, वहीं पाकिस्तान 20-30 लाख टन गेहूं आयात करता है। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाकिस्तान के अभी भी आयात पर निर्भर है। इसकी एक बड़ी वजह उसका जलवायु-अनुकूल स्वदेशी किस्मों को विकसित नहीं कर पाना है। फिलहाल दोनों देशों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। भारत का अनुमान है कि फसली वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा। दूसरी ओर पाकिस्तान ने 3.22 करोड़ टन पैदावार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जहां दोनों देश 2010 से गेहूं की फसल पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव का सामना कर रहे हैं, वहीं चालू वर्ष असाधारण रूप से अनुकूल रहा है। इस दौरान न तो गरम हवा देखने को मिली और न ही फसल को प्रभावित करने वाली बेमौसम बारिश हुई।

हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे : ज्ञानेंद्र सिंह

आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर) के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया-इस साल मौसम अनुकूल है। मध्य जनवरी और फरवरी की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान, गर्म हवा और बेमौसम बारिश की कोई घटना नहीं हुई। हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नए बीजों की उपलब्धता और किसानों के बीच अधिक जागरूकता के कारण इस साल गेहूं के कुल रकबे के 80 प्रतिशत से अधिक में जलवायु-अनुकूल गेहूं की किस्मों को बोया गया है।

डॉ. मीनेष शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष

नई दिल्ली। डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ. मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ. मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ. मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से समीर कुमार परीदा शामिल हैं।

भारत और सिंगापुर के बीच व्यापार 18.2% बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी जानकारी

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23

के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,750
गिन्नी (प्रति नग)	54,200-54,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	78,500
चांदी तैयार	78,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	70,700
सोना जेवरात गिन्नी	69,700
चांदी पक्की	783 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	70,700
चांदी आभूषण	79,100।

98 प्रतिशत से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● विस्तारा एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने दी जानकारी

विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इस महीने का परिचालन सप्ताहांत तक स्थिर होने की उम्मीद है। चालक दल की कमी के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में एयरलाइंस को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद करनी पड़ीं।

कन्नन ने कहा कि हालात में सुधार हुआ है और इस सप्ताहांत तक अप्रैल, 2024 के बाकी दिनों के लिए परिचालन स्थिर हो जाएगा। पायलटों के लिए नए अनुबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों के मन में अनुबंध को लेकर कुछ चिंताएं और सवाल हैं। कहा कि एयरलाइन चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है और 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा में लगभग 1,000 पायलट हैं। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है।

विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने अपने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने शनिवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थिएरी डेलापोर्टे ने इस्तीफा दे दिया है।

कंपनी ने बताया कि उनके स्थान पर श्रीनिवास पल्लिया को नया सीईओ बनाया गया है। उनकी नियुक्ति सात अप्रैल से पांच वर्षों के लिए प्रभावी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि विप्रो के बोर्ड ने छह अप्रैल, 2024 को डेलापोर्टे के इस्तीफे पर विचार किया और उन्हें 31 मई, 2024 को कंपनी के कामकाज से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाएगा।

पनबिजली क्षमता 2031-32 तक 50% तक बढ़ जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

● विद्युत मंत्रालय ने दावा करते हुए की भविष्यवाणी

वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विद्युत मंत्रालय के

अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी। पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी), जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (आरआर)	04	185
संजू सैमसन (आरआर)	04	178

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

खेल डायरी

स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

चंडीगढ़। भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

मोंटे कार्लो (फ्रांस)। भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

टोरंटो। विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

मुबंई, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत

- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

मुंबई, एजेंसी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, '' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है।'' उन्होंने कहा, '' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''

बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार

विराट कोहली

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर (100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।

जोस बटलर

मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

बेंगलुरु 183/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	113	72	12/4
फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल	44	33	2/2
ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर	01	03	0/0
सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल	09	06	0/1
कैमरन ग्रीन नाबाद	05	06	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

राजस्थान 189/4 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली	00	02	0/0
जोस बटलर नाबाद	100	58	9/4
संजू सैमसन का दयाल बो सिराज	69	42	8/2
रियान पराग का कोहली बो दयाल	04	04	1/0
ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली	02	03	0/0
शिमरोन हेटमायेर नाबाद	11	06	2/0

गेंदबाजी : टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से

अमृत विचार: एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स : कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

बॉलीवुड हलचल

आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ''अख दा तारा'' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ''अख दा तारा'' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।

ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

लाओस में अवैध काम में फंसे 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है।

बता दें, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। विदेश मंत्रालय कहा था, कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। लेकिन अब सभी भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लौट रहे हैं।

सहमति से बनाए संबंध को नहीं कह सकते गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का मामला रद करते हुए की टिप्पणी

आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध से जुड़े दुष्कर्म मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद करने को लेकर दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जब महिला आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने का निर्णय लेती है और इसके परिणामों को जानती हो तो उसे गलत धारणा पर आधारित सहमति नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने कहा कि जब तक कोई स्पष्ट सुबूत न हो तब तक सहमति को गलत धारणा पर आधारित कहना उचित नहीं है। सहमति को लेकर किया गया वादा तत्काल प्रासंगिक होना चाहिए और इसका महिला के यौन कृत्य में शामिल होने के निर्णय से सीधा संबंध होना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता और उसने अदालत की कार्यवाही के दौरान ही आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली और वो दोनों खुशी-खुशी रह रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया कि वह गलत धारणा के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहती थी क्योंकि परिवार के विरोध के कारण आरोपित की ओर से विवाह के लिए अनिच्छा थी। बता दें, शिकायतकर्ता ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर आरोप लगाया था युवक ने बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। कोर्ट ने कहा कि कार्यवाही को रद करने से दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक संबंधों में बेहतर सामंजस्य होगा।

मालदीव ने वस्तुओं के निर्यात पर भारत का आभार जताया

माले। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। मालदीव से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई।

मूसा जमीर ने ट्वीट किया, 'मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दर्शाता है।

मेटा ने नेटफ्लिक्स को दी यूजर के प्राइवेट मैसेज पढ़ने की मंजूरी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ने नेटफ्लिक्स को डेटा के बदले में यूजर्स के प्राइवेट मैसेज एक्सेस करने की मंजूरी दी है। इस बारे में दोनों प्लेटफॉर्म के बीच एक करार हुआ था। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा द्वारा अपने स्ट्रीमिंग व्यवसाय को बंद करने के फैसले के बीच ये खुलासा कुछ कोर्ट दस्तावेज से हुआ है। ये दस्तावेज डिजाइन, प्रौद्योगिकी वेबसाइट गिजमोडो के हाथ लगे हैं। लीक डॉक्यूमेंट में दावा किया गया है कि दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा 2013 में हुआ था। इस एक्सेस के बदले में नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया कि यूजर ने नेटफ्लिक्स की सिफारिशों के साथ कैसे इंटरैक्ट किया, जैसे कि उन्होंने कितनी बार दूसरों को सिफारिशें भेजीं और उन सिफारिशों पर कितने क्लिक प्राप्त हुए।

- आरोपों पर कहा कि नेटफ्लिक्स के साथ उसका समझौता इंडस्ट्री में होने वाला सामान्य करार हैं। हालांकि, उसने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या करार ने नेटफ्लिक्स से प्रतिस्पर्धा में फेसबुक वॉच को बंद करने के निर्णय में कोई भूमिका निभाई है।

मैसेज के बदले नेटफ्लिक्स ने दिए विज्ञापन

रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने फेसबुक पर अपना विज्ञापन खर्च बढ़ा दिया था, जो 2019 की शुरुआत तक लगभग 15 करोड़ डॉलर (करीब 1250 करोड़ रुपए) प्रति वर्ष तक पहुंच गया था। नेटफ्लिक्स के संस्थापक और पूर्व पूर्व सीईओ रीड हेस्टिंग्स ने 2019 के अंत में फेसबुक बोर्ड छोड़ दिया। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इन यानी नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया और बताया कि उसके यूजर्स प्लेटफॉर्म रिकमंडेशन के हिसाब से कैसे इंटरैक्ट करते हैं और कैसे अपनी पंसद-नापसंद का चुनाव करते हैं। इससे पहले, मेटा ने एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू करने का दावा किया था। कहा था कि मैसेंजर और फेसबुक पर सभी व्यक्तिगत चैट और कॉल इंक्रिप्टेड हैं।

क्या बोला मेटा

इस पर मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे के दावे निराधार हैं। गिजमोडो के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच यह दोस्ताना करार एक दशक से चला आ रहा है। यह छिपा नहीं है कि ये नजदीकी साझेदारी कैसे विकसित हुई और इसका प्रबंधक कौन था। 2011-2019 तक नेटफ्लिक्स के तत्कालीन सीईओ हेस्टिंग्स फेसबुक के बोर्ड में शामिल हुए और इस साझेदारी को आगे बढ़ाया।

एक नजर

हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार पर गहन चर्चा

नामपेन्ह। हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत का 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा पर है। बता दें, कि यह यात्रा 2 से 8 अप्रैल तक रहेगी। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत नागेश सिंह द्वारा संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, विश्व हिन्दी परिषद महासचिव डॉ. विपिन और प्रतिनिधिमंडल के लिए चाय की मेजबानी की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कर रहे हैं और पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। इस भेंट के दौरान सभी गणमान्यों के बीच, हिंदी और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर काफी गहरी चर्चा हुई।



मिस्र में फूलों की बहार

काहिरा। अफ्रीकी देश मिस्र में इन दिनों गेंदा, गुड़हल और अन्य प्रजाति के फूलों की कटाई चल रही है। इन फूलों का इस्तेमाल आमतौर पर सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स और पारंपरिक चिकित्सा में होता है। मिस्र से हर साल करीब 4.50 लाख करोड़ रुपये का फूल निर्यात किया जाता है।

पाकिस्तान में 4.5 की तीव्रता से आया भूकंप, दहशत में आए लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए हैं। शनिवार शाम चार बजकर 13 मिनट पर पड़ोसी मुल्क में धरती डोली, जिससे लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.5 रही। भूकंप के कारण कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। बता दें, कुछ दिन पहले ताइवन में भूपंक से कई क्षेत्र तबहा हो गए थे।

पाकिस्तान में आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में पुलिस उपाधीक्षक और कांस्टेबल की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि आतंकवादियों ने लक्की मरवत जिले के मंजीवाला चौक के निकट पुलिस वाहन पर हमला किया, जिसमें डीएसपी गुल मोहम्मद खान और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि अफगानिस्तान सीमा के निकटवर्ती क्षेत्र में हमला हुआ है, जिससे आतंकी सीमा लांघ कर दूसरी ओर भाग गए। बता दें, हाल के दिनों में प्रांत के दक्षिणी जिलों में आतंकवाद हमलों में वृद्धि हुई है।

राजनाथ के बयान पर बौखलाया पाक बोला-अपनी संप्रभुता की रक्षा को तैयार

रक्षा मंत्री ने कहा था- शांति भंग करने वाले आतंकियों को पड़ोसी देश में घुसकर मारेंगे

कराची, एजेंसी

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 'घर में घुसकर मारने' वाली टिप्पणी पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने राजनाथ सिंह की 'भड़काऊ टिप्पणियों' की निंदा की और भारत को 2019 की घटना याद दिलाई।

दरअसल, शुक्रवार को राजनाथ सिंह ने आतंकवाद को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत की शांति भंग करने या नुकसान पहुंचाने वाले आतंकी अगर पाकिस्तान भी भाग गए तो भारत पड़ोसी देश में घुसकर उन्हें मारेगा। राजनाथ सिंह का यह बयान गार्जियन की रिपोर्ट के बाद आया है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि 2020 से अब तक पाकिस्तान में भारत ने 20 आतंकियों तो मार गिराया है। भारत, पुलवामा हमले के बाद काफी आक्रमक हो गया था। राजनाथ सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा 'पाकिस्तान के अंदर मनमाने ढंग से आतंकवादी करार दिए गए नागरिकों की मारने की भारत की तैयारी स्पष्ट रूप से दोषी होने का कबूलनामा है। पाकिस्तान किसी भी आक्रामकता के खिलाफ अपनी देश की रक्षा करने के लिए तैयार है। पाक बोला- 2019 में हमने भारत के घुसपैठ का करारा जवाब दिया था। यह भारत के खोखले दावों को उजागर करता है। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में कहा था कि उसके दो नागरिकों की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के विश्वसनीय सबूत हैं।

पाकिस्तान में अबतक इन आतंकवादियों की हो चुकी है हत्या

1. बशीर अहमद पीर : पाकिस्तान में 20 फरवरी 2023 को हिजबुल मुजाहिद्दीन के शीर्ष कमांडर बशीर अहमद पीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। **2. खालिद रजा :** 28 फरवरी 2023 को जम्मू कश्मीर में अल-बद्र नाम के आतंकी संगठन का पूर्व कमांडर खालिद रजा पाकिस्तान के कराची में ढेर हो गया। **3. सैयद नूर शालोबर :** कश्मीर में आतंकवाद फैलाने वाले सैयद नूर शालोबर किए 4 मार्च 2023 को हत्या कर दी गई। **4. सरदार हुसैन :** 1 अगस्त 2023 को हाफिज सईद से जुड़ा आतंकवादी सरदार हुसैन अरेन की कराची में हत्या कर दी गई। **5. अबु कासिम :** भारत में वांछित आतंकवादी हाफिज सईद का करीबी अबु कासिम को 8 सितंबर 2023 को अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मार दी। **6. शाहिद लतीफ :** पठानकोट हमले का मास्टरमाइंड आतंकी शाहिद लतीफ की 11 अक्टूबर 2023 को हत्या कर दी गई। **7. मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज :** आईएसआई एजेंट मुल्ला बाहौर उर्फ होर्मुज की 11 अक्टूबर 2023 हत्या कर दी गई। **8. दाऊद मलिक :** 20 अक्टूबर को उत्तरी वजीरिस्तान में मसूद अजहर का एक और करीबी आतंकी दाऊद मलिक मारा गया। **9. मोहम्मद सलीम :** 23 अक्टूबर 2023 को दाऊद इब्राहिम का गुर्गा मोहम्मद सलीम मारा गया। **10. ख्वाजा शाहिद :** 5 नवंबर 2023 को आतंकी ख्वाजा शाहिद पीओके में उसके घर में मृत पाया गया। **11. अकरम खान :** 9 नवंबर 2023 को आतंकी अकरम खान उर्फ अकरम गाजी की हत्या कर दी गई। **12. तारिक रहीम :** 12 नवंबर 2023 को जैश कमांडर मौलाना तारिक रहीम उल्लाह तारिक को गोली मार दी गई। **13. मोहम्मद मुजम्मिल :** 14 नवंबर 2023 को सियालकोट में अज्ञात हमलावरों ने लश्कर के आतंकी मोहम्मद मुजम्मिल को गोली मारकर मौत के घाट उतारा दिया। **14. हंजला अदनान :** 6 दिसंबर 2023 को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी हंजला अदनान की कराची में हथियारों से लैस लोगों ने हत्या कर दी।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

रायपुर। तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर शनिवार को बड़ा नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

अब बच्चे के जन्म पर माता पिता दोनों देंगे धर्म का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था

अब बच्चे के जन्म के रजिस्ट्रेशन में माता और पिता के धर्म का ब्योरा अलग- अलग दर्ज होना जरूरी होगा। अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था। गृह मंत्रालय ने इस बारे में मसौदा तैयार किया है। मसौदा राज्यों को भी भेजा गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया है कि, प्रस्तावित फॉर्म नंबर-1 में बच्चे के परिवार के धर्म के साथ-साथ एक कॉलम और जोड़ा गया है जिसमें माता-पिता के धर्म का उल्लेख होगा।

गोद लेने की प्रक्रिया में भी फॉर्म नंबर- 1 जरूरी होगा। पिछले साल पारित जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) कानून के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर जन्म और मृत्यु का पंजीयन होगा। 1 अक्टूबर 2023 से प्रभावी हुए इस कानून के अनुसार जन्म और मृत्यु का डिजिटल रजिस्ट्रेशन होगा। बच्चे के माता-पिता के धर्म के बारे में जानकारी सांख्यिकी विभाग के साथ साझा होगी। इस डेटाबेस से आधार, एनपीआर और वोटर लिस्ट भी अपडेट होगी

जानकारी के अनुसार जन्म रजिस्ट्रेशन के नए फॉर्म नंबर-1 से

मिले डेटाबेस के आधार पर एनपीआर (नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर), आधार कार्ड, वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज को भी अपडेट किया जा सकेगा। जन्म का यह डिजिटल सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट (एकल दस्तावेज) के रूप में मान्य होगा। ये किसी भी शिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए जन्म का मान्य दस्तावेज भी होगा। गृह मंत्रालय के तहत आरजीआई ने मृत्यु प्रमाण-पत्र में अब मृत्यु के तात्कालिक कारणों के साथ-साथ पुरानी बीमारी के उल्लेख को भी जरूरी किया है। आरजीआई देश भर में जन्म और मृत्यु के डेटा का संधारण राष्ट्रीय स्तर पर करेगा। आरजीआई को राज्यों के चीफ रजिस्ट्रार से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन के अधिकार भी सौंपे गए हैं।

असामान्य बर्फबारी...

कैलिफोर्निया : अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बिग बेयर माउंटेन रिजॉर्ट में भीषण बर्फबारी का दौर अब तक जारी है। एक हफ्ते में इस क्षेत्र में दो फीट बर्फबारी हुई। यह असामान्य है, क्योंकि मार्च के आखिर तक बर्फबारी थमने लगती है। अभी आगे भी एक से दो दौर तक अच्छी बर्फबारी के आसार हैं। कैलिफोर्निया के मौसम विभाग के मुताबिक सर्दियों में जमकर बारिश हुई थी। उसके बाद अक्टूबर के आखिर से ही बर्फबारी होने लगी। यह घटनाएं भी असामान्य रहीं। आमतौर पर बर्फबारी नवंबर से शुरू होती है। ● एजेंसी

बाइडन की चेतावनी के बाद नेतन्याहू सीमा खोलने पर राजी

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के बाद इजराइल के तेवर नरम पड़ गए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों तक मानवीय सहायता पहुंचाने की दिशा में कदम उठा रहा है। एक अधिकारी ने उत्तरी गाजा के बीच इरेज क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मंजूरी दी है।



साथ ही इजराइली पोर्ट अशदोद के इस्तेमाल की भी इजाजत रहेगी। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया गया कि किन वस्तुओं को आने दिया जाएगा और किस मात्रा में आने दिया जाएगा। इससे पहले, व्हाइटहाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि दोनों जगहों के अलावा इजराइल ने जॉर्डन से भी मदद में वृद्धि करने पर सहमति जताई है। बता दें कि गुरुवार को फोन पर नेतन्याहू से बाइडन ने कहा था कि गाजा में युद्ध के लिए भविष्य में अमेरिकी समर्थन नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इजराइल की ओर से कदम उठाए जाने पर निर्भर करेगा। जंग के चलते गाजा में हालात खराब हैं और भुखमरी फैली है।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, जांच जारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने घटना की दी जानकारी

अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों की मौतें हो रही हैं। एक और अमेरिकी राज्य ओहियो में एक भारतीय छात्र की मौत की खबर आई है। इसकी जानकारी न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को दी। दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है। हमारा भारत में परिवार के संपर्क में बना हुआ है। टीआरए सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। वहीं, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

वाणिज्य दूतावास ने कहा कि मृतक छात्र के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की गई है, वहीं, छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ओहियो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की मौतें बढ़ रही हैं। इससे पहले मार्च में, एक 25 वर्षीय भारतीय छात्र अमेरिका के क्लीवलैंड इलाके से लापता हो गया था, जिसके कुछ दिन बाद पीड़ित के परिवार से फोन करके फिरौती मांगी गई थी।

केरल में प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या 10 लोग गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुवातुपुझा में एक मॉब लिंचिंग का कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। मृतक नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसके मुताबिक, दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

विज्ञान नए शोध से हुआ खुलासा, हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट की रहती है संभावना

ब्रह्मांड के सौवें हिस्से में हर सेकंड में होता है सुपरनोवा विस्फोट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: सुपरनोवा विस्फोट से उत्पन्न होने वाले विकिरण से पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरे की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। ब्रह्मांड में प्रत्येक सेकंड में सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है, जबकि हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट होने की संभावना रहती है।

हाल में हुए शोध में यह जानकारी सामने आई है। पृथ्वी बाहरी खतरों से कभी भी अछूती नही रही है। क्षुद्रग्रहों से अनगिनत मार सहती रही है। मगर इन सब में ऊपर एक बड़ा खतरा सुपरनोवा से है। जिससे उत्पन्न विकिरण पृथ्वी पर जीवन के लिए भयानक खतरा हो सकता है। सुपरनोवा विस्फोट सूर्य से कई गुना बड़े तारों में होता है। यह विस्फोट तारे के अंत समय में होता है।

सुपरनोवा विस्फोट के बाद का दृश्य।

यानि विस्फोट के साथ उसकी मौत हो जाती है। सूर्य के आकार के बराबर तारों की बात करें तो उनके अंत समय के बाद वह सफेद बौना तारे में बदल जाते हैं, लेकिन सूर्य से आठ गुना विशाल तारे की मौत सुपरनोवा विस्फोट के साथ बेहद हिंसक रूप से होती है। सुपरनोवा विस्फोट से होने वाले खतरे की संभावना को लेकर किए अध्ययन के मुताबिक किसी भी आकाशगंगा में सुपरनोवा विस्फोट की घटना एक शताब्दी में केवल कुछ ही बार घटित होती है। ये हिंसक विस्फोट आम तौर पर इतने दूर होते हैं कि पृथ्वी पर लोगों को इसका पता ही नहीं चलता। किसी मरते हुए तारे का हमारे ग्रह पर जीवन पर प्रभाव डालने के लिए उसे पृथ्वी से 100 प्रकाश वर्ष के भीतर ये घटना होनी चाहिए।

यदि यह दूरी 30 प्रकाश वर्ष के भीतर हो तो पृथ्वी के जीवों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ एस्ट्रोनॉमी व एरिज़ोना यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के सामुहिक शोध के अनुसार ब्रह्मांड में 100 अरब आकाशगंगाओं में कहीं न कहीं एक सेकंड के सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है।

2.5 मिलियन वर्ष पूर्व सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र में खोजे

खगोलविदों ने 300 प्रकाश वर्ष दूर एक सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र की गहराई से खोज निकाले हैं। यह विस्फोट 2.5 मिलियन वर्ष पहले हुआ था। समुद्र तल की तलछट में फंसे रेडियोधर्मी परमाणु इस घटना के स्पष्ट संकेत हैं। विस्फोट में गामा किरणों के विकिरण ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस घटना ने जलवायु को ठंडा कर दिया होगा। जिससे कुछ प्राचीन प्रजातियाँ विलुप्त हो गईं।

जयपुर में बांग्लादेशी की किडनी निकाली फिर गुरुग्राम भेजा

गुरुग्राम। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को गुरुग्राम में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया। यह रैकेट जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल के गेस्ट हाउस में छापा मारा तो एक बांग्लादेशी मो. शमीम नामक युवक मिला। इसकी किडनी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में निकाली गई और फिर डे-केयर के लिए गुरुग्राम के होटल में रखा गया था।

टीम ने बाद में 4 और किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज पकड़े। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक रोहित सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन चौधरी ने बताया कि एक होटल में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापा मारा गया।

भारत, अमेरिका के चुनाव को एआई से प्रभावित करेगा चीन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने दी चेतावनी

प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव में रुकावट डालने की कोशिश करेगा। चीन ने ऐसा ही कुछ जनवरी में ताइवान में हुए चुनाव में भी किया था। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि चीन कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए मतदाताओं का राजनीतिक पार्टियों की तरफ झुकाव बदलने या उन्हें भटकाने करने की कोशिश करेगा।

वह सोशल मीडिया पर ऐसा कंटेंट पोस्ट करेगा, जिससे चुनावों के दौरान जनता की राय चीन के पक्ष में हो सके। सीमा विवाद के चलते भारत में पड़ोसी देश के तौर पर चीन की छवि अच्छी नहीं है। चीन एआई के जरिए छवि बदलने की कोशिश करेगा। माइक्रोसॉफ्ट थ्रेट इंटेलिजेंस टीम के मुताबिक, चीन समर्थित साइबर ग्रुप्स उत्तर कोरिया के साथ मिलकर 2024 में होने वाले कई देशों के चुनावों को निशाना बनाने वाले हैं। चीन यही हथकंडा अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में भी इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है।

63 देशों में होने वाले चुनाव का फायदा उठाएगा चीन

2024 दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे अहम साल साबित होने जा रहा है। इस साल 63 देशों (और यूरोपीय यूनियन) में राष्ट्रपति और संसदीय चुनाव होंगे। दुनिया की कुल आबादी का 49 फीसदी हिस्सा मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करेगा। ब्रिटिश मीडिया द गार्जियन ने रिपोर्ट में लिखा कि माइक्रोसॉफ्ट ने चेतावनी दी है कि चीन की इस हरकत का प्रभाव आने वाले समय में बढ़ेगा।